राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...




11 ▶ आलिया भट्ट की सोहम शाह की ...



धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर... ◀ 12


गाजियाबाद, सोमवार 27 जुलाई 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 140, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12


## न्यूज डायरी

### पेपर लीक के बाद अब ई-20 ईंधन नीति के खिलाफ तहसीन पूनावाला का आंदोलन, 31 जुलाई को दिल्ली में गाड़ी मार्च-गांधी मार्च का ऐलान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर हुए आंदोलन के बाद अब टीम भारत के संस्थापक तहसीन पूनावाला ने ई-20 ईंधन नीति के विरोध में नया अभियान शुरू करने की घोषणा की है। उन्होंने 31 जुलाई को दिल्ली में गाड़ी मार्च-गांधी मार्च निकालने का ऐलान करते हुए केंद्र सरकार से ई-20 नीति की समीक्षा और इसमें बदलाव की मांग की है।

पूनावाला ने कहा कि प्रस्तावित मार्च इंडिया गेट से





शुरू होकर संसद मार्ग तक जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन के दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के कार्यालय और आवास के बाहर भी प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपनी कार और बाइक के साथ इस आंदोलन में शामिल होने की अपील की।

उन्होंने आरोप लगाया कि ई-20 नीति को सही तरीके से लागू नहीं किया गया है और इससे कई वाहन मालिक प्रभावित हो रहे हैं। उनका कहना है कि उपभोक्ताओं को अपनी जरूरत के अनुसार ईंधन चुनने का विकल्प मिलना चाहिए तथा नीति से जुड़े सभी दस्तावेज सार्वजनिक किए जाने चाहिए। तहसीन पूनावाला ने दावा किया कि नीति में आवश्यक सुधार किए जाएं तो लोगों को 80 से 90 रुपये प्रति लीटर की दर पर शुद्ध और बिना मिलावट वाला पेट्रोल उपलब्ध कराया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह आंदोलन केवल ईंधन की कीमतों का नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं के अधिकार, विकल्प और पारदर्शिता से जुड़ा मुद्दा है। उन्होंने अपनी प्रमुख मांगों में ई-10 वाहनों के लिए ई-10 पेट्रोल की उपलब्धता सुनिश्चित करने, ई-20 पेट्रोल की कीमतों में कमी, शुद्ध (ई-0) पेट्रोल को सस्ता करने, ई-20 नीति से जुड़े दस्तावेज सार्वजनिक करने तथा वर्ष 2023 से पहले निर्मित उन वाहनों के लिए समाधान की मांग शामिल की है, जिन पर ई-20 मिश्रित पेट्रोल का प्रभाव पड़ रहा है। इसके अलावा पूनावाला ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी पर एथेनॉल से जुड़े मामलों में हितों के टकराव का भी आरोप लगाया। हालांकि, इस आरोप पर संबंधित पक्ष की प्रतिक्रिया समाचार लिखे जाने तक सामने नहीं आई थी।

### नीट विवाद पर कांग्रेस का केंद्र पर हमला, छात्रों से माफी मांगें प्रधानमंत्री : केसी वेणुगोपाल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नीट पेपर लीक विवाद और छात्र आंदोलन को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई के लिए सार्वजनिक माफी की मांग की है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि विपक्ष संसद के आगामी सत्र में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाएगा और सरकार से जवाब मांगेगा।

केरल के अलप्पुझा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान वेणुगोपाल ने कहा कि दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ हुई पुलिस कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं थी। उनका कहना था कि छात्रों को अपनी मांग रखने का अधिकार है और



उनकी आवाज सुनने के बजाय उन पर कार्रवाई करना उचित नहीं है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संसद सत्र से पहले विपक्षी दलों की बैठक बुलाई है। इस बैठक में नीट विवाद, छात्र आंदोलन और अन्य प्रमुख मुद्दों पर संयुक्त रणनीति तैयार की जाएगी, ताकि संसद में सरकार को प्रभावी ढंग से घेरा जा सके। वेणुगोपाल ने कहा कि केंद्र सरकार परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए प्रस्तावित कानून का मसौदा राज्यों और संबंधित पक्षों के साथ साझा कर चुकी है। उन्होंने माना कि परीक्षा व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है, लेकिन यह सुधार छात्रों की चिंताओं की अनदेखी कर या उनकी आवाज दबाकर नहीं किया जा सकता।

# प्रह्लाद जोशी ने संभाला शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार, कार्यभार ग्रहण करते ही अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने रविवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री

> **राष्ट्रपति द्वारा पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा स्वीकार किए जाने के बाद प्रधानमंत्री की सलाह पर प्रह्लाद जोशी को शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया**

के रूप में अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने शिक्षा



मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर मंत्रालय के विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। यह जिम्मेदारी उन्हें ऐसे समय मिली है, जब देश में प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन और शिक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक चर्चा जारी है। राष्ट्रपति द्वारा पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा स्वीकार किए जाने के बाद प्रधानमंत्री की सलाह पर प्रह्लाद जोशी को शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को अपने पद से इस्तीफा देते हुए हाल की घटनाओं की नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार की थी। उन्होंने कहा था कि यह उनके लिए व्यक्तिगत प्रतिष्ठा का विषय नहीं, बल्कि जिम्मेदारी का सवाल है। धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा ऐसे समय आया है, जब नीट पेपर लीक विवाद को लेकर देश के विभिन्न हिस्सों में छात्र आंदोलन और राजनीतिक गतिविधियां तेज रही हैं। प्रदर्शनकारियों की ओर से शिक्षा व्यवस्था में सुधार और जवाबदेही की मांग की जा रही थी।

## इस्तीफे के बाद धर्मेंद्र प्रधान से मिलने पहुंचे अमित शाह, निर्मला सीतारमण, राजनाथ सिंह और पीयूष गोयल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री पद से धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उनके प्रति एकजुटता और समर्थन का संदेश दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता उनके आवास पहुंचे और उनसे मुलाकात की। भाजपा नेताओं ने धर्मेंद्र प्रधान के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने देश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पार्टी का कहना है कि उनका इस्तीफा सार्वजनिक जीवन में नैतिक जिम्मेदारी और जवाबदेही का उदाहरण है।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं की भावनाओं का सम्मान करती है और परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाओं के खिलाफ सरकार सख्त कार्रवाई करने के पक्ष में है और शिक्षा क्षेत्र में धर्मेंद्र प्रधान के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि पार्टी धर्मेंद्र प्रधान के साथ मजबूती से खड़ी है। उनके अनुसार, व्यापक जनहित को प्राथमिकता देते हुए लिया गया यह निर्णय



सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी, जिम्मेदारी और निस्वार्थ सेवा की भावना को दशार्ता है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान का कार्यकाल विकसित भारत के लक्ष्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान को दूरदर्शी और समावेशी बताते हुए उनकी कार्यशैली की सराहना की।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी धर्मेंद्र प्रधान के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि देश के शिक्षा तंत्र का नेतृत्व करना एक बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे उन्होंने स्पष्ट दृष्टि और दृढ़ संकल्प के साथ निभाया।

भाजपा नेताओं ने कहा कि राजनीतिक परिस्थितियों के बीच लिया गया यह फैसला संगठन की जवाबदेही और नैतिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है तथा पार्टी धर्मेंद्र प्रधान के साथ पूरी मजबूती से खड़ी रहेगी।

## कारगिल विजय दिवस पर राजनाथ का पाकिस्तान को कड़ा संदेश, बोले- पीओके पर ही होगी हर बातचीत

**श्रीनगर/जम्मू (आरएनएस)।** कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ पर द्रास स्थित कारगिल युद्ध स्मारक में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को सख्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच यदि भविष्य में कोई वार्ता होती है तो उसका विषय केवल पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर (क्कश्य) का मुद्दा होगा।

रक्षा मंत्री ने कहा कि हाल के ऑपरेशन सिंदूर ने यह साबित कर दिया है कि भारत किसी भी उकसावे या दुस्साहस का पाकिस्तान की अपेक्षा से कहीं अधिक प्रभावी जवाब देने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि अब भारत आतंकवादियों और उन्हें संरक्षण देने वाली सरकारों के बीच कोई अंतर नहीं करता, क्योंकि पाकिस्तान ने आतंकवाद को अपनी राज्य नीति का हिस्सा बना लिया है।



> **रराजनाथ सिंह ने कहा कि पिछले 27 वर्षों में भारत और पाकिस्तान की दिशा पूरी तरह बदल चुकी है। उन्होंने कहा कि जहां भारत नवाचार, स्टार्टअप, सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष और डिजिटल तकनीक के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है, वहीं पाकिस्तान आतंकवाद, घुसपैठ और कट्टरपंथ को बढ़ावा देने में लगा है**

राजनाथ सिंह ने कहा कि पिछले 27 वर्षों में भारत और पाकिस्तान की दिशा पूरी तरह बदल चुकी है। उन्होंने कहा कि जहां भारत नवाचार, स्टार्टअप, सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष और डिजिटल तकनीक के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है, वहीं पाकिस्तान आतंकवाद, घुसपैठ और कट्टरपंथ को बढ़ावा देने में लगा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सशस्त्र बलों को देश की सुरक्षा के लिए हर खतरे का निर्णायक जवाब देने की पूरी स्वतंत्रता दी है और सीमा सुरक्षा के मुद्दे पर किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए रक्षा मंत्री ने परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा, कैप्टन मनोज कुमार पांडे सहित सभी वीर जवानों के बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस युवाओं को राष्ट्रसेवा, साहस और समर्पण की प्रेरणा देता है। विकसित भारत-2047 के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल आर्थिक प्रगति का संकल्प नहीं, बल्कि रणनीतिक शक्ति, सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक एकता का भी प्रतीक है।



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने महाराष्ट्र के मुंबई में नरीमन पॉइंट पर नए इनकम टैक्स ऑफिस कॉम्प्लेक्स 'आयकर सिंधु' के उद्घाटन के दौरान 'एक पेड़ माँ के नाम' पहल के तहत एक पौधा लगाया।

## साल में फीस और ट्यूशन का खर्च आय से भी तेज बढ़ा : जयराम रमेश

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में शिक्षा की बढ़ती लागत अब आम परिवारों के लिए सबसे बड़ा आर्थिक बोझ बन गई है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी यानी सीएमआईई ने 2014/15 से 2025/26 तक के घरेलू व्यय के आंकड़ों का विश्लेषण कर जो रिपोर्ट जारी की है, उसने सरकार और नीति-निमार्ताओं को

> **दूसरा, घरों का बजट अब पहले जैसा नहीं रहा - शिक्षा की हिस्सेदारी लगातार बढ़ी है**

सोचने पर मजबूर कर दिया है। कांग्रेस नेता जय राम रमेश ने इस रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि शिक्षा अब सिर्फ सुविधा नहीं, बल्कि एक बड़ा आर्थिक संकट बनती जा रही है। सीएमआइई के मुताबिक पिछले एक दशक में शिक्षा पर होने वाला खर्च घरेलू आय की तुलना में कई गुना तेजी से बढ़ा है। यानी आपकी सैलरी जितनी बढ़ी, उससे कहीं ज्यादा स्कूल-कॉलेज और ट्यूशन की फीस बढ़ गई। इसी वजह से परिवार अब अपनी कुल आय का पहले से कहीं बड़ा हिस्सा सिर्फ बच्चों की पढ़ाई पर खर्च करने को मजबूर हैं। जयराम रमेश ने सीएमआईई डेटा के 5 सबसे अहम बिंदु गिनाए। पहला, शिक्षा पर खर्च आय से तेजी से बढ़ रहा है। दूसरा, घरों का बजट



अब पहले जैसा नहीं रहा - शिक्षा की हिस्सेदारी लगातार बढ़ी है। तीसरा, निजी ट्यूशन शिक्षा पर खर्च का सबसे तेजी से बढ़ता हिस्सा बन गया है। कोचिंग और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी अब बिना ट्यूशन के संभव ही नहीं मानी जा रही। चौथा बिंदु सबसे ज्यादा चौंकाने वाला है। सीएमआईई कहता है कि पिछले 10 साल में स्कूल और कॉलेजों की फीस में हर साल जो बढ़ोतरी हुई है, वो उसी साल हुई घरेलू आय की बढ़ोतरी से भी ज्यादा रही है। यानी आमदनी 5त्न बढ़ी तो फीस 8-10त्न बढ़ गई। पांचवां, किताबों पर खर्च सबसे तेजी से बढ़ा है। पाठ्यपुस्तकों और रेफरेंस बुक्स की कीमतें आसमान छू रही हैं। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मॉक टेस्ट, स्टडी मटेरियल और ऑनलाइन कोर्स पर भी अभिभावक मोटा खर्च कर रहे हैं। हाल के हफ्तों में जंतर-मंतर और देश के कई शहरों में छात्र सड़कों पर उतरे। आंदोलन की तात्कालिक वजह प्रधानमंत्री और पूर्व शिक्षा मंत्री की जोड़ी पर लगी "धांधलीपूर्ण परीक्षा व्यवस्था" के आरोप थे। पेपर लीक, रद्द परीक्षाएं और नतीजों में गड़बड़ी को लेकर छात्रों का गुस्सा फूटा। लेकिन जयराम रमेश ने कहा कि सीएमआईई के आंकड़े बताते हैं कि मामला सिर्फ पेपर लीक तक सीमित नहीं है। युवाओं और उनके माता-पिता की पीड़ा की जड़ें बहुत गहरी हैं। एक तरफ शिक्षा की पहुंच यानी सीटें, कॉलेज, क्वालिटी की समस्या है। दूसरी तरफ सामर्थ्य यानी फीस भरने की क्षमता की समस्या है। जब फीस, किताब और कोचिंग मिलाकर एक बच्चे की पढ़ाई पर सालाना लाखों का खर्च आने लगे, तो मध्यम वर्ग का बजट चरमरा जाता है।

**बड़ी सौगात** | सीएम योगी जी के नेतृत्व में विकास की नई संस्कृति स्थापित हुई : धीरेंद्र सिंह

# मुख्यमंत्री की त्वरित विकास योजना से जेवर विधानसभा को बड़ी सौगात, चीती व राजपुर कला में बनेंगे अत्याधुनिक उत्सव भवन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (एन.जी.वर्मा)।** जेवर विधानसभा क्षेत्र के दनकौर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम चीती एवं राजपुर कला के ग्रामीणों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए बड़ी सौगात मिली है। मुख्यमंत्री ने त्वरित विकास योजना के तहत स्वीकृत दी हैं। अत्याधुनिक उत्सव भवनों का भूमि पूजन रविवार को जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि-विधान के साथ संपन्न कराया।

लोक निर्माण विभाग (ढहऊ) द्वारा लगभग ?148 लाख की लागत से बनने वाले दोनों उत्सव भवनों का निर्माण कार्य अगले छह माह में पूरा किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। निर्माण पूर्ण होने के बाद इन्हें क्षेत्रवासियों को समर्पित किया जाएगा। भूमि पूजन के अवसर पर विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में विकास की नई कार्यसंस्कृति स्थापित हुई है, जिसमें प्रत्येक क्षेत्र की आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार



पर पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्राम चीती और राजपुर कला में बनने वाले उत्सव भवन सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक विरासत और सामुदायिक एकता के प्रमुख केंद्र बनेंगे। इन भवनों में विवाह समारोह, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ जनहित से जुड़े विभिन्न आयोजन भी सुगमता से संपन्न हो सकेंगे, जिससे ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जेवर विधानसभा की जनभावनाओं

> **ग्राम चीती और राजपुर कला में बनने वाले उत्सव भवन सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक विरासत और सामुदायिक एकता के प्रमुख केंद्र बनेंगे। इन भवनों में विवाह समारोह, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ जनहित से जुड़े विभिन्न आयोजन भी सुगमता से संपन्न हो सकेंगे**

का सम्मान करते हुए इस महत्वपूर्ण परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जेवर विधानसभा लगातार विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है और क्षेत्र को एक के बाद एक महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की

# गन्ने के खेत में मिली बिना नंबर की मोटरसाइकिल, क्षेत्र में मचा हड़कंप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मिल्क खुर्द भटौला में रविवार सुबह गन्ने के खेत में बिना नंबर की अपाचे मोटरसाइकिल मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मोटरसाइकिल को गन्ने के खेत से निकलवाकर कब्जे में ले लिया और कोतवाली ले आई।



जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह गांव के कुछ बच्चे शौच के लिए खेतों की ओर गए थे। इसी दौरान उन्होंने जसवीर सिंह पुत्र उमराव सिंह के गन्ने के खेत में बिना नंबर की मोटरसाइकिल खड़ी देखी। बच्चों ने लौटकर इसकी सूचना जसवीर सिंह को दी। जसवीर सिंह ने बताया कि उक्त जमीन सुनील पालीवाल से लगान पर लेकर खेती की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से मोटरसाइकिल को खेत से बाहर निकलवाकर कोतवाली ले गई।कोतवाली पुलिस के अनुसार, मोटरसाइकिल के संबंध में जांच की जा रही है और अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि मोटरसाइकिल किसकी है और वह खेत में कैसे पहुंची।

## भाजपा सरकार की नीतियों पर सपा का हमला, संगठन विस्तार पर रहा विशेष जोर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**छतारी।** कस्बे के मोहल्ला गोपालगंज स्थित समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष शमशुद्दीन सैफी के आवास पर रविवार को पार्टी कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में हिंदू-मुस्लिम एकता, संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकताओं ने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को पार्टी मंच के माध्यम से शासन-प्रशासन तक प्रभावी ढंग से उठाने का संकल्प भी लिया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष शर्मा ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना की।



## धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे से लोकतंत्र की जीत, भाजपा की तानाशाही को छात्रों ने झुकाया: अफशान राणा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सिकंदराबाद।** NEET, NET और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार पेपर लीक और भ्रष्टाचार के खिलाफ छात्रों के लंबे आंदोलन के बाद आखिरकार केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा। छात्र नेता अफशान राणा ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि "यह छात्रों की एकता और लोकतंत्र की जीत है"। भाजपा की तानाशाह सरकार को आखिरकार अपनी हार माननी पड़ी। छात्रों ने सड़क से लेकर सोशल मीडिया तक आवाज उठाई, जिसके दबाव में सरकार को झुकना पड़ा।"उन्होंने कहा कि "पिछले कई महीनों से छात्र अपने भविष्य के लिए संघर्ष कर रहे थे। पेपर लीक से लाखों छात्रों का जीवन बर्बाद हो रहा था। जब हमने सोनम वांचुक जी के समर्थन में आवाज उठाई तो हमें 6 दिन तक हाउस अरेस्ट भी किया गया, राहुल गांधी जी पर भी हमले हुए। लेकिन छात्रों ने हार नहीं मानी।"



अफशान राणा ने आगे कहा कि "धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा सिर्फ एक मंत्री का जाना नहीं है, यह भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ छात्रों की जीत है। लेकिन अभी संघर्ष खत्म नहीं हुआ। हम मांग करते हैं कि नई शिक्षा नीति में पारदर्शिता लाई जाए और पेपर लीक करने वालों को कड़ी सजा मिले।"उन्होंने देश भर के छात्रों को बधाई देते हुए कहा "यह जीत आपकी है। जब छात्र एकजुट हो जाएं तो कोई भी तानाशाही ज्यादा दिन नहीं टिक सकती।

# अवैध खनन पर खनन विभाग का बड़ा एक्शन, एक लोडर व तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** अवैध खनन के खिलाफ खनन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मिट्टी का अवैध खनन कर रहे एक लोडर और तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। संयुक्त कार्रवाई के दौरान सभी वाहनों को कब्जे में लेकर सलेमपुर थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया, जबकि मौके का फायदा उठाकर खनन माफिया फरार हो गए।



जानकारी के अनुसार, खनन अधिकारी बृजमोहन के नेतृत्व में की गई छापेमारी में गांव बदनौरा के जंगल में रात के अंधेरे में अवैध मिट्टी खनन किए जाने की सूचना पर कार्रवाई की गई। टीम ने मौके से एक लोडर मशीन और तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया। जिला खनन अधिकारी बृजमोहन ने कहा कि जनपद में अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में आगे भी लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। खनन विभाग और सलेमपुर थाना प्रभारी नितिन जावला की इस संयुक्त कार्रवाई से अवैध खनन से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है। थाना पुलिस मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

## श्रीराम कथा में अत्रि ऋषि और माता अनुसूया प्रसंग का हुआ भावपूर्ण वर्णन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** नगर के शैलेश फार्म स्थित दीपक कुमार गर्ग के आवास पर चल रहे श्रीराम चरितमानस पाठ में श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और भक्ति के साथ श्रीराम कथा का रसपान किया। कथा व्यास रामकेश सिंह तोमर ने अरण्यकांड का वर्णन करते हुए चित्रकूट के उस प्रसंग को विस्तार से सुनाया, जब भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण मुनि अत्रि एवं माता अनुसूया के आश्रम से विदा लेने पहुंचे।



उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ने प्रस्थान से पूर्व विनम्रतापूर्वक मुनि अत्रि और माता अनुसूया के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद एवं आज्ञा प्राप्त की। कथा व्यास ने बताया कि संपूर्ण सृष्टि के पालनहार भगवान श्रीराम की ऐसी विनम्रता देखकर स्वयं महर्षि अत्रि भाव-विभोर हो गए। उन्होंने कहा कि श्रीराम का जीवन हमें संस्कार, मयार्दा, विनम्रता तथा गुरुजनों और संतों के प्रति सम्मान का संदेश देता है, जिसे प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के बीच प्रभु श्रीराम के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर यजमान दीपक कुमार गर्ग, सुधीर गोयल, अभिषेक अग्रवाल, धीरज वाडीलाल, डॉ. आयुष गर्ग, अखिलेश मित्तल, अजय गोयल, राजेंद्र मित्तल, हरि कुमार, सीताराम, परमात्मा शरण, जगदीश शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## अदबी एकता कौंसिल के अध्यक्ष जी पी सिंह सफर के 75 वें जन्मदिन पर गंगा जमुनी कवि सम्मेलन व मुशायरे का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**खुर्जा।** 'अदबी एकता काउंसिल' के अध्यक्ष जी. पी. सिंह 'सफर' के 75 वें जन्मदिन पर एक भव्य मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन उनके उदय फार्म हाउस, झाझर रोड पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक

**अपने वतन पे जान लुटाते रहेंगे हम: जी पी सिंह सफर**

बुधपाल सिंह सजग ने की और संचालन सैयद अली अब्बास नौगांवी ने किया। आफाक हाशमी सेक्रेटरी, शमा रोशन, गुफरान राशिद, महफूज इकबाल रमेश प्रसन्न आदि ने रिबन काट कर उदघाटन किया। विशिष्ट अतिथि (मेहमान-ए-जीवकार) प्रताप राघव रहे। शायर व कवियों का पसंदीदा कलाम पाठकों की सेवा में प्रस्तुत है।"तेरी नजर के बाद ही खुद से मिली हूँ मै। बरसों से अपने आप में तन्हा रही हूँ मैं रुद्राक्ष शर्मा"सिर्फ अपने लिये जीना भी क्या जीना है, आओ दुश्मन को भी महबूब बनाया जाये।" डॉ. सुनील शास्त्री"आखिर तेरे शबाब का आलम किधर गया। किस की लगी नजर के जो चेहरा उतर गया। माना कि मैं हजार गमों से गुजर गया। लेकिन तुम्हारी मांग में सिंदूर भर गया।"डॉ. निजामी शैदा राही"चाहना भी है मुझको मिटाना भी है,दोस्ती का तेरी कुछ ठिकाना भी है।"डॉ. असलम 'बुलंदशहरी' बदहालियों को मेरी न हँस हँस के देखिये। हूँ वक़्त का शिकार, तमाशा नहीं हूँ मैं। अशोक साहिब, गुलावठी मानों कानों में मिश्री सी घोल रही है। अमराई में कोयल कैसी बोल रही है। डॉ कमल किशोर भारद्वाज जो नहीं सच्चाई स्वीकारते हैं





सुनिश्चित वो लड़ाई हारते हैंरमेश प्रसून वैसा ही हुआ जैसा न करेंगे। सोचा था तेरे बारे में सोचा न करेंगे। सुमन बहार खुर्जा मेरी वफा पे शक है तो खंजर से काम लो। दिल चीर के तो हमसे दिखाया न जायेगा। फहीम कमालपुरी गाँधी के रूप में कभी बिस्मिल के रूप में। अपने वतन पे जान लुटाते रहेंगे हम। जी. पी. सिंह सफर छूट कर क्यों बिखर न जाएगी जिन्दगी। तुझको मिस्कॉल सी है मयस्सर जिन्दगी। अशफाक दानिश हो अगर सामां ज्यादा साथ में तो जान लो। बेमजा करता है अक्सर लोगों सारा का सारा सफर। ऐ मेरे बच्चों सुनो दुश्वार तो होगा बहुत।

## समाजवादी पार्टी कार्यालय में फूलन देवी की पुण्यतिथि मनाई गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय, बुलंदशहर में शनिवार को पूर्व सांसद वीरांगना श्रीमती फूलन देवी की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।







कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष मतलूब अली ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव कृष्णपाल यादव ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि फूलन देवी ने समाज के शोषित, वंचित, पिछड़े एवं गरीब वर्ग के अधिकारों के लिए संघर्ष किया और सामाजिक न्याय, समानता तथा सम्मान के लिए अपना जीवन समर्पित किया।


वक्ताओं ने कहा कि समाजवादी पार्टी उनके आदर्शों पर चलते हुए सामाजिक न्याय, भाईचारा और संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही समाज में व्याप्त अन्याय, भेदभाव और शोषण के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया गया।

श्रद्धांजलि सभा में हाजी अकबर, हरीश लोधी, बादल यादव, विनीत राणा, प्रेमवीर यादव, सलीम गौड़, उपेंद्र सिंह, दानिश खान, मो. कासिम कलोली, मुकेश लोधी अतुल कुमार, रोहित जाटव, जय सिंह, मो. सादिक, वेद प्रकाश पाल सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सुरेश चंद्र अग्रवाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस मनाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी ।** सुरेश चंद्र अग्रवाल मेमोरियल




पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का आयोजन 36 यूपी बटालियन एनसीसी, बुलंदशहर के एनसीसी कैडेटों द्वारा किया गया। कैडेटों ने भाषण, एंकरिंग एवं देशभक्ति गीतों के माध्यम से शहीदों के शौर्य और बलिदान को याद किया। इस अवसर पर 36 यूपी बटालियन एनसीसी, बुलंदशहर से हवलदार लखबीर सिंह एवं हवलदार अमृतपाल सिंह का मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया। विद्यालय के निदेशक मयंक अग्रवाल, प्रशासक शुभम अग्रवाल तथा प्रधानाचार्य गोपाल शर्मा ने विद्यार्थियों को देशभक्ति, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित किया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ संख्या 70 पर सुनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम ह्मन की बात के 136वें संस्करण का प्रसारण भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ संख्या 70 पर सामूहिक रूप से सुना।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को विभिन्न राष्ट्रीय, सामाजिक एवं प्रेरणादायी विषयों पर संबोधित करते हुए जनभागीदारी, आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण संरक्षण, नवाचार और राष्ट्र निर्माण में नागरिकों की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संदेशों को प्रेरणादायक बताते हुए उन्हें समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल सिंघल, बूथ अध्यक्ष मनीष गर्ग, मुकेश कौशिक, मदन गोपाल गुप्ता, हर्षित सिंघल, रियाजुद्दीन, राजा सहित



अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों पर चर्चा करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया।

## एक शातिर अभियुक्त गिरफ्तार,कब्जे से 810 ग्राम अवैध गांजा बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** थाना सलेमपुर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान खैरपुर वाले रास्ते के पास से एक शातिर अभियुक्त को 810 ग्राम अवैध गांजा सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना सलेमपुर पर मुअसं-223/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैं । पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता- ओमपाल पुत्र दीप सिंह निवासी ग्राम सलेमपुर थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर बताया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-मै नितिन जावला थाना प्रभारी थाना सलेमपुर । उ0नि0 दुर्गेश चौधरी, उ0नि0 विपुल कुमार । है0का0 जुगल किशोर , का0 शिवम बालियान शामिल रहे ।



**Name change**

I Mugeebur Rehman s/o Mustafa Khan Resident of H.no-22,Moh-Chauhatta,P.S-Kotwali Nagar,City& Distt-Bulandshahr (u.p) Have changed my Name from Mugeebur Rehman to Mujeeb ur Rehman Henceforth I would be Known by the name of Mujeen ur Rehman For All Future Purpose.

**संवाद**

## भाकियू अराजनैतिक चलो गांव की ओर कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय नेतृत्व के...

# आदेश अनुसार जनपद बुलंदशहर के विभिन्न गांवों में पदाधिकारीयों द्वारा रात्रि प्रवास करते हुए किसानों से सीधा संवाद किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर ।** भाकियू अराजनैतिक चलो गांव की ओर कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय नेतृत्व के आदेश अनुसार जनपद बुलंदशहर के विभिन्न गांवों में पदाधिकारीयों द्वारा रात्रि प्रवास करते हुए किसानों से सीधा संवाद किया गया किसानों की अधिकतर समस्याएं सरकारी समितियां पर भ्रष्टाचार, भू माफियाओं द्वारा जमीन पर कब्जा करना, आवारा पशु, बिजली विभाग द्वारा किसानों का शोषण, गांवों की टूटी सड़कें, पुलिस द्वारा किसानों का उत्पीड़न आदि समस्याएं प्रमुख रही जिनको पदाधिकारीयों द्वारा नोट कर लिया गया है जिनका निस्तारण आगामी 3 अगस्त को तहसील स्याना की पंचायत में होगा,जिन गांवों में रात्रि प्रवास हुआ वो निम्न हैं।।

(1)वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी मांगेराम त्यागी ने गांव बरौली वासुदेवपुर में रात्रि प्रवास किया, समस्याएं सुनते हुए संगठन विस्तार किया।

(2) जिला अध्यक्ष ठाकुर शैलेंद्र आर्य ने गांव खाद मोहन नगर में समस्याएं सुनी और संगठन विस्तार किया।





(3) जिला प्रभारी चौधरी धर्मवीर उर्फ गुड्डू प्रधान ने गांव बरकातपुर में समस्याएं सुनी और संगठन विस्तार किया।

(4) जिला उपाध्यक्ष ठा प्रदीप गोंड ने गांव ऊंचा गांव में समस्याएं सुनी और संगठन विस्तार किया।

(5)नगर अध्यक्ष सावेज खान ने खानपुर में समस्याएं सुनी और संगठन विस्तार किया।

(6) व्यापार प्रकोष्ठ युवा जिला अध्यक्ष इफ्तिखार चौधरी ने बुलंदशहर नगर में समस्याएं सुनी और संगठन विस्तार किया।

(7) बुलंदशहर नगर अध्यक्ष इरफान अली ने गांव भईपुरा में संगठन विस्तार किया और समस्याएं सुनी। (8) जिला उपाध्यक्ष रोहतास यादव ने सिकंदराबाद में समस्याएं सुनी और संगठन विस्तार किया।

(9) नगर अध्यक्ष गुड्डू मेवाती ने गुलावठी में समस्याएं सुनी और संगठन विस्तार किया।

(10) स्याना तहसील उपाध्यक्ष जगबीर सिंह ने गांव निसुरखा में संगठन विस्तार करते हुए समस्याओं को सुना।

(11) स्याना नगर अध्यक्ष अंकुर त्यागी व युवा नगर अध्यक्ष अराफात नंबरदार ने नगर में समस्याएं सुनी और संगठन विस्तार किया।

(12) मुदस्सिर अंसारी नगर अध्यक्ष ने बुगरासी कस्बा में समस्याएं सुनी और संगठन विस्तार किया। (13 )स्याना तहसील महासचिव मुदस्सिर खान ने गांव गिरोरा में संगठन विस्तार किया और समस्याये सुनी।

(14) लाल सिंह राणा पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ऊंचागांव ने गांव नरसैना में समस्याएं सुनी और संगठन विस्तार किया।

(15) वरिष्ठ कार्यकर्ता ठाकुर योगेंद्र उर्फ जोगी राघव ने गांव गिनोरा नंगली में समस्याएं सुनी और संगठन विस्तार किया।

(16) वरिष्ठ कार्यकर्ता अरमान कुरैशी ने गांव उमरपुर में समस्याएं सुनी और संगठन विस्तार किया।

(17) जिला उपाध्यक्ष हीरा शर्मा ने गांव लड़ाना में समस्याएं सुनी और संगठन विस्तार किया।।

नौटः- इनसे अतिरिक्त भी छ अथवा सात गांवों में पदाधिकारीयों द्वारा किसानों की समस्याओं को सुना और संगठन विस्तार हुआ।।

किसान मसीहा ठाकुर राजेश सिंह चौहान जिंदाबाद। वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी मांगेराम त्यागी जिंदाबाद।।

## गर्मी से फिर मुहाल हुए लोग, तापमान में हो रही बढ़ोतरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** रविवार को गर्मी ने एक बार फिर लोगों के पसीने निकाल दिए। उमस भरी गर्मी से जनजीवन भी प्रभावित नजर आया। बाजारों में चहल-पहल भी कम रही। आसमान में कभी बादल तो कभी धूप छाने से लोग मुहाल रहे।

जानकारी के अनुसार गर्मी ने एक बार फिर लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है। रविवार को भी गर्मी व उमस से लोग पूरी तरह परेशान नजर आए। तापमान में भी बढ़ोतरी होने से पसीना पसीना नजर आए। लोग अपने-अपने घरों में ही रहे। बाजारों में भी चहल पहल कम रही। गर्मी से राहत के लिए लोगों को एसी व कूलर का सहारा लेना पड़ा।

आसमान में कभी बादल छा जाते तो कभी तेज धूप निकल आई पूरे दिन यह सिलसिला जारी रहा जिससे गर्मी व उमस से जनजीवन भी प्रभावित नजर आया।

## आर.के.जी. ग्लोबल स्कूल, राजनगर, गाज़ियाबाद में छात्र परिषद के नवनिर्वाचित छात्र-नेताओं के सम्मान हेतु इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** विद्यालय प्रांगण में अत्यंत भव्य एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। सच्चा नेतृत्व वही है जो दूसरों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दे, न कि केवल पद की शोभा बढ़ाए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इसके पश्चात दीप्रज्वलन वाइस चेयरवुमेन आँचल गोयल एवं डायरेक्टर प्रिंसिपल कैप्टन डॉक्ट्र दिनिशा भारद्वाज सिंह ने संपन्न की । तत्पश्चात दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती की वंदना के साथ कार्यक्रम को औपचारिक रूप से प्रारंभ किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य ने सभी दर्शकों का मन मोह




लिया। सांस्कृतिक प्रस्तुति के उपरांत नवनिर्वाचित छात्र-नेताओं को मंच पर आमंत्रित किया गया। उन्हें उनके-अपने नेतृत्व पदों के अनुसार बैज प्रदान किए गए। इसके पश्चात विभिन्न सदनों (हाउस) के पदाधिकारियों, हेड बॉय एवं हेड गर्ल को उनके दायित्वों के प्रतीक स्वरूप ध्वज सौंपे गए। ध्वज ग्रहण करने के बाद सभी छात्र-नेताओं ने अनुशासित रूप से मार्च पास्ट किया।

## RWA गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी की सफाई व्यवस्था की खुली पोल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी में सफाई व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। लंबे समय से गंदी पड़ी लिफ्ट नंबर 26 की सफाई नहीं होने से परेशान होकर सोसायटी के 72 वर्षीय बुजुर्ग

**गंदी पड़ी लिफ्ट नंबर 26 की सफाई के लिए 72 वर्षीय बुजुर्ग निवासी डॉ. सत्यप्रकाश गोस्वामी को खुद उठानी पड़ी जिम्मेदारी**

निवासी डॉ. सत्यप्रकाश गोस्वामी ने स्वयं पहल करते हुए अन्य निवासियों के सहयोग से लिफ्ट की सफाई की। डॉ. सत्यप्रकाश गोस्वामी हाथों में ग्लव्स पहनकर, बाल्टी, कपड़ा और सफाई सामग्री लेकर लिफ्ट की सफाई करते नजर आए।





उनका कहना था कि जब सार्वजनिक स्थानों की नियमित सफाई नहीं हो रही है, तो स्वच्छता के लिए स्वयं आगे आना भी समाज के प्रति जिम्मेदारी है। इस दौरान अन्य निवासियों ने भी उनका सहयोग किया। लिफ्ट की सफाई का वीडियो रविवार सुबह से सोसायटी के विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुपों में तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद म्ॅॅ की सफाई व्यवस्था पर कई निवासियों ने नाराजगी जताई और नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने की मांग उठाई।

निवासियों का कहना है कि वे नियमित रूप से मेंटेनेंस शुल्क का भुगतान करते हैं, इसलिए लिफ्टों सहित सभी सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई समयबद्ध और प्रभावी ढंग से होनी चाहिए। उनका कहना है कि यदि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों के समक्ष भी मामला उठाया जाएगा।

इस घटना ने सोसायटी की सफाई व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं और निवासियों के बीच म्ॅॅ की कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

## 25 करोड़ की लागत से बनेगा मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय: विधायक धर्मेश सिंह तोमर

बुलन्द संदेश ब्यूरो





हापुड़। धौलाना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम डीडवारी (चित्तौड़ा), तहसील सदर में लगभग ?25 करोड़ की लागत से बनने वाले मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय (प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक) का भूमि पूजन धौलाना के विधायक धर्मेश सिंह तोमर ने मुख्य अतिथि के रूप में किया।

इस अवसर पर विधायक धर्मेश सिंह तोमर ने कहा कि डबल इंजन की सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान और मजदूर परिवारों के बच्चों को उनके अपने क्षेत्र में ही गुणवत्तापूर्ण एवं सुव्यवस्थित शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि चित्तौड़ा में इस विद्यालय की स्थापना से आसपास के सैकड़ों ग्रामीण छात्र-छात्राओं को प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा 12 तक की बेहतर एवं सुलभ शिक्षा का लाभ मिलेगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी।

कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ.पी. यादव, खंड शिक्षा अधिकारी कविता चौहान, एसआरजी पूनम शर्मा, अमरजीत सिंह बिड्डी, पूर्व जिला महामंत्री भाजपा जितेंद्र चित्तौड़ा, पूर्व जिला मंत्री पवन त्यागी, मंडल अध्यक्ष नीरज, मंडल उपाध्यक्ष राजा दीवान, मंडल महामंत्री देवेंद्र सांगवान, अरविंद प्रधान (चित्तौड़ा), पूर्व प्रधान अजीत सिंह, पूर्व प्रधान सुंदरपाल, दिलावर सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय की स्थापना को क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए सरकार और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय बनने से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक शैक्षिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा तथा शिक्षा के क्षेत्र में नया आयाम स्थापित होगा

## नवंबर तक 75 प्रतिशत बजट व्यय कर विकास कार्य पूर्ण करने तथा कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराना सुनिश्चित करें: प्रभारी मंत्री

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** कांवड़ यात्रा आस्था, अनुशासन एवं सामाजिक समरसता का प्रतीकः प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह प्रदेश सरकार श्रद्धालु कांवड़ियों की सुरक्षा, सुविधा एवं सम्मान के लिए पूर्णतः प्रतिबद्धः प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह प्रभारी मंत्री ने कांवड़ यात्रा को पूर्णतः

**सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध, उल्लंघन करने वालों पर करें सख्त कार्रवाईः प्रभारी मंत्री**

प्लास्टिक मुक्त बनाए जाने पर विशेष बल दिया प्रभारी मंत्री ने वृक्षारोपण कर जनसामान्य से पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय सहभागिता की अपील की मंत्री, पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार एवं जनपद गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री के मनसा अनुरूप एवं निदेर्शानुसारकांवड़ यात्रा को पूर्णतः प्लास्टिक मुक्त बनाए जाने पर विशेष बल दिया। विकास





भवन सभागार में विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा कांवड़ यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से महापौर सुनीता दयाल, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, एमएलसी दिनेश गोयल, विधायक मोदीनगर डॉ मंजू सिवाच, विधायक सदर संजीव शर्मा, विधायक मुरादनगर अजीत पाल त्यागी, विधायक लोन नंदकिशोर गुर्जर, जिला अध्यक्ष भाजपा चैनपाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं प्रशासन की ओर से पुलिस कमिश्नर जे0रविंदर गौड़, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉदड़, डीसीपी राज करन नैय्यर, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक से पूर्व विकास भवन परिसर पहुंचने पर मान्य प्रभारी मंत्री का को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। कमिश्नर ऑफ पुलिस, जिलाधिकारी, नगर आयुक्त, मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा प्रभारी मंत्री सहित सभी जनप्रतिनिधियों को पुष्प गुच्छ, पौधा एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं सम्मानित किया गया। बैठक में माननीय प्रभारी मंत्री ने सभी विभागों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करते हुए जनहित से जुड़े मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए तथा जनसामान्य को जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। मच्छरों की रोकथाम हेतु नियमित फॉगिंग, एंटी लार्वा छिड़काव एवं स्वच्छता अभियान संचालित किए जाएं। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने तथा उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

साथ ही कांवड़ यात्रा को पूर्णतः प्लास्टिक मुक्त बनाए जाने पर विशेष बल दिया।पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री ने पशुओं को विभिन्न संक्रामक रोगों से बचाने हेतु टीकाकरण अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृषि के साथ पशुपालन किसानों की आर्थिक समृद्धि का प्रमुख आधार है, इसलिए पशुपालन, दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन एवं मुर्गी पालन को बढ़ावा देने वाली योजनाओं का लाभ अधिकाधिक पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जाए।

**श्रीमद्भागवत कथा** श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन भगवान श्रीकृष्ण के 16,108 विवाह, ब्रजवासियों से कुरुक्षेत्र मिलन, सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष प्रसंग का हुआ भावपूर्ण वर्णन

## देखि सुदामा की दीन दसा, करुणा करि करुणानिधि रोए। पानी परात को हाथ छुयो नहिं, नैनन के जल सो पग धोए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** रामानुज परिवार, गाजियाबाद के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का शनिवार को। सप्तम एवं अंतिम दिवस श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। कथा व्यास पूज्य स्वामी वासुदेवाचार्य "विद्याभास्कर" जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण एवं ओजस्वी वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति, प्रेम और धर्म का संदेश दिया।

महाराज श्री ने भगवान श्रीकृष्ण के 16,108 विवाह के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान ने नरकासुर के बंधन से मुक्त हुई 16,108 राजकुमारियों को समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने के लिए उनसे विवाह किया। यह विवाह केवल दिव्य करुणा और धर्म की स्थापना का प्रतीक था।

इसके उपरांत उन्होंने कुरुक्षेत्र में ब्रजवासियों और



भगवान श्रीकृष्ण के भावपूर्ण मिलन का मार्मिक वर्णन किया। महाराज श्री ने कहा कि सच्चा प्रेम कभी समाप्त नहीं होता। वृंदावन के गोप-गोपियों एवं माता यशोदा का श्रीकृष्ण के प्रति निष्काम प्रेम आज भी भक्ति का सर्वोच्च आदर्श है।

कथा के दौरान सुदामा चरित्र का अत्यंत भावविभोर कर देने वाला प्रसंग सुनाते हुए महाराज श्री ने कहा कि भगवान अपने भक्त के प्रेम और भाव के भूखे होते हैं, धन-संपत्ति के नहीं। सुदामा की सच्ची मित्रता, विनम्रता और निष्काम भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें बिना मांगे ही असीम वैभव प्रदान किया। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति भगवान पर पूर्ण विश्वास रखता है, उसके जीवन का कल्याण निश्चित होता है।

अंत में राजा परीक्षित के मोक्ष प्रसंग का वर्णन करते हुए महाराज श्री ने कहा कि कलियुग में श्रीमद्भागवत कथा का श्रद्धापूर्वक श्रवण ही भगवान की कृपा और मोक्ष का सरल मार्ग है। कथा केवल ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन जीने की दिव्य प्रेरणा है।

आज के मुख्य यजमान श्रीमती सोनिया गर्ग एवं श्री कपिल गर्ग रहे। उन्होंने विधि-विधान से भगवान की पूजा-अर्चना कर कथा का पुण्य लाभ प्राप्त किया।

इस अवसर पर पूज्य आचार्य श्री मधुसूदन जी महाराज एवं पूज्य श्री हरिनारायण जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही। कथा में सुभाष गुप्ता, राजेश गर्ग, नीरू गर्ग, धवल गुप्ता, गौरव बंसल, अभिलाष पांडे, अतिन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा के संयोजक अतिन अग्रवाल ने सात दिवसीय आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, सेवाभावियों एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भगवान की असीम कृपा एवं सभी भक्तों के सहयोग से कथा महोत्सव अत्यंत सफल एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।

समापन अवसर पर पूज्य संत-महात्माओं के सान्निध्य में भव्य महाआरती संपन्न हुई। इसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद एवं भोजन-प्रसादी ग्रहण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। कथा के समापन पर संपूर्ण पंडाल "राधे-राधे", "जय श्रीकृष्ण" एवं "हरि बोल" के जयघोषों से गुंजायमान हो उठा।

## भारतीय सेना का बलिदान सदियों तक प्रेरणा देगा: अनिल आर्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में 29 वें कारगिल विजय दिवस पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन कर

**29वें कारगिल विजय दिवस पर श्रद्धांजलि**

कारगिल के भारतीय सेना के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि कारगिल युद्ध की बलिदान गाथा सुनकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं भारतीय सेना का यह बलिदान आने वाली पीढ़ी को सदियों तक प्रेरणा देता रहेगा। आज हमारे ओजस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश महाशक्ति बनने की ओर निरन्तर अग्रसर हो रहा है साथ ही




हमारी सेना आधुनिक व सशक्त हो रही है।जिससे भारत की और कोई आंख उठाकर न देख सके।उन्होंने कहा कि आज प्रत्येक नागरिक का सैनिकीकरण आवश्यक हो गया है।युवाओ को सेना में भर्ती होना चाहिए जिससे राष्ट्र मजबूत होक अग्निवीर योजना को सफल बनाना ही कारगिल के शहीद सैनिकों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने युवकों को देश भक्ति की भावना से ओत प्रोत करने पर बल दिया।हमें अपनी भारतीय सेना पर गर्व है जो लोग भारतीय सेना पर सवाल उठाते हैं वह क्षमा योग्य नहीं हो सकते। मुख्य अतिथि महेन्द्र भाई व अध्यक्ष ओम सपरा ने भी शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।उल्लेखनीय है कि यह युद्ध आधिकारिक रूप से 26 जुलाई 1999 को समाप्त हुआ। इस युद्ध के दौरान 550 सैनिकों ने अपने जीवन का बलिदान दिया और 1400 के करीब घायल हुए थे।

गायिका कौशल्या अरोड़ा पिंकी आर्या,जनक अरोड़ा, प्रतिभा कटारिया कमला हंस नताशा कुमार,रविन्द्र गुप्ता आदि ने देश भक्ति पूर्ण गीत सुनाये।

## सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए कारगिल विजय दिवस फुटबॉल टूर्नामेंट 2026 आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** महामाया स्टेडियम, गाज़ियाबाद, 26 जुलाई राष्ट्रीय सैनिक संस्था स्पोर्ट्स विंग एवं स्टेपओवर अकादमी द्वारा ईशान त्यागी के नेतृत्व में आयोजित कारगिल विजय दिवस फुटबॉल टूर्नामेंट का तीसरा संस्करण आज महामाया स्टेडियम में सम्पन्न हुआ। इस वर्ष टूनामेंट में 19 स्कूली टीमों( 13 बालक व 6 बालिका) ने हिस्सा लिया, जिसमें कुल 160 विद्यार्थियों ने 2 दिनों तक चले इस आयोजन में कुल 32 मुकाबले खेले। इस वर्ष टूर्नामेंट में पहली बार बालिका टीमों ने भी हिस्सा लिया, जो इस पहल के लिए एक ऐतिहासिक अवसर रहा।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. ऋचा सूद रहीं, जिन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें खेल



भावना, अनुशासन और निरंतर प्रयास के महत्व पर प्रेरित किया।

राष्ट्रीय सैनिक संस्था के गौरव सेनानी ज्ञान सिंह,चंदन सिंह,गणेश दत्त,ॐ पाल,वी पी शर्मा,प्रधान ,राजेंद्र त्रिपाठी,पाण्डेय , डी के दास ,देश भक्त पुष्कर भीष्ट,अजय कुमार एवं अन्य सदस्यों ने बालिका वर्ग के बच्चों को सम्मानित किया : शहीद नायक ओम प्रकाश के नाम पर बेस्ट गोल कीपर की ट्रॉफी गांधी नगर की महिला सुश्री आशु को दी गई शहीद नायक चमन सिंह के नाम पर हाइयर गोल की ट्रॉफी सी एस मधुबन बापू धाम की अंजली को दी गई ।शहीद यशपाल के नाम पर बेस्ट मिड फील्डर की ट्रॉफी सी एस मधुबन बापू धाम की आरुषि को दी गई ।शहीद नायक रत्न सिंह के नाम पर बेस्ट डिफेंडर की ट्रॉफी अर्थला कंपोजिट स्कूल की पिंकी को दी गई।

मधुबन धाम की महिला टीम पहले नम्बर पर ,बिहारी पूरा की महिला टीम दूसरे नम्बर पर और अर्थला की महिला टीम तीसरे नम्बर पर पुरुष फुटबॉल में पहला स्थान मधुबन बापू धाम,दूसरा स्थान लाल क्वाटर,तीसरा गांधीनगर स्कूल 'पिछले 3 सालो से चल रहे इस फुटबाल प्रतियोगिता में बच्चों को स्पोर्ट्स किट देना , उन्हें प्रशिक्षित करना , उनका लाना ले जाना , उनको रिफ्रेस्मेंट देना आदि का काम आई आई टी दिल्ली के पास आउट और राष्ट्रिय सैनिक संस्था के स्पोर्ट्स विंग के राष्ट्रिय संयोजक श्री ईशान त्यागी द्वारा निरंतर किया जा रहा है ।


## कार्यालय जिला पंचायत, पीलीभीत

पत्रांक सं0ः 1102/ नीलाम सूचना /2026-27 दिनांकः 24.07.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत, पीलीभीत के स्वामित्वाधीन पुराना विकास भवन परिसर व जेल रोड के पूर्व दिशा में खड़े सागौन प्रजाति के 70 वृक्षों की सार्वजनिक नीलामी दिनांक 07.08.2026 को समय अपरान्ह 2.00 बजे कार्यालय जिला पंचायत, सभागार पीलीभीत में मा0 अध्यक्ष महोदया की स्वीकृति की प्रत्याशा में सम्पन्न किया जायेगा यदि उक्त दिनांक को नीलाम न होने अथवा मानक से कम व उचित बोली न प्राप्त होने की दशा में पुनः सप्ताह के प्रत्येक बुद्धवार के दिन यदि उक्त दिनांक को अवकाश घोषित होने पर उससे अगले दिन कार्य दिवस पर यथा स्थान व समय पर किया जायेगा। नीलाम में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को जमानत धनराशि रूपया 1,00,000.00 का अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत पीलीभीत के नाम बैंक आफ बड़ौदा का बैंक ड्राफ्ट, हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र एवं जी.एस.टी पंजीयन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व पेन कार्ड नीलाम अधिकारी के पास जमा करने के उपरान्त ही बोली दे सकेगें। उच्चतम बोलीदाता को नीलाम बोली की समस्त धनराशि तुरन्त नगद जमा करनी होगी। यदि उच्चतम बोलीदाता द्वारा बोली की समस्त धनराशि तुरन्त जमा नही की जाती है तो उसकी जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी। नीलाम धनराशि पर नियमानुसार लगने वाले सरकारी कर (आयकर स्टाम्प शुल्क व जी.एस.टी) की धनराशि उच्चतम बोलीदाता को स्वयं जमा करनी होगी। बोलीदाता नीलाम से पूर्व उक्त वृक्षों को यथा स्थान भली-भाँति देख ले, नीलाम समाप्ति / स्वीकृति के उपरान्त किसी भी प्रकार की आपत्ति / शिकायत पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। नीलाम की अन्य आवश्यक शर्ते किसी भी दिन कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, पीलीभीत।**

# अकराबाद में निःसंतानता परामर्श शिविर आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** रविवार को अकराबाद के जेपी हॉस्पिटल में 9 वां आईवीएफ फर्टिलिटी द्वारा एक निःशुल्क निःसंतान परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में अनुभवी डॉक्टरों ने लगभग पंद्रह रोगियों की जांच की और उन्हें दवाएं प्रदान कीं।

शिविर में डॉ. रितिका गुप्ता, डॉ. विवेक उपाध्याय और डॉ. सीमा ने अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने निःसंतानता से जूझ रहे मरीजों को परामर्श और आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया।

कस्बे के मेन बाजार स्थित इस निजी अस्पताल में क्षेत्र के गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों को समय पर सही उपचार दिलाने के लिए प्रत्येक माह के रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं। यह पहल समाजसेवी गोपालकृष्ण उपाध्याय के पुत्र डॉ. विवेक उपाध्याय ने की है। इस अवसर पर भाजपा जिला प्रतिनिधि अवधेश शर्मा, मोनू सिंह, रवेंद्र सौनी, बिशाल शर्मा, अबरार, सचिन और अब्दुल सलाम सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अस्पताल संचालक डॉ. विवेक उपाध्याय ने बताया कि उनके क्षेत्र में गरीब और जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और उपचार माह के एक रविवार को निःशुल्क प्रदान किया जाता है।

# कायस्थ पाठशाला सोसाइटी के होने वाले चुनाव की तैयारियों एवम सूची में धांधली

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** कायस्थ पाठशाला सोसाइटी के होने वाले चुनाव की तैयारियों एवम् सूची में धांधली के संबंध में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें मौजूद अनूप सक्सेना ने बताया कि कायस्थ पाठशाला सोसायटी अलीगढ़ का कार्यकाल अगस्त में समाप्त हो रहा है और इससे पहले सोसाइटी का चुनाव होना है। अभी जो कार्यकारिणी कायस्थ पाठशाला सोसायटी में काबिज है वह पिछले 45 वर्षों से है। उन्होने कहा कि कायस्थ पाठशाला सोसायटी ने 2016 से पहले 35 वर्षों तक चुनाव ही नहीं कराया था। कायस्थ समाज के अथक प्रयासों से 2016 में 35 वर्षों के बाद सार्वजनिक रूप से चुनाव तो कराया गया परंतु वहां के सदस्यों तक को सूचना नहीं दी गई और चुनाव में बहुत ही कम सदस्य भाग ले पाये एवं समाज से जो लोग लड़ रहे थे,



अधिकतर पदों पर उनके नामांकन को अवैध घोषित कर दिया गया, इसके संबंध मे एक वाद मा० उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। 2021 के भी चुनाव में समाज के दबाव में चुनाव हुआ परंतु चुनाव की सूचना समय से प्रकाशित न होना एवं सदस्यों को सूचना न पहुंचना, इसी तरह की गतिविधियां लगातार कार्यकारिणी को रही। इसके भी संबंध में एक वाद मा० उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। इन सभी कमियों से अभी तक सदस्यों की सूची को सही कराने में सोसाइटी के पदाधिकारी विफल रहे है एवं अपने संबंधी एवं जानकार लोगों को सिर्फ सोसाइटी का सदस्य बना कर चुनाव जीतते रहे है। इन सभी कारणों से समाज में रोष है।

प्रदीप सक्सेना पत्रकारों को सबोधित करते हुए हर्ष सक्सेना ने कहा कि को पिछले 10 वर्षों में इस सूची में 100 नए नामों को भी नहीं जोड़ा गया है और न ही सार्वजनिक रूप से नए सदस्य बनाए गए है। सोसाइटी नए सदस्य बनने के लिए समय दे जिससे समाज का युवा वर्ग भी इस सोसाइटी से जुड़ पाए। उनका उद्देश्य चुनाव को सही रीति से कराने का है। भले ही हार या जीत किसी की भी हो। अगर सोसाइटी इस चुनाव में भी पिछले चुनावों की तरह से धांधली करती है तो समाज सड़को पर उतर कर इनके खिलाफ प्रदर्शन को मजबूर होगा।

# मुस्कान लौटाने वाली सरकारी पहल: जन्मजात कटे होंठ से जूझ रही 8 माह की छाया को मिला नया जीवन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़ ।** जन्म लेते ही आठ माह की मासूम छाया के लिए जीवन आसान नहीं था। जन्मजात कटे होंठ और तालू के कारण वह ठीक से मां का दूध भी नहीं पी पाती थी। सांस लेने में भी कठिनाई होती थी। परिवार इलाज को लेकर चिंतित था और समाज के तानों ने उनकी मानसिक पीड़ा को और बढ़ा दिया। लोगों का कहना था कि बच्ची का चेहरा कभी ठीक नहीं हो सकेगा। लेकिन आरबीएसके ने इस परिवार की निराशा को उम्मीद में बदल दिया। विकास खण्ड धनीपुर गांव सिसरोई, हरदुआगंज निवासी मिन्टू और पूजा की बेटी छाया तक आरबीएसके टीम उस समय पहुंची, जब टीम गांव के विद्यालय में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रही थी। छाया की बड़ी बहन ने टीम को अपनी छोटी बहन की समस्या बताई। इसके बाद आरबीएसके टीम ने घर पहुंचकर बच्ची का परीक्षण किया और उसका निःशुल्क उपचार सुनिश्चित कराया। 17 जुलाई 2026 को छाया की सफल सर्जरी कराई गई। ऑपरेशन के बाद अब बच्ची सामान्य रूप से मां का दूध पी रही है और उसकी सेहत में लगातार सुधार हो रहा है।

बच्ची के पिता मिन्टू भावुक होकर बताते हैं, जब बेटी पैदा हुई तो हम बहुत परेशान थे। लोग तरह-तरह की बातें करते थे और कहते थे कि इसका इलाज संभव नहीं है। लेकिन आज हमारी बेटी मुस्कुरा रही है। जो लोग पहले ताने देते थे, वही अब उसकी तारीफ कर रहे हैं।

# साइबर सेल और लोधा पुलिस साइबर ठगी के गिरोह के तीन गिरफ्तार, 2.90 करोड़ की रकम फ्रीज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ साइबर सेल और थाना लोधा पुलिस ने संगठित साइबर ठगी गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान आरोपियों के बैंक खातों में मौजूद 2.90 करोड़ की धनराशि फ्रीज करा दी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन के अनुसार, आरोपी फर्जी कंपनियों के नाम पर बैंक खाते खुलवाकर निवेश, पार्ट टाइम नौकरी और डिजिटल अरेस्ट जैसे झांसे देकर देशभर के लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी करते थे। ठगी की रकम अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर उसे खपाने का प्रयास किया जाता था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंकित शर्मा कृष्णा नगर कॉलोनी, क्वार्सी, मयंक कुमार सिंह हेमंत नगर, रावण टीला, क्वार्सी और विशाल वर्मा



शास्त्री नगर, गांधीपार्क के रूप में हुई है।

इनके खिलाफ थाना लोधा में दर्ज दो मुकदमों के अलावा दिल्ली, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों में भी कई साइबर अपराध के मामले दर्ज हैं। जांच में सामने आया कि गिरोह ने मयंक इंटरप्राइजेज, ए.के. ट्रेडिंग कंपनी और निशांत इंटरप्राइजेज के नाम से बैंक ऑफ बड़ौदा में खाते खुलवाए थे। इन खातों पर 57 एनसीआरपी शिकायतें दर्ज हैं और अब तक करीब 80-85 करोड़ की साइबर ठगी की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। इनके खिलाफ थाना लोधा में दर्ज दो मुकदमों के अलावा दिल्ली, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों में भी कई साइबर अपराध के मामले दर्ज हैं। जांच में सामने आया कि गिरोह ने मयंक इंटरप्राइजेज, ए.के. ट्रेडिंग कंपनी और निशांत इंटरप्राइजेज के नाम से बैंक ऑफ बड़ौदा में खाते खुलवाए थे। इन खातों पर 57 एनसीआरपी शिकायतें दर्ज हैं और अब तक करीब 80-85 करोड़ की साइबर ठगी की शिकायतें सामने आ चुकी हैं।

# रजवाहे में मिले कई गोवंश के शव, लोगों ने किया हंगामा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** जनपद के थाना गोधा क्षेत्र के गोधा रजवाहे में पिछले पांच दिनों के दौरान चार से पांच गोवंश के शव मिलने से क्षेत्र में तनाव का माहौल उत्पन्न हो गया और लोगों ने छतारी मार्ग जाम कर दिया।

घटना से नाराज हिंदू रक्षा दल के कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने रविवार को सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया और छतारी-अतरौली मार्ग पर जाम लगा दिया। रविवार सुबह करीब 11 बजे रजवाहे में फिर गोवंश के शव मिलने की सूचना पर बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उनका कहना था कि लगातार कई दिनों में इतनी संख्या में गोवंश के शव मिलना गंभीर मामला है। लोगों ने कहा कि सरकार गोवंश संरक्षण को लेकर लगातार निर्देश जारी करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं में कमी दिखाई दे रही है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द दोषियों की पहचान कर कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। थाना गोधा प्रभारी के अनुसार, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जाएगी और स्थानीय लोगों से पूछताछ की जाएगी। जांच के आधार पर जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नगर पंचायत जवाँ के गांव छोटा जवाँ के सौरव वाल्मीकि ने लिया 20 हजार पौधे लगाने का संकल्प

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पर्यावरण संरक्षण और अधिक से अधिक वृक्षारोपण की अपील से प्रेरित होकर बरौली विधानसभा क्षेत्र की नगर पंचायत जवाँ के गांव छोटा जवाँ निवासी सौरव वाल्मीकि एवं उनकी टीम ने व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया।

अभियान के तहत सरकारी विद्यालय, मंदिर परिसर तथा गांव के विभिन्न पार्कों में पौधरोपण किया गया। इस दौरान सौरव वाल्मीकि ने 20 हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया और युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और स्वच्छ वातावरण व आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। इस अवसर पर वार्ड नंबर 5 के सभासद पति क्षेत्रपाल माहौर, भाजपा सभासद देवेश राघव (वार्ड नंबर 12), राजपाल वाल्मीकि, संतोष वाल्मीकि, राजा वाल्मीकि, अंशू वाल्मीकि, सोनू माहौर, लोकेश माहौर, रवि वाल्मीकि, ईशांत वाल्मीकि, अर्जुन वाल्मीकि, प्रेमचंद वाल्मीकि, शिवम वाल्मीकि, गौरव वाल्मीकि, संजय वाल्मीकि, विवेक वाल्मीकि, कन्हैया वाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं युवा मौजूद रहे कार्यक्रम के अंत में सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी सुरक्षा करने तथा उन्हें संरक्षित रखने का संकल्प लिया।

### निःशुल्क विधिक सहायता, महिला अधिकार और साइबर सुरक्षा पर छात्राओं को किया जा रहा जागरूक

# जागरूक बेटियां, सुरक्षित समाज : विधिक साक्षरता से सशक्त हो रही नई पीढ़ी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ।** आज के दौर में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा केवल कानून बनाने से सुनिश्चित नहीं होती, बल्कि उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता और कानूनी जानकारी भी उतनी ही आवश्यक है। जब एक छात्रा अपने संवैधानिक अधिकारों, कानूनी सुरक्षा और उपलब्ध सहायता तंत्र के बारे में जानती है, तभी वह अन्याय, हिंसा या उत्पीड़न के विरुद्ध आत्मविश्वास के साथ आवाज उठा सकती है। इसी उद्देश्य को साकार करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा छात्राओं के लिए विशेष विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कानून, सुरक्षा और आत्मरक्षा के अधिकारों के प्रति विस्तार से जागरूक किया जा रहा है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव साक्षी गर्ग कहती हैं कि महिलाओं का सशक्तिकरण केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें अपने अधिकारों की जानकारी होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उनका मानना है कि जागरूक नागरिक ही अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है और समाज में न्याय एवं समानता की स्थापना में प्रभावी भूमिका निभा सकता है।

वह विभिन्न स्कूलों, महाविद्यालयों में छात्राओं को भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों के साथ-साथ महिलाओं के संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनों की समय समय पर जानकारी पहुंचाती हैं।घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी कानून, दहेज प्रतिषेध अधिनियम और साइबर अपराधों से बचाव जैसे विषयों पर सरल एवं व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से विस्तार से उनके साथ चर्चा करती हैं।

# अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा का चुनाव 20 सितंबर को

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा का त्रैवार्षिक चुनाव 20 सितंबर को होगा। देश-विदेश में रह रहे 1050 मतदाता मतदान करेंगे। इनमें 10 मतदाता एनआरआई हैं। वृंदावन में 112 मतदाता मतदान करेंगे। महासभा के मुख्य चुनाव अधिकारी सतीश चरखा बनाए गए हैं, जबकि वृंदावन के मुख्य चुनाव अधिकारी सतीश चरखा आगरा होंगे। अलीगढ़ सहित अन्य राज्यों के मतदाता वृंदावन (उत्तरांचल) के मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। अलीगढ़ से अभय माहेश्वरी, रामकुमार सादानी, राकेश मोहता, संजीव गोदानी, योगेश माहेश्वरी, विकास माहेश्वरी और उत्तरांचल के उपसभापति पद के लिए चुनाव लड़ रहे विनीत केला मतदाता हैं। देश में पांच मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें वृंदावन (उत्तरांचल), भीलवाड़ा (पश्चिमांचल) सूरत (मध्यांचल), संभाजीनगर (दक्षिणांचल), कोलकाता (पूर्वांचल) शामिल हैं। सभापति पद के लिए त्रिभुवन काबरा, वडोदरा संदीप काबरा जोधपुर के बीच मुकाबला होगा। महामंत्री पद के लिए राजकुमार काल्या व अजय काबरा भदोही, कोषाध्यक्ष पद के लिए प्रवीण सोमानी मुंबई व नारायण राठी रायपुर, संगठन मंत्री पद के लिए बाबूलाल मोहता बीकानेर व विजय राठी इटारसी मध्य प्रदेश के बीच मुकाबला होगा।

अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के चुनाव का नामांकन पांच अगस्त होगा। 15 अगस्त तक प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। पांच सितंबर तक पर्चा वापसी होगी।

20 सितंबर को मतदान होगा। मतदान के तुरंत बाद मतगणना शुरू होगी। अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के सभापति पद के प्रत्याशी त्रिभुवन काबरा और उनकी टीम के राजकुमार काल्या, प्रवीण सोमानी, विनीत केला ने अलीगढ़ के मतदाताओं से संपर्क किया।

**जायजा**

### क्वारसी से खेरेश्वर धाम तक बंद रहेगी सभी मीट दुकानें व पशुपालकों को चेतावनी दी है

# कावड़ यात्रा की व्यवस्थाओं कानगर आयुक्त ने लिया जायजा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** नगर आयुक्त सड़को को गड्ढा मुक्त करने व अचलेश्वर व खेरेश्वर मंदिर पर नगर निगम की तैयारियां को शुरू करने के निर्देश दिये हैं। उन्होने कावड़ यात्रा के मार्ग के गड्ढो को भरने के काम को तेज अधीनस्थों संग व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

क्वारसी से खेरेश्वर धाम तक बंद रहेगी सभी मीट दुकानें व पशुपालकों को चेतावनी दी है, आगामी श्रावण मास में निकलने वाली कांवड़ यात्रा को सुरक्षित स्वच्छ एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने नगर निगम द्वारा निर्धारित कांवड़ यात्रा मार्ग एवं विभिन्न सेक्टरों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने निर्धारित मार्गों पर सफाई व्यवस्था पेयजल स्ट्रीट लाइट जल निकासी अस्थायी अतिक्रमण खुले मैनहोल कूड़ा उठान, मोबाइल शौचालय, शिविर स्थलों एवं प्रमुख मंदिरों के आसपास की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने कांवड़ यात्रा के लिए बनाए गए सभी सेक्टरों का निरीक्षण करते हुए सेक्टर प्रभारियों एवं नोडल अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक सेक्टर में प्रतिदिन भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जाए। निरीक्षण के दौर नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि सभी सेक्टर वार तैनात अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सफाई, नाला-नाली की सफाई, जलभराव की रोकथाम, स्ट्रीट लाइटों की कार्यशीलता, पेयजल टैंकरों की उपलब्धता, मोबाइल शौचालयों की स्वच्छता, कूड़ा उठान, फॉगिंग एवं एंटी लार्वा छिड़काव, आवारा पशुओं की रोकथाम तथा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर विशेष ध्यान दें।


अंतर्गत क्वार्सी चौराहे से रामघाट रोड मीनाक्षी पुल के ऊपर से अचलेश्वर मंदिर एवं गांधी पार्क बस स्टैण्ड क्षेत्र की सेक्टर प्रभारी तपस्या यादव सहायक नगर आयुक्त होंगी जिनकी सहयोगी टीम सहायक अभियन्ता अखंड प्रताप सिंह अवर अभियन्ता अमित कुमार राजस्व निरीक्षक करन पाल सिंह एसएफआई के०के०सिंह योगेन्द्र यादव पेयजल प्रभारी दिव्यांशू होंगे।

सेक्टर-02 अंतर्गत गांधी पार्क बस स्टैण्ड से पत्थर बाजार से देहलीगेट उदयसिंह जैन रोड खेरेश्वर धाम तक के सेक्टर प्रभारी अमित कुमार सिंह उप नगर आयुक्त होंगे जिनकी सहयोगी टीम सहायक अभियन्ता राजवीर सिह प्रभारी कर अधीक्षक कुलदीप चौधरी एसएफआई प्रकाश सिंह प्रदीप पॉल पेयजल प्रभारी वाशिष्ठ मौर्या होंगे। सेक्टर-03 मैलरोज बाईपास से जीटी रोड से नादा पुल खेरेश्वर धाम तक के सेक्टर प्रभारी आशिष सेठ कर निर्धारण अधिकारी होंगे जिनकी सहयोगी टीम कर अधीक्षक विशाल सिंह अवर अभियन्ता लाइट रोहित पाण्डे एसएफआई विशन सिंह अवर अभियन्ता नरेन्द्र कुमार सिंह पथ प्रकाश सुपरवाइजर विजय होंगे। सेक्टर-04 इगलास रोड से मथुरा बाईपास स्लाटर हाउस से नादा पुल से खेरेश्वर धाम तक के सेक्टर प्रभारी बेचन प्रसाद जोनल अधिकारी/कर अधीक्षक होंगे जिनकी सहयोगी टीम प्रभारी कर अधीक्षक उपेन्द्र वर्मा एसएफआई बिशन सिंह राजस्व निरीक्षक मंयक चौधरी पेयजल प्रभारी विष्णु कुमार होंगे। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि कांवड़ यात्रा को बेहतर नगर निगम इन्तिजाम के साथ कराये जाने के लिए क्वारसी से खेरेश्वर धाम तक अतिरिक्त लाइटों लगवाई जायेंगी। क्वारसी से खेरेश्वर धाम तक सभी मीट की दुकानें भी बंद करने की व्यवस्था की गई है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से दो बाइक सवार घायल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** गभाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना हाईवे स्थित कन्होई के पास



हुई, जहाँ एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घायलों को टोल एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बाइक पर सवार युवक कोरह रुस्तमपुर निवासी शिवम कुमार और नितिन थे। वे अपने गांव से गभाना किसी काम से जा रहे थे। जैसे ही वे हाईवे पर कन्होई के पास पहुँचे, एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद राहगीर मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुँची और घायलों को एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल पहुँचाया। पुलिस ने घायलों के परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी है। इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि दो युवकों के घायल होने की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया है।

नई कार्यकारिणी गठित,डॉ.दीपशिखा गोयल अध्यक्ष व अनुभा बनी सचिव

# गर्भावस्था में वायरल संक्रमण से बचाव पर विशेषज्ञों ने दिया जोर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** आब्स गायनी सोसायटी के तत्वावधान में रेलवे रोड स्थित टूनाइट होटल में चिकित्सा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गर्भावस्था के दौरान होने वाले वायरल संक्रमण और उससे बचाव पर विस्तार से चर्चा की गई।

जनपद अलीगढ़ से पधारीं चिकित्सक डॉ. सीमा डाकिम ने वायरल इन्फेक्शन इन प्रेग्नेंसी विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था के दौरान वायरल संक्रमण मां और गर्भ में पल रहे शिशु दोनों के लिए खतरनाक हो सकता है। इससे समय से पहले प्रसव, कम वजन का बच्चा और अन्य जटिलताएं हो सकती हैं। बचाव के लिए साफ-सफाई, समय पर टीकाकरण और संतुलित आहार जरूरी है। बुखार, खांसी, शरीर में दर्द जैसे लक्षण दिखते ही तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें, लापरवाही न करें।



कार्यक्रम में अस्पतालों में इलाज के दौरान होने वाले विवादों पर भी चर्चा हुई। चिकित्सकों ने कहा कि मरीज हमारे लिए परिवार के सदस्य की तरह होते हैं। हम कभी नहीं चाहते कि इलाज के दौरान कोई दुर्घटना हो। ऐसे में परिजनों से अपील है कि वे धैर्य रखें और डॉक्टरों का सहयोग करें। तोडफोड़ और मारपीट किसी समस्या का समाधान नहीं है।

सोसायटी की संरक्षक डॉ.आशा मिश्रा ने वर्ष 2026-2027 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की। डॉ. दीपशिखा गोयल को अध्यक्ष,डॉ. अनुभा को सचिव और डॉ.अंशिका अग्रवाल को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस टीम का नाम गार्गी रखा गया है। टीम का स्लोगन स्वास्थ्य, समृद्ध,शक्ति, सशक्त नारी घोषित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान टीम गार्गी द्वारा बनवासी गर्ल्स हॉस्पिटल में अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर छात्राओं को निशुल्क सैनिटरी नैपकिन वितरित किए गए।

इस अवसर पर प्रमुख महिला चिकित्सक डॉ. मंजुला,डॉ रेखा,डॉ.रेनू बंसल, डॉ.पुष्पा,डॉ.विमलेश शर्मा, डॉ. उमा शर्मा, डॉ. शोभा, डॉ.मीनू, डॉ. नमिता,डॉ.अल्पना, डॉ. शालिनी,डॉ.जूही,मानसी,राखी शास्त्री सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक और समाजसेवी मौजूद रहे।

# शहर में शिवा पाठशाला में गूंजे वंदे मातरम के नारे, कारगिल विजय दिवस पर बच्चों ने दी शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** कारगिल युद्ध की 27वीं वर्षगांठ पर नगर क्षेत्र की शिवा प्राथमिक पाठशाला देशभक्ति के रंग में रंग गई। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने डांस,नाटक, क्विज और पोस्टर के माध्यम से कारगिल के शहीदों की शौर्य गाथा को जीवंत किया। कार्यक्रम की शुरूआत तिरंगा फहराकर और बच्चों के देशभक्ति नृत्य से हुई। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से पूरा परिसर गूंजा दिया। बच्चों द्वारा बनाए गए पोस्टरों में कारगिल की चोटियों, तिरंगे और सैनिकों के बलिदान को दशार्या गया। नाट्य प्रस्तुति में बच्चों ने कारगिल युद्ध के दृश्यों का मंचन कर दर्शकों को भावुक कर दिया। विद्यालय में क्विज प्रतियोगिता भी कराई गई जिसमें बच्चों ने कारगिल युद्ध से जुड़े सवालों के जवाब देकर अपनी जानकारी दिखाई। देशभक्ति गीतों पर हुए डांस ने माहौल को और जोशपूर्ण बना दिया। प्रधानाध्यापिका डॉ. सुमन अग्रवाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि कारगिल के वीर सैनिकों ने विषम परिस्थितियों में भी देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। हमें उनके त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेकर देशसेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में राष्ट्रभक्ति और अनुशासन की भावना विकसित करते हैं।



**हमें देशसेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए: डा.सुमन**

इस अवसर शिक्षिका नीतू नारंग,डॉ.हरजीत कौर, सुमन, सोनम सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। अंत में सभी ने शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

# योगी सरकार में जल निगम व एनएचएआई के अधिकारी बेलगाम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश में काबिज भाजपा सरकार में एनएचएआई व जल निगम के अधिकारी बेलगाम हो रहे है। भाजपा विधायकों व चेयरमैनों के निर्देश देने के बावजूद भी दोनों विभागों के अधिकारियों द्वारा विकास कार्य नहीं कराये जाते है। जिसका खामियाजा क्षेत्र की जनता को भुगतना पड़ता है। एनएनएआई से मेरठ व मुरादाबाद के पीडी स्वयं उपस्थित होने के स्थान पर अपने अधीनस्थ अधिकारियों को भेज देते है। जिस पर जिला समन्वयक एवं निगरानी समिति(दिशा) की बैठक में सदर भाजपा विधायक विजयपाल आढ़ती व विधायक हरेन्द्र सिंह तेवतियां द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

- जनप्रतिनिधियों के निर्देश पर भी नहीं कराते विकास कार्य
- एनएसएआई के मेरठ व मुरादाबाद के पीडी को नोटिस भेजा जायेगा:डीएम
- सांसद ने डे केयर सेंटर का फीता काटकर किया शुभारंभ
- सांसद ने कांवड़ प्रेरणा स्टॉल का किया गया उद्घाटन
- सदर विधायक ने शहर के नालों की सफाई नहीं होने पर जताई कड़ी नाराजगी
- दो सप्ताह में जनप्रतिनिधियों द्वारा दिये गये निदेर्शों का अधिकारी पालन करे:डीएम
- बैठक में गढ़ रोड पर नाले का निर्माण कराने को प्रमुखता से उठाया गया

करीब एक वर्ष बाद विकास भवन के सभागार में सांसद कंवर सिंह तंवर की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति(दिशा) की बैठक आयोजित का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी कविता मीना द्वारा पौधा देकर सांसद कंवर सिंह तंवर,सीडीओ श्रुति शर्मा ने जिला पंचायत चेयरमैन रेखा नागर,परियोजना निदेशक अनवर शेख द्वारा पौधा देकर विधायक विजयपाल आढ़ती,धर्मेश सिंह तोमर व हरेन्द्र सिंह तेवतियां का स्वागत किया गया।

इससे पूर्व अमरोहा गढ़मुक्तेश्वर लोकसभा क्षेत्र सांसद कंवर सिंह तंवर के द्वारा राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित समूह के माध्यम से बनाए गए कावड़ फूड स्टॉल (प्रेरणा स्टॉल) का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। साथ ही विकास भवन परिसर में संचलित बाल संरक्षण गृह केंद्र का भी सांसद द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया जहां काम काज करने वाले महिला अपने बच्चों को देखबहाल हेतु रख सकती है। केंद्र में जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वार आंगनबाडी कार्यकताओं की तैनाती कर दी है।











जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में केंद्र सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने विगत बैठक में माननीय सांसद एवं विधायकगणों द्वारा दिए गए बिंदुओं के निस्तारण के संबंध में अवगत कराया।

**प्रधानमंत्री आवास योजना**

सांसद व विधायकों द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में स्वीकृत आवासों की प्रगति की समीक्षा की। साथ जिन लाभार्थियों के आवास पूर्ण हो चुके हैं उन्हें गृह प्रवेश कराने के निर्देश दिए गए।

**हर घर में नल से पहुंचे जल**

जल जीवन मिशन जनपद में हर घर नल से जल योजना के अंतर्गत शेष बचे घरों को 100 कनेक्शन से जोडने हेतु समयबद्ध कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए।

**अपात्र किसानों से वसूली करें**

पीएम किसान सम्मान निधि योजना में अपात्र किसानों को चिन्हित कर वसूली की कार्यवाही एवं नए पात्र किसानों का पंजीकरण बढ़ाने पर जोर दिया गया। पात्र सभी किसानों को योजना का लाभ दिलाया जाये।

**सम्बंधित जनप्रतिनिधियों को जानकारी जरूर दें**

बैठक में महात्मा गांधी रोजगार मनरेगा,स्वयं सहायता समूह,कौशल विकास मिशन,प्रधानमंत्री सड़क योजना , समाज कल्याण,दिव्यांग जनशक्तिकरण,जिला प्रोबेशन विभाग,विद्युत विभाग,नगर पालिका परिषद,जल निगम शिक्षा विभाग परिवहन विभाग नेशनल हाईवे सहित अन्य महत्वपूर्ण विभागों के कार्यो की समीक्षा की गई। सांसद ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए,कि जो भी कार्य उनके द्वारा कराए जाते हैं उसकी जानकारी संबंधित जनप्रतिनिधि को अवश्य कराए।

**केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचाये**

सांसद कंवर सिंह तंवर ने कहा कि समिति का उद्देश्य केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों को प्राथमिकता से लागू करें। उन्होंने अधिकारियों से फील्ड विजिट कर योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने के निर्देश भी दिये।

**सदर विधायक ने जताई नाराजगी**

सदर विधायक विजयपाल आढ़ती ने शहर में जल भराव होने व शिवगढ़ी नाले की सफाई ठीक प्रकार से नहीं होने व शहर में सड़कों पर आवारा पशुओं के घूमने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए नाले की दोबारा सफाई कराने के निर्देश दिये।

**जिलाधिकारी ने दिये निर्देश**

जिलाधिकारी कविता मीना ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि बैठक में दिए गए निदेर्शों का अनुपालन 15 दिवस में सुनिश्चित किया जाए। योजनाओं की प्रगति की साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध किया जाए। साथ ही मुरादाबाद व मेरठ पीडी को नोटिस भेजा जायेगा।

**गढ़ रोड व एलएन रोड पर नाला निर्माण कराने को प्रमुखता से उठाया**

विधायक विजयपाल आढ़ती ने कहा कि गढ़ रोड पर एक साइड नाला बनने से दूसरी ओर जल भराव की समस्या बनी रहती है। जिस समाप्त करने के लिए दूसरी ओर व एलएन पब्लिक स्कूल रोड पर जल भराव की समस्या समाप्त करने लिए नाला निर्माण कराया जाना अति आवश्यक है। सम्बंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर समस्या का समाधान कराये।

**जनप्रतिनिधि व अधिकारी रहे मौजूद**

बैठक में गढ़ नगर पालिका चेयरमैन राकेश बजरंगी,ब्लाक प्रमुख निशांत शिशौदिया,सतपाल यादव,मेरठ लोकसभा सांसद प्रतिनिधि अशोक बबली,विनोद गुप्ता,गाजियाबाद लोकसभा सांसद प्रतिनिधि,एसपी कुंवर ज्ञानेजय सिंह,अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार,जिला विकास अधिकारी,एआरटीओ छवि सिंह,डीएसओ डा.सीमा,बीएसए दीपा भाटी,डीआईओएस डा.श्वेता पूठिया,एएमए शिशुपाल शर्मा,डीपीआरओ शिव बिहारी शुक्ला,समाज कल्याण अधिकारी दिग्विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि व तीज महोत्सव की तैयारियों को लेकर श्री हरिहर मंदिर मेला समिति की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** श्री हरिहर मंदिर मेला समिति की बैठक रविवार शाम धर्मशाला लाला गंगासहाय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अखिलेश मित्तल ने की, जबकि संचालन समिति के मंत्री राहुल मित्तल ने किया। बैठक में आगामी 11 अगस्त को महाशिवरात्रि के अवसर पर आने वाले कांवड़ियों की सेवा एवं सुविधाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि मंदिर परिसर में आकर्षक प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। कांवड़ियों के विश्राम एवं कांवड़ झुलाने की व्यवस्था के साथ-साथ पेयजल सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा 15 अगस्त को चंडी मंदिर परिसर में तीज महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में केवल महिलाओं की सहभागिता रहेगी। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, चाट-पकौड़ी स्टॉल एवं अन्य मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस बल की तैनाती कराने का भी निर्णय लिया गया। समिति के कोषाध्यक्ष केशव शर्मा ने सभी सदस्यों से कार्यक्रम के दौरान अपना परिचय-पत्र (आई-कार्ड) अनिवार्य रूप से पहनकर आने का आग्रह किया।





बैठक में पंकज मित्तल, दिनेश बंसल, सुशील गोयल, विजयपाल रोहिल्ला, मनोज हार्डली, वीरेंद्र गुप्ता, बिल्लू, अभिषेक अग्रवाल, धीरज गर्ग, वाडीलाल, रामबाबू, फतेह सिंह सक्सेना, चंद्रपाल उज्जैनी, विकास शर्मा, अक्षय सिंगल, विभिन्न कुमार, टिल्लू सहित समिति के अनेक सदस्यों ने कार्यक्रमों के सफल आयोजन में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# आज गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत डीएम को सौंपा जाएगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** गौमाता की सेवा,सुरक्षा और सम्मान को लेकर चल रहे गो सम्मान आह्वान अभियान के द्वितीय चरण की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आज 27 जुलाई सोमवार को देशभर के सभी जिलों की तरह हापुड़ में भी जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को 1 लाख से अधिक हस्ताक्षरों वाला ज्ञापन सौंपा जाएगा।

**गाय को राष्ट्रमाता घोषित करें: अशोक छारिया, दीपांशु गर्ग**

अभियान के जिला प्रभारी ने बताया कि प्रथम चरण में 27 अप्रैल को 5 करोड़ हस्ताक्षरों का ज्ञापन भेजा गया था। अब दूसरे चरण में 15 करोड़ से अधिक हस्ताक्षरों के साथ मांगें दोहराई जाएंगी। प्रमुख मांगों में गोहत्या निषेध के लिए केंद्रीय कानून, गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा, केंद्रीय गो मंत्रालय की स्थापना, गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराना और गौ केंद्रित राष्ट्रीय नीति बनाना शामिल हैं।




कार्यक्रम के अनुसार 27 जुलाई को सुबह 7:30 बजे सनातन धर्म सभा भवन कोठी गेट पर गौभक्त एकत्र होंगे। 8 बजे गोमाता पूजन और सामूहिक जप होगा।

इसके बाद 9:15 बजे झंडे, बैनर और भजन-कीर्तन के साथ शांतिपूर्ण प्रार्थना यात्रा जिलाधिकारी कार्यालय के लिए रवाना होगी। यात्रा में भगवान श्रीकृष्ण-बलराम स्वरूप और गोमाता-बछड़े की झांकी भी शामिल रहेगी।

अंत में संतों,सामाजिक संगठनों और गौभक्तों के प्रतिनिधिमंडल द्वारा जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

इस मौके पर श्रीसनातम धर्म सभा के अध्यक्ष रोहित गर्ग,सचिव अशोक छारिया, दीपांशु गर्ग, रमन गोयल, दिनक्शगु, मनोज बंसल, दिनकर गुप्ता,पवन बंसल, त्रिलोकचंद गुप्ता,अरुण चीनी वाले, अलका त्यागी , अनुराग गोयल,नितिन गोस्वामी,विनय,हरिओम आदि मौजूद थे।

महंगाई

## वर्षा शुरू होते ही हरी सब्जियों के दामों में लगी आग

# गरीबों की थाली से होने लगी हरी सब्जियां गायब

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जुलाई माह में हो रही बारिश का पानी खेतों में भरने से हरी सब्जी व बेल वाली फसलें नष्टद होने लगी है। फसलें नष्ट होने दुकानों व ठेलों पर किलो में बिकने वाली हरी सब्जियां अब पाव में बिकने से गरीबों की थाली से हरी सब्जियां नष्टद होने लगी है। गोभी,ने शतक लगाया। अदरक,धनिया,मटर लहसून 200 के पार पहुंच चुके है। आपको बता दें कि गत जुलाई माह में हो रही वर्षा का पानी खेतों में भरने से सब्जी की फसल चौपट हो गयी है। बारिश से तोरी,लोकी, काशीफल, भिंडी, टिंडा, शिमला शिमला मिर्च आदि सब्जियों की फसलें 50 प्रतिशत नष्टद हो गयी है। किसानों को भारी नुकसान हुआ है। सब्जियां नष्टद और महंगी होने के कारण रसोई से हरी सब्जियां गायब होने लगी है। दुकान व ठेलों पर किलो में बिकने वाली हरी सब्जियां किलो के स्थान पर पाव में बिकने लगी है। सब्जियों सबसे ज्यादा तेजी लहसून,धनिया व अदरक पर आई है। जिससे महिलाओं की रसोई का बजट भी बिगडने लगा है। इनके बिना सब्जियों का स्वाद भी अधूरा रह जाता है।

- गोभी ने शतक, धनिया, अदरक, मटर, लहसनू ने लगाया दोहरा शतक
- सब्जियों के दाम बढ़ने रसोई का बजट बिगड़ने लगा:राधिका,सुनीता

| सब्जी | पहले (भाव) किलो में | बाद में |
|---|---|---|
| तोरी | 30 | 50 |
| धनिया | 150 | 200 |
| गोभी | 60 | 100 |
| अदरक | 200 | 280 |
| हरी मिर्च | 40 | 60 |
| खीरा | 30 | 50 |
| लोकी | 20 | 50 |
| मटर | 150 | 200 |
| लहसून | 150 | 200 |







**घर का बजट बिगडने लगा**

ग्रहणी राधिका शर्मा ने कहा कि हरी सब्जियों के दाम बढने से रसोई को बजट बिगडना शुरू हो गया है। सबसे अधिक दाम धनिया,अदरक व लहसून के बढ़े है। इनके नहीं डालने से सब्जियों का स्वाद कम हो जाता है। मध्यम वर्ग का जीना हुआ मुहाल ग्रहणी सुनीता रानी ने कहा कि आमदनी अन्नी खर्चा रुपया,महंगाई व भ्रष्टद्दाचार के कारण गरीब मजदूर वर्ग का जाना मुहाल हो रहा है। सरकार को महंगाई पर लगाम लगाने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

# पूर्व सैनिकों ने कारगिल शहीदों की शहादत को किया नमन,दी श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** 27 वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पूर्व सैनिकों ने ग्राम लुहारी में करगिल शहीद लॉस नायक सतपाल सिंह व ग्राम उदयपुर में शहीद नायक चमन सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही मौन रखकर कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि दी।




पूर्व वायु सेना अधिकारी मनबीर सिंह उपाध्यक्ष जिला सैनिक बंधु ने कहा कि कारगिल युध्द विषम परिस्थितियों में लड़ा गया अघोषित युध्द था,जिसमें भारतीय सेना के जवानों ने अपनी जान की परवाह न कर पाकिस्तान पर विजय प्राप्त की। इस अवसर पर पूर्व वायु सेना अधिकारी मनबीर सिंह, कैप्टन राजेश चौधरी जिलाध्यक्ष पूर्व सैनिक संघ, कैप्टन गोपीचंद, सूबेदार वीरेंद्र, हवलदार अशोक, हवलदार प्रेम पाल सिंह,पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रिय पाल सिंह,बी डी सी परवेज चौधरी,बहादुरगढ़ पुलिस प्रशासन,के साथ ही काफी संख्या में ग्राम व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैने अपना नाम YOONUS से बदलकर MOHD. YOONUS कर लिया है। भविष्य में मुझे MOHD. YOONUS से जाना व पहचाना जाए।

प्रार्थी:
मौ. यूनुस पुत्र यूसुफ
निवासी: 702, नबी करीम -2, हापुड़, तहसील व जनपद हापुड़

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# छीना-झपटी ठीक नहीं



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक


विपक्ष को कॉकरोच आंदोलन में 'राजनीतिक पूंजी' नजर आई हो, तो यह स्वाभाविक ही है। वैसे, अभी वक्त इस पूंजी को सहेजने का है, लेकिन इन पार्टियों में अभी से इसकी छीना-झपटी के संकेत मिलने लगे हैं।

कॉकरोच जनता पार्टी का आंदोलन देशवासियों के बड़े हिस्से का ध्यान खींचने में सफल रहा है। सोमवार को उसके संसद मार्च के दौरान बड़े पैमाने पर छात्रों पर दमन ने उसके एंजेडे के लिए समर्थन में और इजाफा किया है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर जोर डालने के लिए जगह-जगह हुए स्वतःस्फूर्त प्रतिरोध से साफ है कि जनमत का बहुत बड़ा हिस्सा इस मुद्दे पर केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ हो गया है। ऐसे में विपक्षी दलों को इस आंदोलन में 'राजनीतिक पूंजीइ नजर आई हो, तो यह स्वाभाविक ही है। वैसे, अभी वक्त इस पूंजी को सहेजने तथा उसे और बढ़ाने का है, लेकिन विपक्षी पार्टियों में अभी से इसकी छीना-झपटी शुरू होने के संकेत मिलने लगे हैं। मंगलवार को उनमें कॉकरोच आंदोलन के प्रति समर्थन जताने की होड़ लग गई। इस दौरान कुछ पार्टियों ने हिरासत से छात्रों को रिहा कराने और जख्मी छात्रों के इलाज में मदद करने की सराहनीय पहल की। लेकिन शाम होते-होते इस पूंजी को ज्यादा से ज्यादा हथियाने की होड़ के संकेत भी मिलने लगे। शुरूआत में कांग्रेस ने "कॉकरोचों" से दूरी बनाए रखी और उसके सोशल मीडिया समर्थक इस आंदोलन के पीछे किसी साजिश का संकेत देखते रहे। इस दौरान कॉकरोचों को आम आदमी पार्टी का मोर्चा या "राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता"से ध्यान भटकाने की भाजपा की साजिश साबित करने की पुरजोर कोशिश उन हलकों में हुई। लेकिन मंगलवार को जब देश भर से कॉकरोचों के लिए समर्थन उमड़ने लगा, तो कांग्रेस ने प्रधानमंत्री निवास के बाहर हाई प्रोफाइल धरना आयोजित कर दिया। मेनस्ट्रीम मीडिया में इसको मिली अहमियत से आम आदमी पार्टी को जलन महसूस हुई, तो उसके नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी और राहुल गांधी के बीच मिलीभगत के आरोप सार्वजनिक रूप से लगा दिए। उधर महीने भर तक मुंह फेरे रहे कई दलों के नेता मंगलवार को हाजिरी लगाने जंतर-मंतर पहुंचे। जबकि होना यह चाहिए था कि ये तमाम दल आत्म-निरीक्षण करते कि जिस तरह जन मानस को कॉकरोचों ने आकर्षित कर लिया है, गुजरे 12 साल में वैसा करने में ये दल क्यों नाकाम रहे हैं?

## आज का विचार




# वैश्विक दवा उद्योग और भारत के लिए नई चुनौतियां



अशोक भाटिया

अमेरिका अपने फायदे के लिए कुछ भी कर सकता है. डोनाल्ड ट्रंप को टैरिफ-टैरिफ खेलने में खूब मजा आता है. अब अमेरिका ऐसा फैसला लेने जा रहा है, जिसका सीधा असर भारत पर पड़ेगा. जी हां, डोनाल्ड ट्रंप के इस फैसले से भारत की मुश्किलें बढ़ जाएंगी. दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका में आयात होने वाली जेनेरिक दवाओं पर भारी टैरिफ लगाने जा रहे हैं. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में 2028 से इम्पोर्ट की जाने वाली जेनेरिक दवाओं पर भारी टैरिफ लगाने का ऐलान किया. इस फैसले से भारत की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि अमेरिका भारतीय दवा कंपनियों का सबसे बड़ा बाजार है. ट्रंप के इस फैसले का सबसे बड़ा असर भारत के दवा उद्योग पर पड़ेगा। डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कहा कि 1 अगस्त 2026 से अमेरिका में आने वाली सभी जेनेरिक दवाओं पर अगले दो साल तक कोई टैरिफ नहीं लगाया जाएगा. यानी 2028 तक इन दवाओं पर आयात शुल्क शून्य रहेगा. लेकिन इसके बाद नियम पूरी तरह बदल जाएंगे. 2028 से एक साल के लिए इसे बढ़ाकर 100 परसेंट और फिर उसके बाद 200 परसेंट कर दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि इस कदम का मकसद ऐसी फार्मास्युटिकल दवाओं की मैन्युफैक्चरिंग को अमेरिका में ही शुरू करना है. इस कदम से भारत पर असर पड़ सकता है. कारण कि अमेरिका को जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा एक्सपोर्टर है। डोनाल्ड ट्रंप की आर्थिक नीतियों का मूल मंत्र हमेशा से 'अमेरिका फर्स्ट' और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना रहा है। अपने पिछले कार्यकालों में उन्होंने ऑटोमोबाइल, स्टील और टेक सेक्टर पर ध्यान केंद्रित किया था, लेकिन इस बार उनका निशाना देश की जीवनदायिनी स्वास्थ्य प्रणाली और दवा उद्योग पर है।इस कड़े कदम के पीछे ट्रंप प्रशासन के मुख्य तर्क निम्नलिखित हैं जैसे सप्लाई चेन की आत्मनिर्भरताः कोविड-19 महामारी के दौरान अमेरिका ने महसूस किया था कि वह जीवन रक्षक दवाओं और उनके कच्चे माल के लिए चीन और भारत जैसे देशों पर अत्यधिक निर्भर है। ट्रंप इस रणनीतिक कमजोरी को हमेशा के लिए खत्म करना चाहते हैं।घरेलू रोजगार का सृजनः जब विदेशी कंपनियां अमेरिका में अपने प्लांट स्थापित करेंगी, तो वहां अरबों डॉलर का निवेश होगा और अमेरिकी नागरिकों के लिए उच्च कुशल विनिर्माण क्षेत्र में लाखों रोजगार पैदा होंगे।राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दाः अमेरिकी नीति निमार्ताओं का मानना है कि दवाओं के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता एक राष्ट्रीय सुरक्षा जोखिम है। किसी भी भू-राजनीतिक तनाव या युद्ध की स्थिति में देश में दवाओं की भारी किल्लत हो सकती है।

गौरतलब है कि दुनिया भर में 'दुनिया की फामेर्सी' के रूप में मशहूर भारतीय फार्मास्युटिकल उद्योग के लिए यह फैसला एक बहुत बड़ा झटका है। भारत अमेरिका को जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति करने वाला सबसे बड़ा देश है। अमेरिकी बाजारों में बिकने वाली हर तीन में से एक जेनेरिक दवा किसी न किसी भारतीय कंपनी द्वारा बनाई जाती है।इस नई नीति के लागू होने से भारतीय और वैश्विक दवा बाजार पर निम्नलिखित गंभीर प्रभाव पड़ेंगे जैसे अमेरिका में प्लांट लगाने का भारी दबावः दो साल की 'शून्य टैरिफ' अवधि वास्तव में कोई बड़ी राहत नहीं बल्कि एक अंतिम चेतावनी है। भारतीय कंपनियों के पास केवल 24 महीने का समय है कि वे अमेरिका की धरती पर जमीन खरीदें, प्लांट लगाएं, अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (USFDA) से मंजूरियां लें और व्यावसायिक उत्पादन शुरू करें। जो कंपनियां ऐसा नहीं कर पाएंगी, वे 100% और 200% टैरिफ के कारण अमेरिकी बाजार से पूरी तरह बाहर हो जाएंगी।लागत में भारी बढ़ोतरीः अमेरिका में जमीन, बुनियादी ढांचा, बिजली और सबसे महत्वपूर्ण 'लेबर' (श्रम) की लागत भारत की तुलना में कई गुना अधिक है। अमेरिका में दवा बनाने से कंपनियों की उत्पादन लागत आसमान छूने लगेगी, जिससे उनके मुनाफे के मार्जिन पर बहुत बुरा असर पड़ेगा।पूंजीगत व्यय का संकटः भारत की प्रमुख फार्मा कंपनियों (जैसे सन फार्मा, डॉ. रेड्डीज, सिप्ला, ल्यूपिन और ऑरोबिंदो) को अमेरिकी धरती पर नए विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए अरबों डॉलर का भारी-भरकम निवेश करना होगा। इससे कंपनियों के कर्ज में बढ़ोतरी हो सकती है और घरेलू अनुसंधान एवं विकास के लिए उनके पास फंड की कमी हो सकती है।

ट्रंप प्रशासन का यह कदम जितना विदेशी कंपनियों के लिए चुनौतीपूर्ण है, उतना ही यह खुद अमेरिकी नागरिकों और वहां की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के लिए भी आत्मघाती साबित हो सकता है। जेनेरिक दवाओं का इस्तेमाल इसलिए किया जाता है क्योंकि वे ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 80 से 90 प्रतिशत तक सस्ती होती हैं। इससे अमेरिकी सरकार के 'मेडिकेयर' और 'मेडिकेड' जैसे स्वास्थ्य कार्यक्रमों का खर्च नियंत्रित रहता है। यदि विदेशी कंपनियां दो साल के भीतर अमेरिका में उत्पादन शुरू नहीं कर पाती हैं, तो आयातित दवाओं पर 100% से 200% टैरिफ लगने के कारण अमेरिका में दवाओं की कीमतें रातों-रात दोगुनी या तिगुनी हो जाएंगी। इसके विपरीत, यदि कंपनियां अमेरिका में उत्पादन शुरू भी कर देती हैं, तो वहां की उच्च विनिर्माण लागत के कारण दवाओं के दाम अंततः बढ़ेंगे ही। दोनों ही परिस्थितियों में नुकसान अमेरिकी मरीजों का होगा, जिन्हें अपनी जेब से अधिक पैसे खर्च करने होंगे। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि इस संक्रमण काल के दौरान अमेरिका में कई आवश्यक दवाओं की भारी किल्लत भी पैदा हो सकती है।

हालांकि यह नीति सभी आयातित जेनेरिक दवाओं पर समान रूप से लागू होती है, लेकिन चीन और भारत के संदर्भ में इसके मायने अलग हैं। अमेरिका काफी समय से चीन से आने वाले एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट्स (अढक) और दवाओं पर अपनी निर्भरता कम करना चाहता है। चीन के साथ अमेरिका के भू-राजनीतिक संबंध बेहद तनावपूर्ण हैं, इसलिए चीन के लिए अमेरिकी बाजार के दरवाजे लगभग बंद होने जा रहे हैं।दूसरी ओर, भारत के साथ अमेरिका के संबंध रणनीतिक और व्यापारिक रूप से काफी मजबूत हैं। ट्रंप प्रशासन भारत को एक मित्र देश मानता है, लेकिन व्यापार घाटे के मामले में ट्रंप किसी को रियायत नहीं देते। भारत के लिए चुनौती यह है कि भारतीय कंपनियां स्वयं अपने कच्चे माल के लिए काफी हद तक चीन पर निर्भर हैं। ऐसे में यदि भारतीय कंपनियां अमेरिका में प्लांट लगाती भी हैं, तो उन्हें कच्चे माल की आपूर्ति के लिए एक नया और सुरक्षित नेटवर्क तैयार करना होगा।

इस ऐतिहासिक संकट को भारतीय फार्मास्युटिकल उद्योग एक अवसर में भी बदल सकता है। इसके लिए भारतीय कंपनियों और भारत सरकार को मिलकर एक बहुआयामी रणनीति पर काम करना होगा जैसे अमेरिका में रणनीतिक अधिग्रहण : भारतीय कंपनियों को शून्य से नए प्लांट बनाने के बजाय अमेरिका में पहले से मौजूद बीमार या बंद पड़े विनिर्माण संयंत्रों को खरीदने पर ध्यान देना चाहिए।

इससे समय की बचत होगी और वे दो साल की समय-सीमा के भीतर उत्पादन शुरू कर सकेंगी। हाइब्रिड विनिर्माण मॉडलः कंपनियां दवाओं के फॉमूर्लेशन (तैयारी) का शुरूआती और सस्ता काम भारत में कर सकती हैं और उसकी अंतिम पैकेजिंग, फिनिशिंग और गुणवत्ता जांच अमेरिका में स्थापित प्लांट में कर सकती हैं, ताकि वे अमेरिकी नियमों के दायरे में आ सकें।नए बाजारों की खोजः भारतीय फार्मा उद्योग को अमेरिकी बाजार पर अपनी अत्यधिक निर्भरता को कम करना होगा। अब समय आ गया है कि भारत अफ्रीकी देशों, लैटिन अमेरिका, पूर्वी यूरोप और दक्षिण-पूर्व एशिया के बाजारों में अपनी पैठ मजबूत करे।राजनयिक बातचीत भारत सरकार को अमेरिकी प्रशासन के साथ उच्च स्तरीय वार्ता करनी चाहिए।

## हर श्रम का ऊँचा अंजाम याद रखना

मुझे नाम से नहीं, काम याद रखना,
प्रेम का बस यही पैगाम याद रखना।

मेरी हर खामियों को नजरअंदाज कर ,
मोहब्बत का ऊँचा मुकाम याद रखना।

छोटा-सा सूत्रधार हूँ स्नेह-बन्धन का,
दिलों को जोड़ने का काम याद रखना।

मिलन की चाह में टूटे न रिश्ता कोई
वफाओं का ऊँचा मुकाम याद रखना।

खुशी के चार पल मिलते मुश्किल से
हँसी बाँटने का हर इंतजाम याद रखना।

रहूँ ना रहूँ, यह देह मिट्टी में मिल जाएगी,
मेरे कर्मों का मगर अंजाम याद रखना।

न छोटा कोई पेशा, न छोटा कोई कर्म
हर श्रम का ऊँचा अंजाम याद रखना।

दुआ है प्रभु मुझे हर फर्ज.के काबिल बनाए,
बेनाम समझकर भी मेरा पैगाम याद रखना।



संजीव ठाकुर

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# धर्मेंद्र प्रधान ने का इस्तीफा छात्रों की जीत



जगतपाल सिंह

छात्रों की जीत, धर्मेंद्र प्रधान ने दिया इस्तीफा जंतर मंतर पर चल रहा छात्रों का उग्र प्रदर्शन जिसमें तरह-तरह के नारों के बीच में छात्र एक स्वर में बोल रहे थे लेकर रहेंगे इस्तीफा लेकर रहेंगे, इस्तीफा आखिरकार छात्रों ने जीत हासिल कर ली नीट पेपर लीक होने को लेकर देश भर के छात्र दुखी और परेशान थे उन छात्रों के लिए जिन्होंने अपनी जान दे दी थी छात्रों को लाठी डंडों आशु गैस का सामना करना पड़ा इसके बावजूद भी उनकी केवल एक ही आवाज थी धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो गृहमंत्री की पुलिस एजेंसी ने अनेक रूप बदलकर प्रदर्शनकारी छात्रों के साथ जो मारपीट की उसका इतिहास साक्षी बन गया छात्रों पर लाठी बज रही थी और अभिभावक दुखी और परेशान हो रहे थे इस रिवॉल्यूशन ने भयंकर रूप ले लिया सोनल वांगचुंग जिन्होंने जंतर मंतर पर अनशन करके देश के छात्रों को एक संदेश दिया कि मैं इस लड़ाई मैछात्रों के साथ खड़ा हूं और उन्होंने इस प्रदर्शन को उस मुकाम तक पहुंचा दिया जहां विपक्ष एक जगह खड़ा नजर आया साथ ही देश के एडवोकेट, सामाजिक संस्थाओं के लोग ,मजदूर, किसान डॉक्टर इंजीनियर समाज का प्रबुद्ध वर्ग छात्रों का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से साथ देता नजर आया और देश की सरकार को हिलाना पड़ा और शिक्षा मंत्री को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा। प्रदर्शनकारी छात्रों के साथ सेलिब्रेट भी और समाजसेवियों ने भी जंतर मंतर पर पहुंचकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया ।

बात यही नहीं रुक जाती है देश भर के छात्रों की यह लड़ाई अनेक राजनीतिक सामाजिक संगठनों ने अपने-अपने शहरों में छात्रों की आवाज उठाकर समर्थन किया नतीजा सरकार को झुकना पड़ा और छात्रों की जीत हुई देश के लोकतंत्र की सबसे बड़ी पंचायत ससद के लगभग डेढ़ किलोमीटर के अंतराल के अंदर छात्रों का यह प्रदर्शन चल जहां दिल्ली की यातायात पूरी तरह प्रभावित हुई रोड़ो को रोक दिया गया बेरीकेट बेंडिंग कराई गई मेट्रो बंद बाजार बंद कर दिए गए लेकिन देशभर के छात्र अपनी मांगों पर डटे रहे छात्रों की यह आवाज विपक्ष द्वारा पार्लियामेंट में भी दमदार तरीके से उठाई गई थी जो रास्ता महात्मा गांधी, अन्ना हजारे, आदि समाजसेवियों ने दिखाया था अब उसे पर चलकर सोनम वांगचुग जैसे समाजसेवियों का यह आमरण अनशन इतिहास के पन्नौ में दर्ज हो गया जंतर मंतर पर जो प्रदर्शन शुरू हुआ था वह प्रतिदिन उग्र रूप लेता गया छात्रों ने लाठी डंडे खाए आशु गैस पानी की बौछार का सामना किया तरह-तरह की यातनाएं झेली लेकिन आवाज एक ही रही लेकर रहेंगे इस्तीफा प्रदर्शनकारी अपनी मांगों पर डटे रहे देश की राजनीति में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा क्या गुल खिलाएगा यह तो भविष्य के गर्भ में है लेकिन प्रदर्शनकारी छात्रों की एकता ने साबित कर दिया कि देश का छात्र महात्मा गांधी के द्वारा दिए गए शांति प्रिय प्रदर्शन और हड़तालों से अपनी आवाज को बुलंद कराने और अपनी मांग को मनवाने में सक्षम है जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के समर्थन में आई कॉकरोच जनता पार्टी के प्रवक्ता सौरभ दास ने चल रहे इस प्रदर्शन को वापस लेने का ऐलान किया उल्लेखनीय है कि देश में जब भी छात्रों ने अपनी आवाज उठाई है तो छात्रों की मांगों के आगे सरकारों को झुकना पड़ा है शिक्षा मंत्री का इस्तीफा भले ही देर से दिया गया हो लेकिन छात्र हित के लिए यह एक सरकार का सही और उचित कदम है।

## सोमवार का राशिफल

**मेष** — किसी मंदिर में थोड़ी देर के लिए जा सकते हैं,मन में भावनात्मक उतार चढ़ाव रहेगा, अच्छी मित्रता का साथ मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-62

**वृषभ** — आपकी वाणी सफलता के दरवाजे खोलेगी, आर्थिक उन्नति मिलेगी, जीवन साथी की हरकतों से मन खिन्न रह सकता है, स्वास्थ्य लाभ के लिए चिकित्सक या दवा बदल सकते हैं।

**मिथुन** — आपके क्रिएटिव विचार लोगोंको पसंद आयेंगे, हाजिर जवाबी से काम अपने पक्ष में करेंगे, फूड सर्विस, ट्यूशन, कोचिंग कार्य में बढ़ोतरी होगी, मीठा कम खाए। भाग्य प्रतिशत-69

**कर्क** — शरीर कमजोर, किसी कार्य की हताशा,निराशा से बचें,आय कैसे बढ़े पुरजोर प्रयास करेंगे, दूर के लोगों से बातचीत होगी। भाग्य प्रतिशत-54

**सिंह** — मन नहीं लगेगा, काम में बाधाएँ आ सकती है,परेशानी के चलते किसी को ठीक से जवाब नहीं दे सकेंगे, मतलबी लोगों को पहचाने। भाग्य प्रतिशत-50

**कन्या** — शुभ समय हैं;काम की प्रगति, उन्नति होगी, सुख साधन पर खर्चा होगा, कोई अभिलाषा भी पूरी होगी, पैसे अधिक खर्च हो सकते हैं।

**तुला** — कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा, अपनी मर्जी अधिक करेंगे, संतान को लेकर असुरक्षा बढ़ सकती है, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी धीमी पड़ सकती है। भाग्य प्रतिशत-53

**वृश्चिक** — चिंतन मनन की स्तिथि रहेगी, विपरित परिस्थितियों से निपटना पड़ेगा, पूजा अर्चना से खुशी मिलेगी, इम्यूनिटी का ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-52

**धनु** — खर्चा बढ़ेगा, मन बाहरी जगत में, थोड़ा आजादी, घूमना, शांति चाहेगा, धार्मिक, प्रतिष्ठित परिवार में विवाह की बातचीत चल सकती है। भाग्य प्रतिशत-63

**मकर** — मिलने वाले लोगों से सतर्क रहें,काम का पैसा मार सकते हैं, क्रिएटिव कार्य से प्रसिद्धि बढ़ेगी, पुलिस,थल सेना में जाने की इच्छा रहेगी।

**कुंभ** — आराम करें, अपनी जिम्मेदारियों से थोड़ा मुक्ति चाहेंगे, जीवन बोझिल हो सकता है,कोई काम कुछ दिनों में कर ना ही है मन पक्का कर लेंगे। भाग्य प्रतिशत-50

**मीन** — धार्मिक यात्रा में परेशानी होगी, उच्च शिक्षा पर ध्यान दे, प्रेम प्रसंग की तरफ से आघात लगेगा, चिकित्सा सेवा में उत्तम प्रगति करेंगे। भाग्य प्रतिशत-55



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# तालीम का मरकज बना कुन्दरकी का अलबरू हायर सेकंडरी स्कूल

**एम.के.भारती सैफी**

कुन्दरकी, कलम से निकली स्याही और मां की दुआ कभी खाली नहीं जाती। इसी यकीन के साथ कुन्दरकी की तालीमी तारीख में एक नया सफहा जुड़ गया।

मुरादाबाद-चंदौसी रोड से होते हुए इमरतपुर-सिरसी रोड पर रेलवे क्रॉसिंग के पास आज जो इदारा खड़ा है, वो सिर्फ ईंट-पत्थर की इमारत नहीं, बल्कि हजारों ख्वाबों का आशियाना है। इस आशियाने का नाम है अलबरू हायर सेकंडरी स्कूल और इसका चिराग जलाने वाले हैं तसलीम अहमद।

### खानदान और पृष्ठभूमि

तसलीम अहमद के पूर्वज मूल रूप से संभल जिले की तहसील चंदौसी के गांव बाबई नगलिया के रहने वाले थे। तसलीम अहमद के दादा मरहूम भोलू सैफी अपने इलाके के नामवर, मेहनती और संपन्न किसान थे। दादी का नाम रेशमा बेगम है। तसलीम अहमद के वालिद अल्ला बख़्श सैफी पुलिस महकमे में इंस्पेक्टर के ओहदे पर फाइज थे और वालिदा का नाम जमीला बेगम है। अनुशासन और इबादत वाला माहौल ही तसलीम अहमद की तरबियत की बुनियाद बना।

### पिता की पोस्टिंग और कुबार्नी

तसलीम अहमद के वालिद मरहूम अल्ला बख़्श सैफी की पोस्टिंग उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में रही। वर्दी की जिम्मेदारी के साथ-साथ उन्होंने बच्चों की तालीम को सबसे ऊपर रखा। 17 जून 2025 को तसलीम अहमद के वालिद अल्ला बख़्श सैफी के इंतकाल के बाद तसलीम अहमद ने उनके अधूरे ख्वाब को अपनी मंजिल बना लिया।

### तालीम हासिल की और मिशन की शुरूआत

तसलीम अहमद ने अपने भाई शमीम अहमद, नसीम अहमद और अनीस अहमद के साथ हरिद्वार और मुरादाबाद में इब्तिदाई तालीम हासिल की।

सन 1996 में तसलीम अहमद के वालिद मरहूम अल्ला बख़्श सैफी ने कुन्दरकी के मोहल्ला नूरुल्ला में मुरादाबाद-चंदौसी रोड पर मकान तामीर कराया और परिवार सहित यहां रहना सहना शुरू किया।

बच्चों को मयारी तालीम देने के जज्बे से सराबोर तसलीम अहमद के वालिद मरहूम अल्ला बख़्श सैफी ने सन 2006 में अलबरू स्कूल की बुनियाद रखी। उस वक़्त महज कुछ कमरों से कुन्दरकी में रेलवे क्रॉसिंग के पास शुरू हुआ ये सफर आज एक तनावर दरख्त बन चुका है। सन 2020 में ये इदारा अलबरू हायर सेकंडरी स्कूल के रूप में तरक्की पाकर आज कुन्दरकी के इमरतपुर-सिरसी रोड पर नई बिल्डिंग में कुन्दरकी का तालीमी मरकज बन गया है।



तसलीम अहमद निभा रहे विरासत का फर्ज

### खिदमत और कारनामे

आज तसलीम अहमद इस इदारे का निजाम तन्हा संभाल रहे हैं। उनकी निगरानी में यहां कसीर तादाद में तलबा व तालिबात इल्म की दौलत से मुस्तफीद हो रहे हैं। स्कूल में तालीम के साथ-साथ तहजीब, अख्लाक और कौमी एकता पर भी खास तवज्जो दी जाती है।

बेहतरीन नताइज और मयारी तालीम की बदौलत तसलीम अहमद को विभिन्न सामाजिक, तालीमी और तंजीमों से कई बार एजाजात व सर्टिफिकेट से नवाजा जा चुका है। अलबरू से फारिग होने वाले तलबा आज डॉक्टर, इंजीनियर, टीचर, वकील और कारोबारी बनकर समाज की खिदमत कर रहे हैं।

तसलीम अहमद फख्र से कहते हैं - "हमने इस इदारे के लिए बहुत मेहनत की है। मेहनत का नतीजा है कि आज स्कूल में काफी तादात में बच्चे तालीम हासिल कर रहे हैं। ये स्कूल सिर्फ वालिद की और सभी हमदर्दों की दुआओं से चल रहा है।"

### गरीब बच्चों का खास ख्याल

तसलीम अहमद का कहना है कि स्कूल में गरीब और जरूरतमंद तलबा का खास ख्याल रखा जाता है। हमारा मकसद है कि इलाके का कोई भी बच्चा तालीम से महरूम न रहे। फीस और किताबों को लेकर किसी को परेशान नहीं होने दिया जाता। इसी सोच की वजह से अलबरू आज हर तबके के वालिदैन का भरोसा बन चुका है।

### प्रेरणा मिली

तसलीम अहमद का कहना है कि उन्हें इस तालीमी सफर में हौसला और रहनुमाई आईटीएम डिग्री कॉलेज के चेयरमैन, शिक्षाविद हाजी बाबू शरीफउद्दीन पाशा और कुन्दरकी इंटर कॉलेज के बानी व मैनेजर हाजी नवाब हुसैन से मिली। इन्हीं हस्तियों की तालीम-दोस्ती ने उन्हें आगे बढ़ने की हिम्मत दी।

### खानदान का तआवुन

तसलीम अहमद के भाई शमीम अहमद मुरादाबाद में वकालत के पेशे से वाबस्ता हैं। दूसरे भाई नसीम अहमद खेती के काम में लगे हुए हैं, जबकि तीसरे भाई अनीस अहमद कारोबार से जुड़े हैं। तीनों भाई तसलीम अहमद के इस तालीमी मिशन में हर कदम पर साथ खड़े हैं।

आज अलबरू सिर्फ एक स्कूल नहीं, बल्कि कुन्दरकी के नौजवानों के मुस्तकबिल की तामीरगाह है। तसलीम अहमद का मिशन है कि इलाके का हर बच्चा बा-इज्जत और बा-किरदार शहरी बने।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# ज्ञापन सौंपकर की अवैध ई-रिक्शा व ऑटो संचालन पर कार्रवाई की मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** राष्ट्रीय हिंदू युवा वाहिनी के जिला प्रभारी एवं गोविंदपुरी कॉलोनी निवासी अनिल जैन ने मोदीनगर क्षेत्र में बिना वैध दस्तावेजों के संचालित ई-रिक्शा एवं ऑटो के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सहायक पुलिस आयुक्त भास्कर वर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में ऐसे ई-रिक्शा और ऑटो संचालित हो रहे हैं जिनके पास फिटनेस, परमिट, प्रदूषण प्रमाणपत्र, बीमा और लाइसेंस जैसे आवश्यक दस्तावेज नहीं हैं। संगठन का आरोप है कि ऐसे वाहन यातायात व्यवस्था प्रभावित करने के साथ-साथ प्रदूषण और जाम की समस्या भी बढ़ा रहे हैं व सरकार को राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। अनिल जैन ने ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया कि शासन द्वारा ई-रिक्शा को मुख्य मार्गों पर संचालन की अनुमति नहीं दी गई है। इसके बावजूद कई वाहन दिल्ली-मेरठ मार्ग सहित प्रमुख सड़कों पर दौड़ रहे हैं। उन्होंने आगामी कांवड़ यात्रा के मद्देनजर ऐसे वाहनों के कारण दुर्घटना की आशंका भी जताई। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित कर ई-रिक्शा एवं ऑटो चालकों के दस्तावेजों की व्यापक जांच कराई जाए तथा बिना वैध कागजात संचालित वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि ऐसे वाहनों के कारण कोई दुर्घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित विभागों और प्रशासन की होगी।

# आप पार्टी ने किया संगठन विस्तार, विनोद सैनी को ओबीसी प्रकोष्ठ की कमान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**





**पिलखुवा।** आम आदमी पार्टी के प्रतापपुर रोड स्थित जिला कार्यालय पर रविवार को आयोजित संगठनात्मक बैठक में कई नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई। पार्टी नेतृत्व ने विनोद सैनी को ओबीसी प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष, मोहम्मद समीर को जिला महासचिव तथा सुरेंद्र तेवतिया को धौलाना विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का आह्वान किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश प्रवक्ता एवं पश्चिमी प्रांत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीएम चौहान ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता और जनसंपर्क पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि नए पदाधिकारी जनता के बीच पार्टी की नीतियों और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने का कार्य करेंगे।

उन्होंने दिल्ली के जंतर-मंतर पर युवाओं द्वारा किए गए आंदोलन का उल्लेख करते हुए कहा कि छात्रों और युवाओं ने अपने संघर्ष से लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक जैसे मामलों पर युवाओं की आवाज को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और जनदबाव लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है।

बैठक में नगर अध्यक्ष अरुण शर्मा, इमरान खान, शकील अहमद, नीरज अत्रे, बुद्ध प्रकाश एडवोकेट, साकिर खान, चतर सिंह कलवा, फैजल खान, इसरार अहमद, देवेंद्र तोमर सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चातुर्मास का शुभारंभ, संयम, साधना और आत्मचिंतन के चार माह शुरू

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** देवशयनी एकादशी के साथ शनिवार से चातुर्मास का शुभारंभ हो गया। सनातन परंपरा में यह चार माह का पावन काल जप, तप, व्रत, दान, स्वाध्याय और आत्मचिंतन के लिए विशेष महत्व रखता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान श्रीहरि विष्णु योगनिद्रा में प्रवेश करते हैं तथा देवउठनी एकादशी तक मांगलिक कार्य स्थगित रहते हैं। इस वर्ष चातुर्मास का समापन 20 नवंबर को देवउठनी एकादशी के साथ होगा। यह जानकारी देते हुए ज्योतिष ज्ञानपीठ की चेयरपर्सन संतपुरा कॉलोनी निवासी डॉ सोनिका जैन ने बताया कि चातुर्मास केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है बल्कि आत्मशुद्धि और व्यक्तित्व परिवर्तन का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति इस अवधि में किसी एक दुर्गुण का त्याग कर एक सद्गुण अपनाने का संकल्प ले तो यही चातुर्मास की वास्तविक साधना है।



डॉ सोनिका जैन

क्रोध के स्थान पर क्षमा, अहंकार के स्थान पर विनम्रता, संग्रह के स्थान पर दान और स्वार्थ के स्थान पर सेवा का भाव जीवन को नई दिशा प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि ज्योतिषीय दृष्टि से भी यह अवधि आध्यात्मिक ऊर्जा के संचय का श्रेष्ठ समय मानी जाती है। भगवान विष्णु एवं भगवान शिव की आराधना, मंत्र-जप, ध्यान, तुलसी पूजन, स्वाध्याय और जरूरतमंदों की सहायता जैसे कार्य सकारात्मक ऊर्जा एवं मानसिक शांति प्रदान करते हैं। डॉ सोनिका जैन ने बताया कि जैन धर्म में भी चातुर्मास का विशेष महत्व है। वर्षा ऋतु में सूक्ष्म जीवों की रक्षा के उद्देश्य से साधु-साध्वियां एक स्थान पर विराजमान होकर धर्मोपदेश देते हैं। इस दौरान श्रद्धालुओं को स्वाध्याय, सामायिक, प्रतिक्रमण, तप एवं दशलक्षण महापर्व जैसे धार्मिक आयोजनों के माध्यम से आत्मिक उन्नति का अवसर प्राप्त होता है। डॉ सोनिका जैन ने लोगों से आह्वान किया कि चातुर्मास के दौरान एक बुरी आदत छोड़कर एक अच्छी आदत अपनाने तथा सेवा, दया और पर्यावरण संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लें, ताकि यह पावन काल आत्मपरिवर्तन का वास्तविक अभियान बन सके।

# अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा का चलो गाँव की ओर' अभियान हुआ तेज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**मोदीनगर (अनवर खान)।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में तहसील क्षेत्र के गांव पुठरी में चलो गाँव की ओर अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पंडित जितेंद्र शर्मा ने किया। जिसमें ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीडी शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज की पहचान केवल धार्मिक परंपराओं तक सीमित नहीं है बल्कि शिक्षा, संस्कार, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य गांव-गांव तक पहुंचकर समाज को एकजुट करना, युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना तथा सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक करना है। वहीं शहर अध्यक्ष हरेंद्र शर्मा ने कहा कि समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकता और आपसी सहयोग में निहित है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच संवाद बढ़ाने से संगठन और अधिक सशक्त होगा। उन्होंने युवाओं से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा शिक्षा, सेवा और संस्कारों को जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया। अन्य वक्ताओं ने सभी से संगठित रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर पंडित जितेंद्र शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष बीडी शर्मा, जिला अध्यक्ष बुद्धप्रकाश शर्मा, राष्ट्रीय सचिव शिवमोहन भारद्वाज, शहर अध्यक्ष हरेंद्र शर्मा, राजपाल, मनोज शर्मा, सोनू शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

# छात्रों पर कार्रवाई के विरोध में कांग्रेसियों का प्रदर्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**मोदीनगर (अनवर खान)।** शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कार्यकताओं ने तहसील में धरना-प्रदर्शन किया और केंद्र एसडीएम कोमल पवार को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने नीट सहित विभिन्न परीक्षाओं में पेपर लीक प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने और जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर कथित लाठीचार्ज के दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की।

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजेश कुमार सैनी ने कहा कि लगातार सामने आ रहे पेपर लीक प्रकरण युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हैं। वहीं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य सुनील शर्मा ने छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने, पेपर लीक से प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने तथा जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ हुई कथित बर्बरता के दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। प्रदर्शन में चांदवीर चौधरी, अभिनव शर्मा, संदीप त्यागी, राकेश शर्मा, संजय शर्मा, पवन कुमार कोरी, आदेश त्यागी, बबीता चौधरी, समसा बेगम, महेश दत्त शर्मा, विशाल कौशिक, आकाश कुमार, वकील अहमद, हरेंद्र शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, सत्यपाल सिंह, आरिफ रिजवी, आत्मप्रकाश शर्मा, मुकुल शर्मा, अनस सैफी, सेंसर पाल, इमरान सैफी, मोनू मलिक, श्रीओम शर्मा, चतरे जाटव, कामेश शर्मा, विनय कुमार, रविंद्र कुमार शर्मा, राजकुमार त्यागी, रामकिशन शर्मा, ममता शर्मा, फकीरचंद कश्यप, सुनील कटारिया, संजय कौशिक सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कारगिल के अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**मोदीनगर (अनवर खान)।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर रविवार को शहीद मेजर आशाराम त्यागी की प्रतिमा प्रांगण में हवन एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। 'एक आहुति शहीदों के नाम' कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक डॉ मंजू शिवाच ने कारगिल युद्ध के अमर वीर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर विधायक डॉ मंजू शिवाच ने कहा कि कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों ने अदम्य साहस, पराक्रम और सर्वोच्च बलिदान से देश की सीमाओं की रक्षा कर भारतीय सेना की गौरवशाली परंपरा को और मजबूत किया। उन्होंने कहा कि शहीदों का त्याग, राष्ट्रप्रेम और वीरता देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत है तथा आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा, कर्तव्यनिष्ठा और देशभक्ति का संदेश देता रहेगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि दी तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। हवन में आहुतियां अर्पित कर देश की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर सैनिकों को नमन किया गया।

श्रद्धांजलि सभा में पूर्व सैनिकों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, युवाओं और गणमान्य नागरिकों ने भी शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# फूलन देवी का बलिदान दिवस मनाया, की भारत रत्न देने की मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**मोदीनगर(अनवर खान)।** कश्यप उत्थान सेवा समिति द्वारा गाजियाबाद के बापूधाम स्थित समिति के संयोजक सुखबीर कश्यप के आवास पर वीरांगना स्व फूलन देवी का बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर उनके संघर्षपूर्ण जीवन को स्मरण किया गया तथ केंद्र सरकार से उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न प्रदान करने की मांग की गई।

समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र पुरी कॉलोनी निवासी पंकज कश्यप ने यह जानकारी देते हुए बताया कि फूलन देवी ने सामाजिक न्याय और वंचित समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष किया था। उन्होंने कहा कि उनके योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाना चाहिए तथा भारत रत्न देकर उनके संघर्ष को उचित सम्मान मिलना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजवादी नेता जेपी कश्यप ने की, जबकि पूर्व मंत्री पन्नालाल कश्यप मुख्य अतिथि रहे। संचालन समिति के महासचिव सुनील कश्यप ने किया।

इस अवसर पर सुभाष कश्यप, सुदेश कश्यप, एडवोकेट अनिल कश्यप, जयवीर कश्यप, सतीश कश्यप, विपत्रम कश्यप, जयभगवान कश्यप, वीरेंद्र कश्यप, नागेंद्र कश्यप, ललित कश्यप, रविंद्र कश्यप, संचित कश्यप, अमरपाल कश्यप, रिंकू कश्यप, राधे कश्यप, देवी सिंह कश्यप, श्रीराम मास्टर सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# भाजयुमो प्रदेश मंत्री अरुण यादव 30 जुलाई तक जनपद प्रवास पर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



अरुण यादव

**मोदीनगर (अनवर खान)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री अरुण यादव 30 जुलाई तक जनपद में लगातार प्रवास कर संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करेंगे। इस दौरान वह जिले के प्रत्येक मंडल में बैठकें कर कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों से संवाद स्थापित करेंगे।

भाजयुमो के जिला महामंत्री आदर्श नगर कॉलोनी निवासी एड ललित त्यागी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश मंत्री के प्रवास का प्रमुख उद्देश्य डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म (डीएलपी) को अधिक प्रभावी बनाना, संगठनात्मक गतिविधियों को गति देना तथा जिला अध्यक्ष पद के संभावित दावेदारों से संवाद करना है। उन्होंने बताया कि मंडल स्तर पर होने वाली बैठकों में संगठन विस्तार, कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी।

एड ललित त्यागी ने कहा कि प्रदेश मंत्री अरुण यादव का यह प्रवास संगठन के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। उनके मार्गदर्शन से युवा मोर्चा के कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा और संगठन की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

# एसआरएम ने किया कारगिल के रणबांकुरों को नमन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस में भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और सर्वोच्च बलिदान को समर्पित भव्य समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सेना के वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।






समारोह के मुख्य अतिथि आरवीसी सेंटर एंड कॉलेज, मेरठ छावनी के सीनियर इंस्ट्रक्टर कर्नल मोहम्मद आदिल याकूब तथा विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल मुकेश सिहाग रहे। मुख्य अतिथियों का गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत किया गया। इसके बाद अकादमिक ब्लॉक में कारगिल के अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की गई और सभी प्रतिभागी श्रद्धांजलि जुलूस के साथ सभागार पहुंचे। निदेशक डॉ एस विश्वनाथन की उपस्थिति में आयोजित समारोह में डीन कैंपस लाइफ डॉ नवीन अहलावत ने स्वागत भाषण देते हुए युवाओं में राष्ट्रधर्म और देशभक्ति के संस्कार विकसित करने पर बल दिया। डॉ आरपी महापात्रा तथा डॉ धौम्या भट्ट ने भारतीय सशस्त्र बलों के अद्वितीय योगदान को बताया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर एवं स्टूडेंट सुपरवाइजर मैनेजर मुकेश कुमार सिन्हा को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कर्नल मोहम्मद आदिल याकूब और लेफ्टिनेंट कर्नल मुकेश सिहाग ने कारगिल युद्ध के अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्रहित सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण को ओजपूर्ण बना दिया।

कार्यक्रम के सफल संचालन में डॉ.श पल्लवी जैन, डॉ रूपाली सिंह, एनसी अधिकारी ए कथिरेशन, देवराज सिरधाना, ज्योति सचदेवा तथा मंच संचालक हर्षिता खुराना की महत्वपूर्ण भूमिका रही। धन्यवाद ज्ञापन के बाद राष्ट्रगान और 'भारत माता की जय' के उद्घोष के साथ समारोह का समापन हुआ।

**पर्दाफाश** धौलाना थानेदार के नेतृत्व में चला था अभियान

# धौलाना पुलिस ने पांच तार चोरों को दबोचा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** धौलाना के औद्योगिक क्षेत्र यूपीएसआईडीसी में बंद पड़ी फैक्ट्रियों को निशाना बनाकर ट्रांसफार्मरों से तांबा चोरी करने वाले गिरोह का धौलाना पुलिस ने पदार्फाश किया है। पुलिस ने शनिवार को पांच आरोपितो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब तीन कुंतल चोरी का तांबा, तीन अवैध चाकू, एक मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद की है। गिरोह के पकड़े जाने से हाल के दिनों में हुई ट्रांसफार्मर चोरी की घटनाओं का भी खुलासा हुआ है। सीओ ने शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि छह जुलाई को मसूरी गुलावठी रोड औद्योगिक क्षेत्र में एक बंद पड़ी फैक्ट्री के ट्रांसफार्मर से तांबा चोरी होने की घटना सामने आई थी। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। शुरूआत में पुलिस के पास कोई प सुराग नहीं था, जिसके चलते यह चोरी पूरी तरह से चुनौती बन गई । घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम ने 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर तंत्र और लगातार की गई पड़ताल के आधार पर आरोपितो की पहचान की गई। इसके बाद धौलाना पुलिस ने रावली पुल के पास से देर रात चेकिंग के दौरान घेराबंदी कर पांचों आरोपितो को दबोच लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पहले कई दिनों तक बंद पड़ी फैक्ट्रियों की रेकी करते थे। मौका मिलने पर रात के समय फैक्ट्री परिसर में घुसकर ट्रांसफार्मरों से तांबा निकाल लेते थे और उसे ठिकाने लगा देते थे।



गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोशन, मोनिश, दानिश, कपिल और असलम के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से पांच बोरों में रखा करीब तीन कुंतल चोरी का कॉपर, तीन अवैध चाकू, एक हीरो मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद की है। धौलाना थानेदार अवनीश शर्मा ने बताया कि सभी आरोपितो के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस अब यह भी पता लगा रही है कि चोरी का तांबा किन लोगों को बेचा जाता था और गिरोह से जुड़े अन्य सदस्य कौन-कौन हैं। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी रोशन के खिलाफ चोरी और आर्म्स एक्ट समेत कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं, जबकि अन्य आरोपितों का आपराधिक इतिहास रहा है ।

## हमेशा याद आती रहेगी वीरगना फूलन देवी: फिरोज खा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (दानिश अली )**। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज खाँ के कार्यालय पर नारीशक्ति के साथ अत्याचार व शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाली महान वीरांगना, महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत, नारी अस्मिता की प्रबल रक्षक एवं शोषितों, वंचितों व पीड़ितों की अमर आवाज पूर्व सांसद 'स्व0 फूलन देवी की पुण्यतिथि के मौके पर फिरोज खाँ ने उनके चित्र पर मालार्पण कर श्रधांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा वीरगना फूलन देवी ने बहुत संघर्ष किया है उन्होंने अपने उपर हुए उत्पीड़न का जवाब देकर समाज में महिलाओं की आवाज बननें का काम किया है एवं नारी शक्ति की आवाज को बुलन्द किया आज समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता संकल्प लेकर जाये सभी को साथ लेकर 2027 में पीडीए की सरकार बनायेंगे और अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनायेंगे कार्यक्रम में शामिल रहे आरिफ खाँ जबर सिंह यादव रामरहिस यादव मोनिस जाहिद खाँ अजमत गुलाम मुस्तुफा गौरव यादव शमीम खाँ अकील खाँ बिलाल खाँ इमरान सलीम सलमान नासिर हुसैन छुन्नन शाहाब आदि लोग मौजूद रहे।



## राष्ट्रीय पुरोहित परिषद करेगी कांवड़ियों का भावपूर्ण स्वागत : पं.सुंदरलाल तिवारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (लायबा नूर)**। श्रावण मास के पावन अवसर पर राष्ट्रीय पुरोहित परिषद ने निर्णय लिया है कि सम्भल में आने वाले कांवड़ियों का भव्य स्वागत किया जाएगा। सरथल पुलिस चौकी के निकट स्थित शिव मंदिर पर आयोजित परिषद की बैठक में यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पुरोहित पंडित सुंदरलाल तिवारी ने की, जबकि संचालन अजय कुमार शर्मा द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए पंडित कैलाश चंद्र शर्मा ने कहा कि नगर के पुरोहित, पुजारी एवं पंडित समाज द्वारा सम्भल में आने वाले कांवड़ियों का विभिन्न प्रकार से उत्साहवर्धन, अभिनंदन एवं स्वागत किया जाएगा। अध्यक्ष पं. सुंदरलाल तिवारी ने कहा कि श्रावण मास अत्यंत पुण्यशाली महीना है। इस माह में भगवान भोलेनाथ की कांवड़ लाने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। साथ ही कांवड़ लाने वालों का उत्साहवर्धन और स्वागत करने वालों पर भी भगवान शिव अत्यंत प्रसन्न होते हैं और उन्हें अमिट आशीष प्रदान करते हैं परिषद द्वारा तय किया गया है कि श्रावण मास में आने वाले कांवड़ियों के मस्तक पर तिलक लगाकर,हाथ में कलावा बांधकर एवं उन पर पुष्प वर्षा कर उनका भावपूर्ण स्वागत-अभिनंदन किया जाएगा।



बैठक में पंडित परमानंद तिवारी, पंडित तरुण भारद्वाज, पंडित पुष्पेंद्र कुमार शर्मा, पंडित आदित्य शर्मा, पंडित नरेश कुमार शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे। सभी ने श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना, जलाभिषेक एवं रुद्राभिषेक करने तथा श्रावण के सोमवार को विशेष महत्व देने पर बल दिया। अंत में परिषद ने कांवड़ यात्रियों को सुविधा देने, उनकी सेवा करने एवं स्वागत की सम्पूर्ण योजना बनाने का दायित्व सर्वसम्मति से पंडित नरेश चंद्र शर्मा को सौंपा।

## स्वच्छता, स्वाद और सेवा से ग्राहकों की पहली पसंद बना बिग्गीज रेस्टोरेंट

## मैनेजर कपिल कुमार की कुशल कार्यशैली और विनम्र व्यवहार ने जीता ग्राहकों का भरोसा, हर व्यंजन में गुणवत्ता और स्वच्छता का विशेष ध्यान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी**। शहर में यदि स्वादिष्ट और स्वच्छ भोजन की बात होती है तो बिग्गीज रेस्टोरेंट का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। बेहतर गुणवत्ता, साफ-सुथरे वातावरण, आधुनिक किचन व्यवस्था और ग्राहकों के प्रति सम्मानजनक व्यवहार के कारण यह रेस्टोरेंट शहरवासियों की पहली पसंद बनता जा रहा है। यहां आने वाले ग्राहक न केवल लाजवाब स्वाद का आनंद लेते हैं, बल्कि उन्हें एक पारिवारिक और स्नेहपूर्ण माहौल भी मिलता है। रेस्टोरेंट के मैनेजर कपिल कुमार अपनी कुशल कार्यशैली, अनुशासन, विनम्र स्वभाव और ग्राहकों की संतुष्टि के प्रति समर्पण के लिए विशेष पहचान बना चुके हैं। वे स्वयं प्रत्येक ग्राहक की सुविधा का ध्यान रखते हैं और स्टाफ को भी बेहतर सेवा देने के लिए लगातार प्रेरित करते हैं। उनकी सकारात्मक सोच, सहज व्यवहार और उत्कृष्ट प्रबंधन के चलते रेस्टोरेंट ने कम समय में शहर में अपनी अलग पहचान स्थापित की है। ग्राहकों का कहना है कि कपिल कुमार हर व्यक्ति का स्वागत मुस्कान के साथ करते हैं और उनकी छोटी से छोटी जरूरत का भी पूरा ध्यान रखते हैं, जिससे दोबारा आने का मन करता है। बिग्गीज रेस्टोरेंट का आधुनिक और पूरी तरह स्वच्छ किचन इसकी सबसे बड़ी विशेषताओं में शामिल है। यहां भोजन तैयार करते समय साफ-सफाई, गुणवत्ता और ताजगी का विशेष ध्यान रखा जाता है। खाद्य सामग्री का चयन सावधानी से किया जाता है तथा हर व्यंजन को निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुसार तैयार किया जाता है, जिससे ग्राहकों को स्वाद के साथ भरोसा भी मिलता है। रेस्टोरेंट के मेन्यू में हर आयु वर्ग की पसंद का विशेष ध्यान रखा गया है। यहां का बिग्गीज स्पेशल पिज्जा, बर्गर, हक्का नूडल्स, मंचूरियन, स्प्रिंग रोल, पाव भाजी, डोसा, उत्तपम सहित अनेक स्वादिष्ट व्यंजन ग्राहकों के बीच खासे लोकप्रिय हैं। इन व्यंजनों का बेहतरीन स्वाद, आकर्षक प्रस्तुति और उचित मूल्य लोगों को बार-बार यहां आने के लिए प्रेरित करते हैं।



मैनेजर कपिल कुमार




स्वच्छता, गुणवत्ता, स्वाद और उत्कृष्ट ग्राहक सेवा के इन मानकों के कारण बिग्गीज रेस्टोरेंट आज चन्दौसी के चर्चित रेस्टोरेंट्स में अपनी मजबूत पहचान बना चुका है। परिवार, युवा और मित्रों के समूह यहां स्वादिष्ट भोजन के साथ यादगार समय बिताने पहुंचते हैं। ग्राहकों का मानना है कि स्वाद, सेवा और स्वच्छता का ऐसा संतुलित अनुभव शहर में कम ही स्थानों पर देखने को मिलता है।

## कारगिल वीरों को दी श्रद्धांजलि, शौर्य और बलिदान को किया नमन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी (मयंक सक्सेना)**। महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान (भारत) के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को सीता रोड स्थित नीलम हॉस्पिटल में कारगिल विजय दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कारगिल युद्ध के शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर एवं मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

**महापुरुष स्मारक समिति व सर्व समाज जागरूकता अभियान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ कार्यक्रम**



मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि कारगिल विजय भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि देशवासियों का कर्तव्य है कि वे शहीदों के बलिदान को सदैव स्मरण रखें और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. महेश कुमार गुप्ता ने तथा संचालन डॉ. अरविंद कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सुरेश चंद्र शर्मा, डॉ. निशा गुप्ता, डॉ. नितिन कौशिक, अंकित वार्ष्णेय, पंकज अग्रवाल, हिमांशु यादव, विकास यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## आवारा पशुओं के लिए सुरक्षित नही है गंगा एक्सप्रेस वे,फिर एक नीलगाय की गंगा एक्सप्रेस वे पर टक्कर लगने से हुई मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई (दिनेश सक्सेना )**। गंगा एक्सप्रेस वे सरकार ने लोगों की सहुलियत के लिए बनाया गया कम समय में अधिक दूरी तह हो और जाम की झाम से बच सके और आवारा पशु जो आये दिन सड़कों पर भटकते रहते है और उनसे दुर्घटनाएं होती है इसी के चलते ऊंचाई को ध्यान में रखते हुए इस एक्सप्रेस वे को बनाया गया है।



कुछ जगहों पर गंगा एक्सप्रेस वे की ऊंचाई और साईड में बने दोनों ओर सड़क की ऊंचाई लगभग बराबर है और इसी ऊंचाई के चलते आवारा पशु एक्सप्रेस वे के ऊपर चढ जाते है और दुर्घटना हो जाती है अभी तक कई पशुओं की मौत हो चुकी है,ऐसी घटना कभी भी विकराल रुप ले सकती है, लोगों का कहना है की अगर इसका शीघ्र कोई समाधान नहीं निकला तो किसी भी दिन हो सकता है बडा हादसा।

## शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड किये गए वितरित

## मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण योजना का जनपद स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई (मोहम्मद काशिफ)**। एमजीएम पीजी कॉलेज संभल में उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण योजना का जनपद स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया और आगरा विश्वविद्यालय आगरा में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित कैशलेस चिकित्सा वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण व प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण दिखाया गया।





इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुलाब देवी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) माध्यमिक शिक्षा उत्तर प्रदेश रहीं जिनके कर कमलों द्वारा शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय मंत्री गुलाब देवी एवं अतिथिगण के द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण द्वारा किया गया। उसके बाद मां सरस्वती की वंदना छात्राओं द्वारा की गई। उसके बाद सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य एमजीएम कॉलेज संभल प्रोफेसर डॉ योगेंद्र सिंह जी ने सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार किया और उन्होंने कहा कि आज उच्च शिक्षा में निरंतर विकास हो रहा है।

हम सभी शिक्षकों को भी छात्रों के उन्नयन व कल्याण हेतु माननीय मुख्यमंत्री की अपेक्षा के अनुरूप कार्य करना चाहिए। इसके बाद गुलाब देवी राज्य मंत्री( स्वतंत्र प्रभार) माध्यमिक शिक्षा उत्तर प्रदेश ने अपने अपने उद्बोधन में माननीय मुख्यमंत्री की कैशलेस चिकित्सा योजना और सामाजिक सुरक्षा गारंटी योजना की भरसक प्रशंसा की और कहा कि यह माननीय मुख्यमंत्री का एक सराहनीय प्रयास है कि सभी शिक्षकों और उनके परिवार जनों को चिकित्सा कैशलेस चिकित्सा का लाभ वे प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने प्राचार्य और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप शिक्षक भी छात्रों के उन्नयन हेतु प्रयासरत रहिए आपके प्रयास से ही सही दिशा व मार्गदर्शन छात्र छात्राओं को प्राप्त होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बहजोई नगर पालिका के अध्यक्ष श्री राजेश शंकर राजू ,भाजपा नेत्री शिल्पी गुप्ता ,एडीएम सौरभ कुमार पांडे जिला विद्यालय निरीक्षकुसर्वेश कुमार,माननीय मंत्री जी के प्रतिनिधि खिलेंद्र सिंह , एमजीएम कॉलेज के सह सचिव श्री विनय कुमार और कोषाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, उच्च शिक्षा नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय संभल डॉ राष्ट्र वर्धन, सहायक नोडल अधिकारी डॉ मोहम्मद अहमद,सहायक नोडल अधिकारी बहजोई महाविद्यालय बहजोई के प्राचार्य डॉ वीरेंद्र कुमार गुप्ता ,एसएम कॉलेज चंदौसी के प्राचार्य डॉ दानवीर सिंह यादव, एनकेबीएमजी कॉलेज चंदौसी की प्राचार्या प्रोफेसर डॉ.अलका रानी अग्रवाल आदि विशिष्ट जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एमजीएम कॉलेज संभल से प्रोफेसर डॉक्टर आबिद हुसैन, प्रोफेसर निरंकार सिंह ,डॉ इमरान खान, डॉ रितु भटनागर,डा निलेश कुमार,डॉ रियाज अनवर,डॉ मोहम्मद अहमद ,डॉ आरपी सिंह, डा नवेद अहमद,डा धीरेंद्र कुमार सिंह, डॉ अमृतेश अवस्थी ,डा अजय कुमार,डा विकास सिंह यादव ,डॉ आरती त्रिपाठी एसएम कॉलेज चंदौसी के प्रोफेसर हेमंत कुमार आदि को कैशलेस चिकित्सा कार्ड का वितरण किया गया कार्यक्रम का आयोजन एमजीएम कॉलेज के सभागार में आयोजित किया गया इसमें एमजीएम कॉलेज के सभी शिक्षक गण और कर्मचारी गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर योगेंद्र सिंह ने व धन्यवाद ज्ञापन प्रो राष्ट्र वर्धन ने,संचालन डॉक्टर फहीम अहमद एवं सहायक नोडल अधिकारी डॉ मोहम्मद अहमद ने संयुक्त रूप से किया।

## 40 गृहस्थ यजमानों ने दी यज्ञ में आहुतियां मैराथन विजेताओं को किया गया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गवां /रजपुरा (लल्ला सलमानी )**। क्षेत्र के गांव भीकमपुर जैनी में स्थित आर्य समाज की स्थापना के 40 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को 40 गृहस्थ यजमानों एवं उनकी सहधर्मिणियों की सहभागिता से बृहद वैदिक यज्ञ एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यजमानों ने विश्व शांति, राष्ट्र की उन्नति, समाज के कल्याण तथा पर्यावरण संरक्षण की कामना करते हुए यज्ञ में आहुतियां प्रदान कीं कार्यक्रम के यज्ञ ब्रह्मा आचार्य जीवन सिंह आर्य, प्राचार्य, गुरुकुल साधु आश्रम, अलीगढ़ रहे। उन्होंने वैदिक यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यज्ञ भारतीय संस्कृति की आत्मा है तथा इससे व्यक्ति, समाज और पर्यावरण का कल्याण होता है मुख्य वक्ता विपिन बिहारी, राज्य प्रभारी, पतंजलि योग समिति, उत्तर प्रदेश (पश्चिम) ने अपने उद्बोधन में योग, वैदिक संस्कृति एवं नशामुक्त जीवन शैली अपनाने का



आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ, संस्कारित और संगठित समाज ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है कार्यक्रम की अध्यक्षता दयाशंकर आर्य, उपाध्यक्ष, आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश ने की। उन्होंने कहा कि आर्य समाज निरंतर शिक्षा, सेवा,संस्कार, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरण के क्षेत्र में कार्य करता रहा है और स्थापना के 40 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित यह समारोह समाज को नई दिशा देने वाला है कार्यक्रम में भजनोपदेशक राष्ट्र वसु आर्य ने अपने प्रेरणादायी भजनों एवं वैदिक संदेशों से उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया इस अवसर पर पूर्व में आयोजित आर्यवीर मैराथन दौड़ के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र, मेडल, पुरस्कार एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दिनेश कुमार, राघवेन्द्र, नरेन्द्र पाल आर्य, वेदवसु आर्य, ज्योति वसु आर्य, राज वसु आर्य, महेश, हीरेन्द्र, धीरेन्द्र आर्य, विजयपाल, भुवनेश, देवराज, ख्यालीराम, विजनेश, रवि सहित बड़ी संख्या में आर्यजन, यजमान, मातृशक्ति एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## शत प्रतिशत पंजीकरण कराये जाने के लिए अधिकारीयों और कर्मचारियों की वार्ड वार ड्यूटी लगाई जा रही है

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)**। सरकारी योजनाओं के लाभ हेतु अब फॅमिली आई डी की अनिवार्यता से लोगों में जागरूकता आ रही है और इस ओर ध्यान दे रहे हैं। प्रदेश की विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए फैमिली आई. डी. पोर्टल पर संबंधित परिवार का पंजीकरण अनिवार्य किये जाने के आदेशों के अनुपालन मे पालिका से संबंधित विभिन्न शासकीय योजनाओं जिनका सत्यापन पालिका द्वारा किया जाता है जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था, दिव्यांग, निराश्रित विधवा आदि पेंशन, प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स योजना के लाभाथीर्यों की लइसेंसिंग, पालिका के विभिन्न लाइसेन्स, सहित अन्य योजना के लाभ के लिए फैमिली आईडी पोर्टल पर उनके शत प्रतिशत पंजीकरण कराये जाने के लिए अधिकारीयों और कर्मचारियों की वार्ड वार ड्यूटी लगाई जा रही है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका अमरोहा दिनेश कुमार ने बताया कि इन कार्यों मे लगे हुए समस्त पालिका कार्मिक संबंधित आदेश के अनुपालन मे आवश्यक कार्यवाही करते हुए दैनिक प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराएँगे।



## कैलाश-मानसरोवर यात्रा पूरी कर चन्दौसी लौटे तुषार, हुआ भव्य स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी**। नगर निवासी शिवभक्त तुषार वार्ष्णेय वर्ष 2026 की कैलाश-मानसरोवर यात्रा सफलतापूर्वक पूर्ण कर शनिवार को चन्दौसी लौट आए। उनके आगमन पर परिवार, मित्रों, शिवभक्तों और नगरवासियों ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत कर उनका अभिनंदन किया। तुषार वार्ष्णेय ने विदेश मंत्रालय के तत्वावधान में लिपुलेख मार्ग के द्वितीय बैच के साथ यात्रा पूरी की। उन्होंने बताया कि बाबा कैलाशपति की कृपा से कैलाश पर्वत, मानसरोवर, डोलमा दर्रा और पवित्र पार्वती सरोवर के दर्शन उनके जीवन का सबसे दिव्य और अविस्मरणीय अनुभव रहे।

**लिपुलेख मार्ग के द्वितीय बैच के साथ किए बाबा कैलाशपति के दर्शन, साझा किए आध्यात्मिक अनुभव**



उन्होंने कहा कि यह यात्रा केवल भगवान शिव की कृपा से ही संभव हो सकी।

यात्रा के दौरान दल के कुक जीवन राम तथा जयपुर निवासी श्रद्धालु गौरी शंकर खंडेलवाल के निधन पर सभी यात्रियों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी की।

स्वागत समारोह में मीरा गुप्ता, पूनम वार्ष्णेय, ब्रजेश वार्ष्णेय, मधुर वार्ष्णेय, अर्पित वार्ष्णेय, अमर वार्ष्णेय, खिलाड़ी वार्ष्णेय, विवेक चौधरी, बंटू सहित बड़ी संख्या में परिजन, मित्र एवं शिवभक्त उपस्थित रहे।

## विशेष अभ्यास चंदौसी ताइक्वांडो एकेडमी में 50 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग, आगामी चैंपियनशिप को लेकर हुआ विशेष अभ्यास

## ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने फाइट कैंप में निखारे दांव-पेंच, प्रतियोगिता की तैयारियों को मिली धार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी**। नगर के संस्कार वैली स्थित चंदौसी ताइक्वांडो एकेडमी में रविवार को एडवांस (क्योरूगी) फाइट कैंप का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 50 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी तकनीक और कौशल का प्रदर्शन किया। कैंप में अंश यादव, शिव कुमार, शौर्य प्रताप सिंह, मिष्टी, आराध्या, आभा, कनक, रितिक, सृष्टि, आदिशक्ति, पलक, प्रियांशी, मन्नत, रागिनी, रायना, कीर्ति, प्रिंस, शनाया, चीनू, अभिनव, अनाया, अक्षत, लिली, गुंजन, रोली गोयल, नक्श, आयुष सहित अन्य खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस दौरान सीनियर खिलाड़ी मनन, पूर्वी, श्याम और राहुल ने प्रशिक्षण में सहयोग किया। जिला ताइक्वांडो सचिव सुरेश कुमार ने बताया कि आगामी चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन और अधिक से अधिक पदक हासिल करने के उद्देश्य से इस विशेष फाइट कैंप का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों में प्रतियोगिता को लेकर काफी उत्साह है और नियमित अभ्यास से बेहतर परिणाम मिलने की उम्मीद है।





## हाईस्कूल पास करके बन रहे डाक्टर, मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई (दिनेश सक्सेना)**। झोलाछाप डॉक्टरों ने सभी रिकॉर्ड तोड दिये एमबीबीएस डाक्टर किसी एक रोग के स्पेशलिस्ट होते हैं,मगर झोलाछाप डॉक्टर आलराउंडर होते हैं बुखार से लेकर केंसर तक सभी का इलाज करते हैं,फिर चाहे मरीज मरे या जिन्दा रहे, हम तो झोलाछाप डॉक्टर है झोला उठाएंगे और हो जाएंगे रफूचक्कर। ऐसा ही एक मामला नरौली चौकी क्षेत्र के गांव सिमरुआ का है जहां एक शिवम् नाम का एक झोलाछाप डॉक्टर मरीजों की जिन्दगियों से खिलवाड़ कर रहा है गांव के कुछ लोगों का कहना है कि हमने इसकी शिकायत भी की परन्तु कोई भी अधिकारी अभी तक नही आया, ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि यह डाक्टर आठवीं पास है और इसके पास किसी प्रकार की कोई डिग्री नहीं है अगर इसकी दवा से किसी मरीज की हालत बिगड़ती है तब उसका जिम्मेदार कोन होगा।



**परचून की तरह गांवों में खुले हुए हैं झोलाछाप के क्लिनिक**

**पूरे जनपद में फैला हुआ है, झोलाछाप डॉक्टरों का मकड़जाल**

पूरे जनपद में शहर, गांव मौहल्लों में इस कदर विना डिग्री के डाक्टर बैठे हैं जैसे गांगा स्नान मेले में दुकानें लगती हों, परन्तु विभाग पर इसका अभी तक कोई तोड नही बना बरना यह झोलाछाप डॉक्टर लोगों की जिंदगियों से नही खेलते,यह विभाग भी जानता है की प्रत्येक बर्ष झोलाछाप डॉक्टरों के कारण दर्जनों मौतें होती है फिर भी आज तक विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

# मड़िया पूर्णिमा मेला: श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जीएम पैरामेडिकल कॉलेज ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** गोवर्धन में चल रहे मड़िया पूर्णिमा मेले के दौरान श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जीएम पैरामेडिकल

**जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने किया शुभारंभ; एसडीएम सुशील कुमार सिंह बोले– 24 घंटे उपलब्ध रहेगी स्वास्थ्य सेवाएं**



कॉलेज द्वारा रायकुंड परिक्रमा मार्ग स्थित नूतन की बगीची में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर शुरू किया गया। शनिवार शाम उत्तर प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने गोवर्धन एसडीएम सुशील कुमार सिंह तथा नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार के साथ संयुक्त रूप से फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि मड़िया पूर्णिमा मेले में देशभर से लाखों श्रद्धालु गिरिराज महाराज की परिक्रमा करने आते हैं। ऐसे में उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन और समाज की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जीएम पैरामेडिकल कॉलेज का यह स्वास्थ्य शिविर श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होगा।

शिविर में परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, आवश्यक दवाएं तथा प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की टीम 24 घंटे तैनात रहेगी। थकान, चोट, डिहाइड्रेशन सहित अन्य सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं का भी मौके पर उपचार किया जाएगा।

गोवर्धन नगर पंचायत के चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार ने कहा कि मेला अवधि में श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर श्रद्धालुओं के लिए बड़ी राहत साबित होंगे।

उद्घाटन समारोह में जीएम पैरामेडिकल कॉलेज के चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# योगी ने मथुरा-वृंदावन विकास को दी नई रफ्तार, 4500 अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती होगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन कुरैशी )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा दौरे के दौरान मथुरा-वृंदावन के समग्र विकास को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में रोपवे निर्माण,

**आगरा में समीक्षा बैठक में रोपवे, सड़क-रेल संयुक्त परियोजना, आधुनिक पार्किंग, प्लास्टिक मुक्त अभियान और 700 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं पर दिए निर्देश**

सड़क-रेल संयुक्त परियोजना, पार्किंग व्यवस्था, प्लास्टिक मुक्त मथुरा-वृंदावन, अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती तथा आधारभूत सुविधाओं के विस्तार सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आगरा में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए मथुरा-वृंदावन में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री ने वृंदावन रोपवे परियोजना का प्रस्ताव शीघ्र शासन को भेजने के निर्देश दिए। साथ ही मथुरा-वृंदावन रेल मार्ग पर सड़क-रेल संयुक्त परियोजना को आगे बढ़ाने तथा पार्किंग सुविधाओं के विस्तार के लिए लैंड पूलिंग योजना तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने पीपीपी मॉडल पर आधुनिक पार्किंग विकसित करने पर भी विशेष जोर दिया।बैठक में मथुरा-वृंदावन में बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए 4500 अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती, नया वृंदावन पुलिस सर्किल, एसपी ट्रैफिक तथा एसपी प्रोटोकॉल के पद सृजित करने का प्रस्ताव रखा गया।

मुख्यमंत्री ने इन प्रस्तावों पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने मथुरा-वृंदावन में चल रहे स्वच्छता अभियान की सराहना करते हुए दोनों नगरों को पूर्णतः प्लास्टिक मुक्त बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनजागरूकता के साथ-साथ प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए, ताकि स्वच्छ और सुंदर ब्रज के लक्ष्य को साकार किया जा सके।

# 2027 विधानसभा चुनाव का बजा बिगुल, यूपी की सभी सीटों पर लड़ेगी लोजपा (रामविलास) : पवन वर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** मेरठ के दिल्ली रोड स्थित चैंबर ऑफ कॉमर्स, भैंसाली बस स्टैंड के सामने रविवार को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक जोश और उत्साह के माहौल में आयोजित हुई। बैठक में आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियों का बिगुल

- **मेरठ में प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक, बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर**
- **टिकट उसी कार्यकर्ता को मिलेगा जिसने जनता के बीच रहकर पार्टी को मजबूत किया हो**






फूंकते हुए पार्टी ने प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया। साथ ही संगठन को गांव, वार्ड और बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का आह्वान किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार वर्मा ने कहा कि प्रदेश प्रभारी एवं सांसद अरुण भारती के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी की सदस्यता और जनसंपर्क अभियान के माध्यम से आम लोगों को संगठन से जोड़ने की मुहिम लगातार सफल हो रही है। उन्होंने बताया कि अगले माह प्रदेश प्रभारी अरुण भारती एक ही दिन में पूरे उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों की समीक्षा करेंगे, जिसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का मेरठ दौरा प्रस्तावित किया जाएगा।

बैठक में विधानसभा चुनाव-2027 की रणनीति, संगठन विस्तार और बूथ प्रबंधन को लेकर विस्तृत मंथन किया गया। प्रदेशभर से पहुंचे पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्रों की राजनीतिक स्थिति तथा संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी साझा की।

प्रदेश अध्यक्ष पवन वर्मा ने चुनाव लड़ने के इच्छुक कार्यकर्ताओं एवं संभावित विधानसभा प्रत्याशियों से उनके क्षेत्रों में संगठन की स्थिति, जनसमर्थन, बूथ प्रबंधन और जनसंपर्क अभियान की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पार्टी का टिकट उसी कार्यकर्ता को दिया जाएगा, जिसने जनता के बीच रहकर पार्टी की विचारधारा को मजबूत किया होगा। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का उद्देश्य केवल चुनाव लड़ना नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश में एक मजबूत राजनीतिक विकल्प के रूप में स्थापित होना है। इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ जनता के बीच सक्रिय रहना होगा। उन्होंने सदस्यता अभियान तेज करने, युवाओं, महिलाओं एवं समाज के सभी वर्गों को पार्टी से जोड़ने तथा बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने का आह्वान किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में प्रदेशभर में संगठनात्मक बैठकों, जनसंपर्क अभियानों और कार्यकर्ता सम्मेलनों का आयोजन कर विधानसभा चुनाव की तैयारियों को और गति दी जाएगी। अंत में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने तथा विधानसभा चुनाव पूरे दमखम के साथ लड़ने का संकल्प लिया।

बैठक में प्रमुख रूप से प्रधान महासचिव राजीव गोयल, प्रदीप अरोड़ा, प्रदेश सचिव आरजू रिजवी, अमित गौतम, मोतीलाल सिंघानिया, पूजा गुप्ता, अनिल गुप्ता, मेरठ जिलाध्यक्ष सुमित कुमार, अंकित कुमार, खुर्शीद आलम, अतुल अग्रवाल, धर्मवीर, सुनील, अमित पासवान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# छह लाख के जेवरों से भरा खोया पर्स दो घंटे में बरामद, कृष्णानगर पुलिस की ईमानदारी बनी मिसाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** कृष्णानगर पुलिस ने तत्परता और ईमानदारी का परिचय देते हुए करीब छह लाख रुपये के सोने के जेवरों से

**चौकी प्रभारी संजीव कुमार के नेतृत्व में सीसीटीवी फुटेज खंगालकर पुलिस ने लौटाया कीमती सामान, रिटायर्ड सूबेदार ने जताया आभार**

भरा खोया हुआ पर्स महज दो घंटे में बरामद कर उसके मालिक को सुरक्षित सौंप दिया। पुलिस की इस कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने सराहना की। दाऊजी विहार कॉलोनी निवासी रिटायर्ड सूबेदार सोमवीर सिंह शनिवार रात





करीब आठ बजे अपने परिवार के साथ कृष्णानगर स्थित एक ज्वेलरी शोरूम में खरीदारी करने गए थे।

खरीदारी के बाद कार में बैठते समय उनका पर्स कहीं गिर गया। पर्स में एक जोड़ी सोने की चूड़ियां, सोने के टॉप्स, एक नोज रिंग सहित करीब छह लाख रुपये के आभूषण रखे हुए थे। काफी तलाश के बाद भी पर्स नहीं मिला तो उन्होंने कृष्णानगर पुलिस चौकी को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के निर्देश पर दो पुलिस टीमों का गठन किया गया।

कृष्णानगर चौकी प्रभारी संजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की।

# रोटरी क्लब गाजियाबाद ने जीएस मेडिकल कॉलेज को भेंट किया अत्याधुनिक मॉच्युरी कैबिनेट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** सामाजिक सेवा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में रोटरी क्लब गाजियाबाद ने जीएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पिलखुवा को एक अत्याधुनिक मॉच्युरी कैबिनेट भेंट किया। यह जनोपयोगी सहयोग रोटेरियन श्री राजकुमार गर्ग एवं श्रीमती साधना गर्ग के सौजन्य से प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जीएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की मेडिकल डायरेक्टर डॉ रुपाली शर्मा रहीं जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अमित गुप्ता उपस्थित रहे।

डॉ रुपाली शर्मा ने कहा कि रोटरी क्लब द्वारा प्रदान किया गया यह मॉच्युरी कैबिनेट अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करेगा। इससे दिवंगत मरीजों के पार्थिव शरीर को सुरक्षित एवं सम्मानजनक ढंग से संरक्षित करने की



सुविधा मिलेगी तथा उनके परिजनों को बेहतर सेवा उपलब्ध होगी। उन्होंने रोटरी क्लब गाजियाबाद एवं दानदाताओं श्री राजकुमार गर्ग और श्रीमती साधना गर्ग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज और स्वास्थ्य संस्थानों के बीच इस प्रकार का सहयोग जनहित में अत्यंत प्रेरणादायी है।

रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अमित गुप्ता ने कहा कि रोटरी का उद्देश्य समाजहित में ऐसे कार्य करना है जो स्वास्थ्य शिक्षा एवं मानव सेवा के क्षेत्र में स्थायी योगदान दें। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता समय की आवश्यकता है और रोटरी क्लब भविष्य में भी जनसेवा के ऐसे कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाता रहेगा।

कार्यक्रम के दौरान रोटरी क्लब एवं जीएस मेडिकल कॉलेज के प्रतिनिधियों ने जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई तथा स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में आपसी सहयोग को और मजबूत बनाने पर बल दिया।

इस अवसर पर जीएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के उप.निदेशक मनोज शिशोदिया एस एन सिंह अरुण डॉ ललिता अरूण अग्रवाल उत्कर्ष अग्रवाल मनोज गर्ग राजकुमार गर्ग पवन रस्तौगी नवीन गर्ग विवेक चैधरी प्रषान्त मित्तल सहित अस्पताल के चिकित्सकए अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मथुरा-वृंदावन नगर निगम में कांग्रेस पार्षद दल का नेता बने धनंजय चौधरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने मथुरा-वृंदावन नगर निगम में संगठन को मजबूत करने की दिशा में बड़ा फैसला लेते हुए पार्षद धनंजय चौधरी को कांग्रेस पार्षद दल का नेता नियुक्त किया है।

**महानगर कांग्रेस कमेटी ने सौंपी जिम्मेदारी; महानगर अध्यक्ष पंडित यतीन्द्र मुकुंदम और पूर्व विधायक प्रदीप माथुर ने किया सम्मानित**



नियुक्ति के बाद कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दीं।


महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष पंडित यतीन्द्र मुकुंदम एवं पूर्व सीएलपी लीडर व पूर्व विधायक प्रदीप माथुर ने धनंजय चौधरी को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे और मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। महानगर अध्यक्ष पंडित यतीन्द्र मुकुंदम ने कहा कि धनंजय चौधरी पिछले तीन वर्षों से नगर निगम में कांग्रेस की ओर से आमजन के मुद्दों को मजबूती के साथ उठा रहे हैं। उनकी सक्रियता, संघर्षशीलता और जनहित के प्रति समर्पण को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। पूर्व विधायक प्रदीप माथुर ने कहा कि धनंजय चौधरी के पार्षद दल का नेता बनने से नगर निगम में जनता की आवाज और अधिक मजबूती से उठेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि कांग्रेस जनहित के मुद्दों पर प्रभावी भूमिका निभाती रहेगी और नगर निगम की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर संघर्ष करेगी। नवनियुक्त नेता पार्षद दल धनंजय चौधरी ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय, पूर्व विधायक प्रदीप माथुर तथा महानगर अध्यक्ष पंडित यतीन्द्र मुकुंदम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ खरा उतरेंगे।

धनंजय चौधरी ने कहा कि नगर निगम में आम जनता के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ी जाएगी। जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता से उठाया जाएगा और नगर निगम में व्याप्त समस्याओं तथा भ्रष्टाचार के मामलों को भी प्रमुखता से जनता के सामने रखा जाएगा।

# मैं माँ बनना चाहती हूँ" अम्रपाली दुबे के बयान से उनका परिवार स्तब्ध, भोजपुरी बवाल में

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** भोजपुरी बवाल का एक नया क्लिप फैंस को चौंका रहा है, जिसमें जीयो हॉट स्टार के आगामी रियलिटी शो के सबसे भावुक और चर्चित पलों में से एक की झलक दिखाई गई है।



क्लिप में अम्रपाली दुबे मंदिर में आशीर्वाद लेने के बाद अपने जीवन के सबसे बड़े फैसले का खुलासा करती नजर आती हैं। अपने परिवार के सामने यह स्वीकार करते हुए वह कहती हैं, "अपनी पूरी जिंदगी का शायद सबसे बड़ा निर्णय लेने जा रही हूँ। मुझे नहीं पता कि इस फैसले का नतीजा क्या होगा, मेरा परिवार कैसे प्रतिक्रिया देगा, मेरे फैंस कैसे प्रतिक्रिया देंगे, लेकिन मुझे यह करना है। मैं माँ बनना चाहती हूँ।" उनका यह दिल छू लेने वाला कबूलनामा सभी को स्तब्ध कर देता है। उनके पिता अविश्वास में पूछते हैं, "क्या बोल रही हो, वह क्या कह रही है?" जबकि उनकी बहन घबराते हुए पूछती हैं, "क्या तुम्हें इस बारे में पूरा यकीन है?" लेकिन अम्रपाली बिल्कुल भी नहीं डगमगातीं और पूरे आत्मविश्वास के साथ जवाब देती हैं, "इस बारे में बिल्कुल पक्की हूँ।" भावनाओं के चरम पर पहुंचने, अप्रत्याशित खुलासों और रिश्तों की परीक्षा के साथ, भोजपुरी बवाल ऐसे पलों का वादा करता है जो जितने भावुक हैं, उतने ही नाटकीय भी। 2 अगस्त से सिर्फ JioHotstar पर देखिए पूरा बवाल।

# कन्या गुरुकुल का हुआ भव्य लोकार्पण समारोह मानसिक गुलामी से मुक्त कराने के लिए गुरुकुल शिक्षा प्रणाली आवश्यक : स्वामी आर्यवेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद, (आशा चौधरी)।** मदन मोहन लाल एजुकेशन ट्रस्ट ग्राम जलालाबाद गंगनहर मुरादनगर में मदन मोहन लाल कन्या गुरुकुल का भव्य लोकार्पण समारोह डॉ जयेंद्र आचार्य के ब्रह्मत्व में महायज्ञ से हुआ मुख्य यज्ञमान कर्म चंद शास्त्री एवं नर्मदा शास्त्री,विनोद अग्रवाल एवं मृदुल अग्रवाल रहे।यज्ञोप्रान्त उन्होंने प्रभु से उनके सुखद एवं सफल जीवन की कामना की। कुशल मंच संचालन करते हुए उन्होंने मदन मोहनलाल

**कन्याओं की शिक्षा से दो घरों का निर्माण होता है - राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य भारत विश्वगुरु की ओर है अग्रसर-डॉ अशोक चौहान**





कन्या गुरुकुल के अपार सहयोगीयों का आभार व्यक्त किया।समारोह का शुभारम्भ केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने ध्वजारोहण कर किया साथ में स्वामी आर्यवेश एवं प्रवीण आर्य रहे।अनिल आर्य ने कहा कि कन्याओं की शिक्षा से दो घरों का निर्माण होता है।

बालिकाओं की शिक्षा के निर्माण से राष्ट्र की नींव मजबूत होती है। स्वर साम्राज्ञी संगीता आर्या 'गीत' एवं पुष्पा चुघ के आधुनिक साज बाज पर ईश्वर भक्ति के गीतों को सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए।सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष स्वामी आर्य वेश ने कहा कि देश को मानसिक गुलामी से मुक्त कराने के लिए गुरुकुल शिक्षा प्रणाली आवश्यक है।इसलिए हम आवासीय शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा दें यही एक सुन्दर विकल्प है। स्वामी कर्मवीर सिंह महाराज ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति की वैल्यू है तो वह संस्कारों के कारण है वह हमें गुरुकुलीय शिक्षा से मिलते हैं।लॉर्ड मैकाले ने हमारी गुरुकुलीय शिक्षा पद्धति को ध्वस्त किया।अतः आज हमें इनका सहयोग करना चाहिए राष्ट्र निर्माण में इसकी बहुत ही उपयोगिता होगी।

डॉ आनन्द चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा इतना बड़ा जो एमिटी शिक्षण संस्थान आज है वह सब आर्य समाज की देन है डॉक्टर जयेंद्र जी को डॉक्टर अशोक चौहान और अमिता चौहान का आशीर्वाद और मार्गदर्शन हमेशा मिलता रहेगा।

डा.अशोक चौहान ने कहा कि भारत विश्वगुरु की ओर अग्रसर है आप अच्छा कार्य कर रहे हैं भगवान आपको लंबी उम्र और अच्छा स्वास्थ्य देगा बड़े लक्ष्य बनाएं प्रभु पूर्ण करेगा और दुनियां आपके कार्यों से बदलेगी। बागपत क्षेत्र के सांसद डॉ राज कुमार सांगवान ने कहा कि हमारे देश की संस्कृति गुरुकुलों के कारण जिंदा है।

**श्रद्धांजलि** — राष्ट्रभक्ति और शौर्य के अद्वितीय संगम का साक्षी बनेगा सुभारती विश्वविद्यालय

# 27वें कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि, वीर सैनिकों का होगा सम्मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ के अवसर पर सुभारती डिफेंस एकेडमी एवं शहीद स्मारक एवं उपवन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 27 जुलाई 2026 (सोमवार) को कारगिल विजय दिवस सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह समारोह कारगिल के अमर शहीदों के अदम्य साहस, वीरता और सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धापूर्वक नमन करने के साथ-साथ राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पित वीर सैनिकों एवं विशिष्ट नागरिकों के सम्मान का अवसर बनेगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9:30 बजे स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय स्थित कारगिल शहीद स्मृति उपवन में शहीदों को श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया जाएगा। इसके उपरांत प्रातः 10:00 बजे सत्यजीत रे प्रेक्षागृह में आयोजित सम्मान समारोह में कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों, पूर्व सैनिकों तथा राष्ट्रसेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विशिष्ट व्यक्तित्वों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रप्रेम, कर्तव्यनिष्ठा और देशसेवा की भावना को भी जागृत किया जाएगा।




सुभारती विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. (डॉ.) शल्या राज ने अपने संदेश में कहा कि कारगिल के वीर सपूतों का शौर्य, त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा का अमिट स्त्रोत है। उनका सर्वोच्च बलिदान हमें राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति अपने दायित्वों का निरंतर स्मरण कराता है। सुभारती विश्वविद्यालय सदैव राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और सेवा के संस्कारों को नई पीढ़ी तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कारगिल विजय दिवस केवल एक ऐतिहासिक विजय का स्मरण नहीं, बल्कि उन अमर वीरों के प्रति सम्पूर्ण राष्ट्र की कृतज्ञता व्यक्त करने का पावन अवसर है। वहीं दूसरी ओर शहिद स्मारक एवं उपवन के अध्यक्ष डॉ. रोहित रविन्द्र ने अपने संदेश में कहा कि, कारगिल विजय दिवस भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, अटूट संकल्प और राष्ट्र के प्रति सर्वोच्च समर्पण का गौरवपूर्ण प्रतीक है।

कारगिल के रणबांकुरों ने विषम परिस्थितियों में अद्वितीय वीरता का परिचय देकर भारत का मस्तक विश्व पटल पर गर्व से ऊँचा किया। उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्रभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और त्याग की अमूल्य प्रेरणा है। प्रत्येक युवा को इन वीरों के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संकल्प लेना चाहिए।

आयोजकों ने सभी नागरिकों, विद्यार्थियों, पूर्व सैनिकों एवं गणमान्यजनों से कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कारगिल के अमर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करने तथा उनके अद्वितीय पराक्रम और बलिदान को नमन करने की अपील की है।

# सीओ सिटी ने थाना गजरौला पर श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पीलीभीत (अरशद हसन खान)।** रविवार को पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा थाना गजरौला पर आगामी श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के सम्भ्रान्त नागरिकों, धर्मगुरुओं एवं कांवड़ यात्रा से जुड़े लोगों से संवाद कर कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था तथा शान्ति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



बैठक में उपस्थित लोगों से आपसी सौहार्द एवं भाईचारा बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की गई। पुलिस अधिकारियों द्वारा सभी से आगामी श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। इस दौरान नायब तहसीलदार सदर थानाध्यक्ष गजरौला, पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीगण, आमजन एवं अन्य संबंधित व्यक्ति मौजूद रहे।

# सम्भल में अब्बासी वेलफेयर हैल्थ एंड एजुकेशनल सोसाइटी ने किया वृक्षारोपण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (मौहम्मद अब्बास )।** अब्बासी वेलफेयर हैल्थ एंड एजुकेशनल सोसाइटी रजि. की ओर से शहर के हिन्द स्पोर्ट्स स्टेडियम में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सोसाइटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा लोगों से अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने की अपील की।



इस अवसर पर कानूनी सलाहकार सुब्हान अहमद एड0 ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के दौर में वृक्षारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है चिकित्सा सलाहकार डॉ रशिक अनवर ने बताया कि शुद्ध ऑक्सीजन, स्वच्छ वातावरण और बेहतर जलवायु के लिए प्रत्येक व्यक्ति को बरसात के इस मौसम में अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए तथा उनकी देखभाल का भी संकल्प लेना चाहिए
अब्बासी सोसाइटी की ओर से निर्णय लिया गया कि पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत आने वाले दिनों में भी विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ा जा सके और हरित वातावरण के निर्माण में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो सोसाइटी अध्यक्ष अजीम अब्बासी ने कहाकि हमे हर मौसम में चलने वाले फलो को खाकर उनके बीज और गुठलियों का सद्पयोग करते हुए अपने आस पास खाली जगह पर डालने चाहिए ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी फलो के पेड़ों ओर स्वच्छ वातावरण में सांस ले सके
इस मौके पर जमील उर रहमान नाजिम सैफी अन्हार पाशा फुरकान वारसी मो0 अमान फरमान साबरी मो0 साद अफजल मो0 जैद सहित अनेक सोसाइटी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भाजपा छह महीने चलाएगी "समरसता संकल्प" अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** संत रविदास महाराज की जयंती के अवसर पर भाजपा समरसता अभियान चलाएगी। यह अभियान करीब छह महीने चलेगा। इस दौरान जिले स्तर पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी। साथ ही मंदिरों से कलशयात्रा निकाली जाएगी। समरसता संकल्प अभियान की शुरूआत 29 जुलाई (गुरु पूर्णिमा) से होगी। जो 20 फरवरी 2027 (संत रविदास महाराज जयंती) तक चलेगा। इस बीच भाजपा विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और जनसंपर्क गतिविधियों के जरिये संत रविदास महाराज के जीवन दर्शन, उनके समता, भक्ति सेवा, सामाजिक न्याय व मानवता के संदेश का व्यापक प्रचार किया जाएगा। भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने बताया कि कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जा रही है। छह महीने चलने वाला यह अभियान चार चरणों में चलेगा।



# ग्राम बरीपुर भमरौऊवा में बंदरों के हमले से बचने के प्रयास में छत से गिरी बुजुर्ग महिला की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (लायबा नूर)।** थाना हजरतनगर गढ़ी क्षेत्र के ग्राम बरीपुर भमरौऊवा में एक दर्दनाक हादसा हो गया। बंदरों के झुंड से बचने के प्रयास में एक बुजुर्ग महिला छत से नीचे गिर गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है प्राप्त जानकारी के अनुसार, करीब 70 वर्षीय महिला अपने घर की छत पर किसी घरेलू कार्य से गई थीं। इसी दौरान वहां बंदरों का झुंड पहुंच गया। बंदरों से बचने के प्रयास में महिला का संतुलन बिगड़ गया और वह छत से नीचे गिर गईं। गिरने से उन्हें गंभीर चोटें आईं और उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। बताया जा रहा है कि मृतका अपने पीछे तीन बच्चों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। हादसे की सूचना मिलते ही गांव के लोग मौके पर एकत्र हो गए। सूचना पर थाना हजरतनगर गढ़ी पुलिस भी मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। कई बार बंदरों के हमलों से लोग घायल हो चुके हैं, लेकिन अब इस हादसे ने एक परिवार से उसकी बुजुर्ग सदस्य को हमेशा के लिए छीन लिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।



# पुलिस ने युवा समाज सेवी सैय्यद मौअज्जम अली उर्फ आजम पुत्र नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी उस्मान अली को किया हाउस अरेस्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** दिल्ली में आंदोलन के दौरान नीट छात्र-छात्राओं के साथ हुए गलत व्यवहार और रामपुर की जौहर अली यूनिवर्सिटी के 38 भवनों के ध्वस्तीकरण आदेश के विरोध में शनिवार को आजाद समाज पार्टी (कांशीराम)/भीम आर्मी के द्वारा मुरादाबाद कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन के आह्वान पर पुलिस ने आजाद सामाज पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं को रोक लिया। तड़के ही पुलिस पदाधिकारियों और कार्यकताओं के घर पहुंच गई और उन्हें पूरी तरह से नजरबंद रखा गया। किसी को भी धरने में नहीं जाने दिया गया। आजाद समाज पार्टी (काशीराम) युवा के नगराध्यक्ष जीशान सिद्दीकी सहित कार्यकताओं को कस्बा चौकी प्रभारी राहुल राघव व उपनिरीक्षक संजीव कुमार ने नजरबंद रखा। पुलिस ने गढ़ी में पूर्व विधायक मरहूम हाजी रिजवान अहमद खां के पौत्र व आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के नेता अमीरउद्दीन उर्फ कादर आफाक खां को भी हाउस अरेस्ट करते हुए नजरबंद रखा। दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट छात्रों के आंदोलन और रामपुर की मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी के समर्थन में मुरादाबाद में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन से पहले कांठ पुलिस ने उमरी कलां निवासी युवा समाज सेवी सैय्यद मौअज्जम अली उर्फ आजम पुत्र नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी उस्मान अली को उनके आवास पर ही रोक लिया। उपनिरीक्षक पुलिस के साथ पहुंचे और सैय्यद मौअज्जम अली को पूरी तरह से नजरबंद रखा।



# सेंट पॉल्स इंटरनेशनल स्कूल कांठ में वार्षिक "येलो डे" का आयोजन
## पीला रंग प्रसन्नता सकारात्मक ऊर्जा और बुद्धि का प्रतीक : जितेंद्र बिश्नोई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सेंट पॉल्स इंटरनेशनल स्कूल कांठ के प्राइमरी और प्री प्राइमरी विंग में वार्षिक "येलो डे" का उत्सव बहुत उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । कार्यक्रम की थीम " आम- फलों का राजा" रखी गई। इसके माध्यम से नन्हे मुन्ने बच्चों को खेल-खेल में रंगों की पहचान और व्यावहारिक शिक्षा दी गई। इस उत्सव में पूरे स्कूल परिसर को पीले रंग के गुब्बारे हैंडमेड आम के कट- आउट और आकर्षक बुलेटिन बोर्ड को सजाया गया। थीम के अनुसार छात्र-छात्राएं शिक्षक एवं शिक्षिकाएं पीले रंग के आकर्षण वस्त्र पहनकर स्कूल पहुंचे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य खेल-खेल में बच्चों को पीले रंग की पहचान करना और उनके संज्ञानात्मक एवं रचनात्मक कौशल का विकास करना है। पीला रंग प्रसन्नता सकारात्मक ऊर्जा और बुद्धि का प्रतीक माना गया है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ममता रानी, प्रबन्धक जितेंद्र विश्नोई, मैनेजिंग डायरेक्टर सचिन विश्नोई एवं शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



# कारगिल शहीद के परिवार को रक्षा मंत्री से मिला सम्मान, भावुक हुआ बलिदानी अरविंद सिंह का परिवार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ, मुरादाबाद (सुदेश बिश्नोई)।** कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर कांठ तहसील के कारगिल बलिदानी अरविंद सिंह के परिवार को ऐसा सम्मान मिला, जिसने 26 वर्ष पुरानी वीरगाथा को फिर जीवंत कर दिया। कारगिल में आयोजित समारोह में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने देशभर के 40 कारगिल बलिदानियों के स्वजन को सम्मानित किया। सम्मान ग्रहण करते समय परिवार की आंखें नम थीं, लेकिन चेहरे पर बेटे के बलिदान का गर्व साफ झलक रहा था। गांव मिलक छावी
निवासी किसान मुख्तियार सिंह के बड़े बेटे अरविंद सिंह वर्ष 1997 में कारगिल बलिदानी अरविंद सेना में भर्ती हुए थे। वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में उनकी तैनाती जम्मू-कश्मीर में थी। 25 जून 1999 की रात दुश्मनों से लोहा लेते हुए वह घायल हो गए, उन्होंने घायलावस्था में भी नौ पाकिस्तानी सैनिकों को ढेर कर दिया और वीरगति को प्राप्त हुए। 29 जून को उनका पार्थिव शरीर सैन्य सम्मान के साथ गांव पहुंचा। कारगिल विजय दिवस पर आयोजित समारोह में बलिदानी के भाई धर्मेंद्र सिंह परिवार के साथ शामिल हुए। उन्होंने कहा-
भाई ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए। उनके नाम पर मिला यह सम्मान पूरे परिवार के लिए गर्व का क्षण है।



# दो साल बाद "यूपी टी-20 लीग में खेलते " नजर आएंगे सिद्धार्थ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** दो साल के लंबे इंतजार के बाद ओपनिंग बल्लेबाज सिद्धार्थ चौधरी एक बार फिर यूपी टी-20 लीग में खेलते नजर आएंगे। चौथे सीजन का आगाज 14 अगस्त से शुरू होने जा रहा है। लीग का उद्घाटन मुकाबला लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इस बार सिद्धार्थ की वापसी से स्थानीय क्रिकेट खिलाड़ियों में उत्साह है। आगरा में हुई नीलामी में नोएडा किंग्स ने सिद्धार्थ चौधरी को 2.50 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया। सिद्धार्थ लीग के पहले सीजन में काशी रुद्रास का हिस्सा रहे थे, लेकिन उसके बाद लगातार दो सीजन तक नीलामी सूची में नाम होने के बावजूद उन्हें किसी भी फ्रेंचाइजी ने नहीं खरीदा था। वेव ग्रीन निवासी सिद्धार्थ चौधरी एक आक्रामक ओपनिंग बल्लेबाज हैं।उन्होंने अंडर-14, अंडर-16 और अंडर-23 स्तर पर उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन का प्रतिनिधित्व किया है।इस बार उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है। यूपी टी-20 लीग में मेरठ मैवेरिक्स, काशी रुद्रास, कानपुर सुपरस्टार्स, गोरखपुर लायंस, लखनऊ फाल्कन्स और नोएडा किंग्स समेत कुल छह टीमें हिस्सा ले रही हैं। इन टीमों में प्रदेश के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा मंच मिलेगा। क्रिकेट कोच मिर्जा दानिश आलम ने बताया कि सिद्धार्थ को पिछले दो सीजन में मौका नहीं मिल पाया था, लेकिन उन्होंने अपनी मेहनत जारी रखी। इस बार नोएडा किंग्स ने उन पर भरोसा जताया है। सिद्धार्थ अपने प्रदर्शन से टीम को मजबूत शुरूआत दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगे।



# किशोरी से "सामूहिक दुष्कर्म में डॉक्टर" समेत छह गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ,मुरादाबाद (सुदेश बिश्नोई)।** मझोला थाना क्षेत्र में रहने वाली किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म में डॉक्टर बिलाल, दुकानदार सुहेल उर्फ साहिल और अदनान, शाकिब, जुबैर और अरमान समेत छह आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। पीड़िता के साथ कलियर शरीफ और मझोला क्षेत्र में अलग-अलग जगह दरिंदगी की गई थी। शनिवार की दोपहर बाद पुलिस ने सभी छह आरोपी कोर्ट में पेश किए जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।बाल कल्याण समिति मुरादाबाद के अध्यक्ष अमित कौशल ने मझोला थाने में 23 जुलाई 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि 14 जुलाई को रामपुर की बाल कल्याण समिति ने 17 वर्षीय एक किशोरी को उनके पास भेजा था। यहां किशोरी की काउंसिलिंग की गई थी। उसने अपने बयानों में बताया कि करीब दो साल पहले वह सुहेल उर्फ साहिल की पीर का बाजार करूला स्थित कपड़े की दुकान पर काम करती थी। यहां उसकी जान पहचान अदनान से हो गई थी। मई 2024 में अदनान उसे काम दिलाने के बहाने कलियर शरीफ ले गया था जहां आरोपी ने उसे किराए का कमरा दिला दिया और दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी ने अपने साथी बुला लिए और उन्होंने भी पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया था। इसके बाद आरोपी उसे कलियर शरीफ में ही छोड़कर आ गए थे। पीड़िता ने मुरादाबाद आकर दुकानदार साहिल को आपबीती सुनाई थी इसके बाद साहिल पीड़िता को अपने चचेरे भाई की दुकान पर ले गया यहां भी उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी वहां से निकली तो रास्ते में अदनान मिल गया था। अदनान किशोरी को लेकर लाइन पार निवासी गीता के घर ले गया और दुष्कर्म किया। अगले दिन यह महिला किशोरी के दांत का उपचार कराने की बात कहकर जयंतीपुर में एक क्लीनिक पर ले गई जहां डॉक्टर ने भी किशोरी के साथ दुष्कर्म किया था।पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रण विजय सिंह के अनुसार इस मामले में पुलिस ने पीड़िता के बयान दर्ज किए और उसके बताए स्थानों पर दबिश देकर मझोला के मंसूरी कॉलोनी निवासी दुकानदार सुहेल उर्फ साहिल, मझोला के जयंतीपुर निवासी शाकिब, जयंतीपुर पीर का बाजार निवासी अदनान, कटघर के पंडित नगला निवासी जुबैर, अरमान और रामपुर के टांडा थाना क्षेत्र के खुशहालपुर निवासी डॉ. बिलाल को गिरफ्तार किया है। आरोपी बिलाल मझोला के जयंतीपुर में किराए के मकान में रहता और दांतों का क्लीनिक चलाता है।

# कांठ तहसील बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी भंग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (मुरादाबाद)। (सुदेश बिश्नोई)।** कांठ तहसील बार एसोसिएशन की वर्तमान कार्यकारिणी को जनरल हाउस की बैठक में भंग करते हुए नई कार्यकारिणी के लिए चुनाव कराने के लिए नौ सदस्यीय एल्डर कमेटी का गठन किया गया है। इस दौरान वर्तमान कार्यकारिणी ने किए हुए कार्यों का ब्योरा प्रस्तुत किया। बार सभागार में हुई जनरल हाउस की बैठक में तहसील बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष भूप्रकाश सिंह ने कार्यकारिणी के आय और व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। इस दौरान बार कार्यकारिणी के द्वारा एक वर्ष में कराए गए कार्यों को अधिवक्ताओं के समक्ष रखा गया। इसके बाद बार अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा ने सर्वसम्मति से मौजूदा कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की। साथ ही बैठक में नई कार्यकारिणी का चुनाव कराने के लिए चुनाव समिति/एल्डर कमेटी का गठन किया गया।जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता महावीर सिंह, चंद्रपाल सिंह विश्नोई, कोमल सिंह, संजीव कुमार विश्नोई, मरगूब अहमद, सुगम पंवार, अजब सिंह सैनी, दीप सिंह विश्नोई और शाहबुद्दीन को शामिल किया गया।






## नई कार्यकारिणी चुनाव के लिए" नौ सदस्यीय एल्डर कमेटी "का गठन

बैठक की अध्यक्षता वार अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा और संचालन महासचिव दीपक बिश्नोई ने किया। इस अवसर पर वार के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार, पूर्व उपाध्यक्ष/पूर्व महासचिव चौधरी चरन सिंह ढाका, शहजाद रफी, करतार सिंह, नाजिम सैफी, सुनील कुमार, मुशर्रत हुसैन, नौशाद, कपिल कुमार, शीशराम सिंह, डॉ. विनीत नैन, मोहम्मद इकबाल, मोहम्मद अय्यूब, यशवीर सिंह, शमशाद अहमद, विजयवीर सिंह, चरन सिंह, साजिद वारसी, नन्हें खां, दीपक कुमार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# हिंदू कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर रामानंद शर्मा के 75वें जन्मदिन पर डॉक्टर छाया रानी को भेंट की पुस्तक

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** डॉक्टर रामानंद शर्मा पूर्व प्राचार्य हिंदू कॉलेज मुरादाबाद के 75वें जन्मदिन पर इनके द्वारा लिखित पुस्तक प्राप्त करते हुए डॉक्टर छाया रानी (प्रोफेसर दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज मुरादाबाद) उनके निर्देशन में पहली पी एचडी डॉक्टर रमेश चंद्र यादव ने की थी जो महान विद्वान हैं डॉक्टर रामनंद 50 के लगभग पीएचडी करवा चुके हैं ' डॉक्टर छाया रानी ने इन्हीं के निर्देशन में पीएचडी की है अनेक पुरस्कारों से भी इन्हें सम्मानित किया जा चुका है।



# कांवड़ यात्रा : 30 जुलाई से होगा रूट डायवर्जन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ, मुरादाबाद (सुदेश बिश्नोई)।** श्रावण मास में कांवड़ यात्रा को देखते हुए मुरादाबाद-छजलैट-कांठ-धामपुर मार्ग पर भारी, मध्यम और हल्के वाहनों के लिए विस्तृत डायवर्जन व्यवस्था लागू की गई है। इस मार्ग पर कांवड़ियों की संख्या के अनुसार वाहनों को अलग-अलग वैकल्पिक रास्तों से भेजा जाएगा।
एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि निर्धारित व्यवस्था के अनुसार मुरादाबाद से बिजनौर, हरिद्वार और मुजफ्फरनगर की ओर जाने वाले भारी वाहन काशीपुर तिराहा से ठाकुरद्वारा, जसपुर, अफजलगढ़, धामपुर, बिजनौर होते हुए भेजे जाएंगे। इसी मार्ग से वापसी भी कराई जाएगी।मुरादाबाद से बिजनौर जाने वाले हल्के वाहन टीएमयू से शेरूआ चौराहा, छजलैट और नूरपुर होकर भेजे जाएंगे। आवश्यकता पड़ने पर इन्हें काशीपुर तिराहा से ठाकुरद्वारा, जसपुर, अफजलगढ़, शेरकोट, धामपुर, नहटौर और झालू होकर भी डायवर्ट किया जा सकेगा।बिजनौर रोड से बरेली और रामपुर जाने वाले हल्के वाहन कोठीवाल डेंटल कॉलेज कट से धारक नंगला, भोजपुर और काशीपुर तिराहा के रास्ते भेजे जाएंगे। वहीं बिजनौर की ओर से आने वाले हल्के वाहनों को अगवानपुर बाईपास और टीएमयू की ओर से हाईवे पर निकाला जा सकता है।शुक्रवार की शाम चार बजे से सोमवार शाम चार बजे तक भारी वाहनों का आवागमन रहेगा प्रतिबंधित
भारी व्यावसायिक वाहनों के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। उमरी पर सभी भारी वाहनों को रोका जाएगा और उन्हें रात 12 बजे से 4 बजे तक ही निकाला जाएगा। यह व्यवस्था 30 जुलाई से 6 अगस्त तक रहेगी, जबकि 6 अगस्त की शाम 6 बजे से 11 अगस्त तक इस मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।
मुरादाबाद से छजलैट, कांठ और धामपुर की ओर भारी वाहनों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। हल्के वाहन कांवड़ियों की भीड़ के आधार पर चांदपुर की ओर डायवर्ट किए जाएंगे। मुरादाबाद से बिजनौर और हरिद्वार जाने वाली रोडवेज बसें अस्थायी बस स्टैंड, प्रेम वंडरलैंड फ्लाईओवर के नीचे से काशीपुर तिराहा, ठाकुरद्वारा, जसपुर, अफजलगढ़, धामपुर होते हुए अपने गंतव्य तक जाएंगी।




आयोजन

संविधान और सामाजिक न्याय के मूल्यों को सुदृढ़ करने का लिया संकल्प

# समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर संविधान-मानस्तंभ स्थापना दिवस का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पीलीभीत (अरशद हसन खान)।** रविवार को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय, नकटादाना स्थित केजीएन कैंप कार्यालय पर संविधान-मानस्तंभ स्थापना दिवस का आयोजन जिला अध्यक्ष सरदार जगदेव सिंह जग्गा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन 127 विधानसभा पीलीभीत के अध्यक्ष श्री इम्तियाज अल्वी ने किया।
कार्यक्रम का आयोजन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार किया गया। इस अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर संविधान निमार्ताओं को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया तथा सामाजिक न्याय, समानता, लोकतंत्र और आरक्षण की भावना को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया।



जिला अध्यक्ष सरदार जगदेव सिंह जग्गा ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार, सम्मान और न्याय प्रदान करने का आधार है। समाजवादी पार्टी सदैव संविधान की रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण तथा पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक, किसान, नौजवान और गरीब वर्गों के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ती रही है और आगे भी लड़ती रहेगी।
कार्यक्रम के दौरान महान समाज सुधारक राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित नेताओं एवं कार्यकताओं ने उनके द्वारा सामाजिक न्याय एवं आरक्षण के क्षेत्र में किए गए ऐतिहासिक योगदान को स्मरण किया तथा भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा संविधान में स्थापित संवैधानिक मूल्यों, अधिकारों एवं अनुच्छेदों के अनुरूप समतामूलक, न्यायपूर्ण एवं समरस समाज के निर्माण का संकल्प लिया।
कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर, काशीराम सरोज, बरखेड़ा विधानसभा अध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा, अशोक राजा, संदीप सक्सेना, नगर अध्यक्ष गुरविंदर सिंह गिल, विधानसभा महासचिव निशान अहमद, नरेश वर्मा, रामसनेही वर्मा, पार्टी प्रवक्ता अमित पाठक, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव लखविंदर सिंह पन्नू सहित बड़ी संख्या में सम्मानित नेतागण, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण योजना का जनपद स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (मौहम्मद काशिफ)।** रविवार को एमजीएम पीजी कॉलेज में उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण योजना का जनपद स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया और आगरा विश्वविद्यालय आगरा में मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित कैशलेस चिकित्सा वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण व प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण दिखाया गया।



इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुलाब देवी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) माध्यमिक शिक्षा उत्तर प्रदेश रहीं जिनके कर कमलों द्वारा शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय मंत्री गुलाब देवी एवं अतिथिगण के द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण द्वारा किया गया। उसके बाद मां सरस्वती की वंदना छात्राओं द्वारा की गई। उसके बाद सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य एमजीएम कॉलेज संभल प्रोफेसर डॉ योगेंद्र सिंह जी ने सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार किया और उन्होंने कहा कि आज उच्च शिक्षा में निरंतर विकास हो रहा है, हम सभी शिक्षकों को भी छात्रों के उन्नयन व कल्याण हेतु मुख्यमंत्री की अपेक्षा के अनुरूप कार्य करना चाहिए।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश



# आलिया भट्ट की सोहम शाह की तुम्बाड 2 में एंट्री,हॉरर फिल्म से मचाएंगी तहलका

सोहम शाह अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म तुम्बाड 2 के लिए दिन-रात एक कर रहे हैं। इस हॉरर थ्रिलर का दायरा और इससे जुड़ी लोगों की उम्मीदें कई गुना बढ़ गई हैं, क्योंकि आलिया भट्ट फिल्म का आधिकारिक हिस्सा बन चुकी हैं। खुद निमार्ताओं ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए इस राज से पर्दा उठा दिया है। दरअसल, काफी वक्त से अटकलें थीं कि आलिया तुम्बाड 2 में नजर आएंगी और अब इसकी पुष्टि भी हो गई है।

सोहम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म के सिग्नेचर लाल बैकग्राउंड के सामने आलिया के साथ कई तस्वीरें साझा की हैं। इनमें शैतानी गुड़िया, लाल घेरा और एक लालटेन भी नजर आ रहा है, जो तुम्बाड (2018) के सिग्नेचर प्रॉप्स हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। प्ततुम्बाड2 में आपका स्वागत है, आलिया भट्ट। प्रलय आएगा। सिनेमा में मिलते हैं। 03.12.2027 को। बता दें, तुम्बाड 2 अगले साल 3 दिसंबर को सिनेमाघरों में आएगी। साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म तुम्बाड ऐतिहासिक लोककथाओं पर आधारित एक हॉरर फिल्म है। इसका निर्माण सोहम ने किया था और बतौर अभिनेता भी वह इसमें नजर आए थे, जबकि निर्देशक राही अनिल बर्वे थे। सोहम शाह फिल्म्स के बैनर तले बन रही तुम्बाड 2 में एक बार फिर उन्हें मुख्य किरदार निभाते हुए देखा जाएगा। सीक्वल में नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी एक अहम किरदार निभाते नजर आएंगे, जिसका ऐलान पहले किया जा चुका है।

# रॉकिंग स्टार यश की टॉक्सिक के दूसरे गाने मदहोश ने जीता फैंस का दिल, ग्रैंड विजुअल्स देख बोले, बड़े पर्दे के लिए बनी है फिल्म!

टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स का दूसरा गाना 'मदहोश रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गया है। रॉकिंग स्टार यश और तारा सुतारिया की फ्रेश ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री ने फैंस को मदहोश कर दिया है। जहां 'तबाही में एक गहरा और इंटेंस इमोशनल रिश्ता देखने को मिला था, वहीं 'मदहोश दर्शकों को 'टॉक्सिक की दुनिया की एक बिल्कुल अलग झलक दिखाता है। गाने में यश के किरदार के नए रंग सामने आए हैं, जिसने फिल्म को लेकर फैंस की उत्सुकता और बढ़ा दी है।



गाना रिलीज होने के बाद से ही सोशल मीडिया तारीफों से भर गया है। फैंस को खास तौर पर यश के सटल एक्सप्रेशंस, तारा सुतारिया के साथ उनकी सहज केमिस्ट्री और फिल्म का जबरदस्त सिनेमैटिक स्केल बेहद पसंद आ रहा है। सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स ने अपनी एक्साइटमेंट कुछ इस तरह जाहिर कीः प्रोडक्शन डिजाइन से लेकर कैमरा वर्क तक, सब कुछ टॉप क्लास है। पहले और अब ने साबित कर दिया है कि बड़े पर्दे के लिए बनी है।

फिल्म का मूड और माहौल एक अलग ही लेवल का है। यश और तारा सुतारिया की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री बिल्कुल इलेक्ट्रिक है! 'टॉक्सिक बॉक्स ऑफिस के सारे रिकॉर्ड तोड़ने वाली है। राया और गंगा स्टाइल, एटीट्यूड और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस का परफेक्ट कॉम्बिनेशन हैं। दोनों का हर फ्रेम करिश्मे, इंटेंसिटी और जबरदस्त स्वैग से भरा हुआ है। नजरें हटाना मुश्किल है। एक और फैन ने लिखा, शायद हाल की उन चुनिंदा बिग बजट फिल्मों में से एक है, जिसका बजट सच में स्क्रीन पर नजर आ रहा है... विजुअल्स कमाल के हैं।

'मदहोश ने फिल्म के किरदारों और उनके रिश्तों को लेकर भी सोशल मीडिया पर नई बहस छेड़ दी है। एक यूजर ने लिखा, तारा बहुत क्यूट लगीं, लेकिन यश म कियारा का ऑरा ही एक अलग लेवल का है।

वहीं एक अन्य फैन ने कहा, तारा सुतारिया, कियारा आडवाणी और नयनतारा सभी एक साथ हैं, लेकिन यश का स्वैग फिर भी सबसे अलग है। 'मदहोश को मिल रहे जबरदस्त रिस्पॉन्स ने 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्सइ को लेकर एक्साइटमेंट को और बढ़ा दिया है। जहां 'तबाही ने दर्शकों को फिल्म की पैशनेट और इंटेंस इमोशनल दुनिया से रूबरू कराया था, वहीं 'मदहोशइ कहानी को एक नया आयाम देता है और एक और दिलचस्प रिश्ते की ओर इशारा करता है। डायरेक्टर गीतू मोहनदास की बनाई इस लेयर्ड दुनिया की हर नई झलक सोशल मीडिया पर चर्चा छेड़ रही है और साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल 'टॉक्सिकइ से उम्मीदें लगातार बढ़ती जा रही हैं। मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के बैनर तले और केवीएन प्रोडक्शंस के सहयोग से बनी 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्सइ को रॉकिंग स्टार यश ने लिखा और प्रोड्यूस किया है, साथ ही वह फिल्म में मुख्य भूमिका भी निभा रहे हैं। गीतू मोहनदास के निर्देशन में बनी इस फिल्म में यश के साथ नयनतारा, कियारा आडवाणी, तारा सुतारिया, रुक्मिणी वसंत और हुमा कुरैशी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगी। फिल्म 26 अगस्त 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# मिजार्पुर: द मूवी से सामने आया जितेंद्र कुमार का लुक, बबलू पंडित किरदार से मचाएंगे भौकाल

अली फजल और पंकज त्रिपाठी की लोकप्रिय वेब सीरीज मिजार्पुर फिल्म के रूप में बड़े पर्दे पर आ रही है। हाल ही में फिल्म का धमाकेदार टीजर जारी हुआ, जिसने आते ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। टीजर में सबसे ज्यादा चौंकाने वाला दृश्य पंचायत वाले जितेंद्र कुमार का था, जो फिल्म का हिस्सा बन चुके हैं। अब निमार्ताओं ने फिल्म से उनका दमदार पोस्टर साझा करते हुए उनके किरदार का खुलासा किया है।

निमार्ता फरहान अख्तर ने फिल्म से जितेंद्र का पोस्टर जारी किया है,




जिसमें वह बंदूक लिए जबरदस्त अवतार में दिखाई दे रही है। कैप्शन में लिखा है, हमें साम्राज्य चलाना नहीं है, बनाना है। बबलू भैया आ रहे हैं अब बड़े पर्दे पर। दरअसल वह गुड्डू पंडित के छोटे भाई बबलू पंडित के किरदार में है, जिसे सीरीज में विक्रांत मैसी ने निभाया था। फिल्म 4 सितंबर, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रवि किशन भी इसका अहम हिस्सा हैं।

जितेन्द्र कुमार का हाथ में बंदूक थामे नया लुक हर किसी को पसंद आ रहा है। जितेन्द्र, बबलू पंडित के रूप में एक्शन के लिए तैयार दिख रहे हैं। जितेंद्र के इस पोस्टर को साझा करते हुए निमार्ताओं ने लिखा, हमें एम्पायर चलाना नहीं, बनाना है।, बबलू भैया आ रहे हैं।

फिल्म में मिजार्पुर की गद्दी के लिए पुराना खूनी खेल तो दिखेगा ही, लेकिन इस बार लड़ाई मिजार्पुर से लेकर रेगिस्तान की रेत तक पहुंचेगी। फिल्म में पंकज त्रिपाठी (कालीन भैया), अली फजल (गुड्डू पंडित) और दिव्येंदु शर्मा (मुन्ना भैया) की मुख्य तिकड़ी के साथ श्वेता त्रिपाठी, रसिका दुग्गल और सोनल चौहान जैसे कई बड़े कलाकार नजर आएंगे।

# स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है लॉन बॉलिंग, जानिए इसके 5 फायदे

लॉन बॉलिंग एक लोकप्रिय खेल है, जिसे लोग अक्सर छुट्टियों में खेलते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह खेल आपके स्वास्थ्य के लिए कितने फायदेमंद हो सकता है? लॉन बॉलिंग न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि यह आपके शरीर और मन को स्वस्थ रखने में भी मदद कर सकता है। इस लेख में हम आपको लॉन बॉलिंग के छिपे हुए फायदों के बारे में बताएंगे, जो शायद आप नहीं जानते होंगे।



**मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने में है मददगार**

लॉन बॉलिंग खेलने से आपका मानसिक स्वास्थ्य बेहतर हो सकता है। इस खेल में ध्यान केंद्रित करना पड़ता है, जिससे आपकी एकाग्रता बढ़ती है और तनाव कम होता है।

जब आप इस खेल को नियमित रूप से खेलते हैं तो आपका मन शांत रहता है और आप अधिक सकारात्मक महसूस करते हैं।

इसके अलावा यह खेल आपको नई रणनीतियां सोचने और लागू करने का मौका देता है, जिससे आपकी समस्या सुलझाने की क्षमता भी बढ़ती है।

**शारीरिक सक्रियता बढ़ाने में है सहायक**

लॉन बॉलिंग खेलने से शारीरिक सक्रियता बढ़ती है। इस खेल में चलने, झुकने और गेंद फेंकने जैसी गतिविधियां शामिल होती हैं, जो आपके शरीर को सक्रिय रखती हैं।

नियमित रूप से लॉन बॉलिंग खेलने से आपकी मांसपेशियां मजबूत होती हैं और लचीलापन बढ़ता है।

इसके अलावा यह खेल आपके संतुलन और तालमेल को भी सुधारता है, जिससे आपकी शारीरिक क्षमता में वृद्धि होती है। इस प्रकार लॉन बॉलिंग एक बेहतरीन व्यायाम का विकल्प हो सकता है।

**सामाजिक संबंध मजबूत करने में है प्रभावी**

लॉन बॉलिंग एक समूह खेल भी हो सकता है, जिससे सामाजिक संबंध मजबूत होते हैं। जब आप दोस्तों या परिवार के साथ इस खेल को खेलते हैं तो आपसी समझ और सहयोग बढ़ता है। इससे आपके रिश्ते भी मजबूत होते हैं और आपसी विश्वास बढ़ता है।

इसके अलावा यह खेल आपको नए दोस्त बनाने का मौका भी देता है, जिससे आपकी सामाजिक जीवन में विविधता आती है।

**आत्मविश्वास बढ़ाने में है मददगार**

लॉन बॉलिंग खेलने से आपका आत्मविश्वास भी बढ़ सकता है। जब आप इस खेल में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो आपको सफलता का अनुभव मिलता है, जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ता है।

इसके अलावा इस खेल को सीखने और उसमें निपुण होने की प्रक्रिया भी आपके आत्मविश्वास को मजबूत करती है।

नियमित अभ्यास से आप अपनी क्षमताओं पर विश्वास करने लगते हैं और नई चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं।

**उम्र बढ़ने की प्रक्रिया धीमा करने में है सहायक**

लॉन बॉलिंग उम्र बढ़ने की प्रक्रिया धीमा करने में भी मदद कर सकता है।

इस खेल को खेलने से न केवल शारीरिक फायदें मिलते हैं बल्कि मानसिक फायदें भी मिलते हैं जैसे कि याददाश्त सुधारना और मानसिक स्पष्टता बढ़ाना आदि।

इस प्रकार देखा जाए तो लॉन बॉलिंग सिर्फ एक खेल नहीं बल्कि एक सम्पूर्ण फिटनेस पैकेज है जो हमारे जीवन को स्वस्थ और खुशहाल बना सकता है। इसलिए अगली बार जब आप छुट्टी पर हों तो लॉन बॉलिंग जरूर खेलें।

# टोफू असली है या मिलावटी? जानिए फर्क करने के कुछ आसान तरीके

दूध से बने पनीर की तरह दिखने वाला टोफू सोयाबीन से बनाया जाता है और यह शाकाहारियों के लिए प्रोटीन का बेहतरीन स्त्रोत है। इसका सेवन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने में मदद कर सकता है। हालांकि, हाल ही में सोशल मीडिया पर यह चर्चा है कि बाजार में बिकने वाला अधिकांश टोफू नकली होता है।



असली और मिलावटी टोफू के बीच अंतर समझ पाना थोड़ा मुश्किल है। ऐसे में ये तरीके पहचान करने में आपकी मदद कर सकते हैं।

**असली और नकली टोफू में क्या है अंतर?**

असली टोफू सोयाबीन से बनाया जाता है और इसका रंग क्रीम होता है, जबकि नकली टोफू का रंग सफेद होता है। नकली टोफू बनाने के लिए सोयाबीन के अलावा कई तरह के रसायनों का इस्तेमाल किया जाता है।

असली टोफू को हाथ से तोड़ने पर फाड़ा जा सकता है, जबकि नकली टोफू को तोड़ने पर उसकी बनावट अलग लगती है।

असली टोफू की बनावट चिकनी होती है, जबकि नकली टोफू को हाथ से छूने पर खुरदरा महसूस होता है।

**असली टोफू की पहचान के लिए इन तरीकों का करें इस्तेमाल**

असली टोफू की पहचान के लिए सबसे पहले इसके लेबल को पढ़ें और देखें कि क्या उस पर सोयाबीन लिखा हुआ है। अगर आपके पास कोई टोफू है तो उसे हाथ से तोड़कर देखें। अगर वह आसानी से टूट जाता है तो समझ जाएं कि वह असली है। इसके अलावा असली टोफू का रंग क्रीम होता है, जबकि नकली टोफू का रंग सफेद होता है।

नकली और असली टोफू का स्वाद भी अलग होता है।

क्या नकली टोफू खाना सेहत के लिए है नुकसानदायक?

नकली टोफू में इस्तेमाल होने वाले रसायन सेहत पर बुरा असर डाल सकते हैं। इससे शरीर में हानिकारक तत्वों का स्तर बढ़ सकता है और कई बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है।नकली टोफू का सेवन करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कमजोर हो सकती है और पाचन तंत्र भी प्रभावित हो सकता है।

इसलिए, नकली टोफू का सेवन करने से बचें और असली टोफू को ही अपने खाने में शामिल करें।

**असली टोफू के फायदे**

असली टोफू प्रोटीन का बेहतरीन स्त्रोत है और यह फाइबर, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम और पोटेशियम जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है। यह दिल को स्वस्थ रखने, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने और कैंसर के जोखिम को कम करने में मदद कर सकता है।

असली टोफू का सेवन हड्डियों को मजबूत बनाने, पाचन को सुधारने और त्वचा को निखारने में भी सहायक है। इससे आपकी सेहत को कई लाभ मिल सकते हैं।

# काईट विश्वविद्यालय के वार्षिक दीक्षांत समारोह में 3,821 विद्यार्थियों को मिली उपाधियां

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट स्थित काईट मानद विश्वविद्यालय में शनिवार को आयोजित वार्षिक दीक्षांत समारोह-2026 में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (AKTU), लखनऊ के 2025 एवं 2026 बैच के 3,821 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों, पदक विजेताओं एवं विश्वविद्यालय रैंक धारकों को सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ अकादमिक शोभायात्रा से हुआ। इसके बाद ए.के.टी.यू. कुलगीत प्रस्तुत किया गया तथा काईट विश्वविद्यालय के निदेशक (शैक्षणिक) डॉ. आदेश कुमार पाण्डेय ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं गाज़ियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, कुलपति प्रो. नागराज रामराव, प्रोफेसर-वाइस चांसलर डॉ. मनोज गोयल तथा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (IET), लखनऊ के निदेशक प्रो. वीरेन्द्र पाठक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रो. पाठक ने ए.के.टी.यू.के कुलपति के प्रतिनिधि के रूप में विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान कीं। इस अवसर पर काईट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के गवर्निंग बोर्ड के सदस्य सुनील पी. गुप्ता, जी.डी. जैन, ए.एन. गुप्ता, नीरज चौधरी एवं राकेश गोयल भी मौजूद रहे। विश्वविद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कुलपति प्रो. नागराज रामराव ने कहा कि काईट ने एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज से विकसित होकर आज बहुविषयक मानद विश्वविद्यालय के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष बी.टेक., बी.फार्म., एमबीए, एमसीए, एम.फार्म. एवं एम.टेक. कार्यक्रमों के 3,821 विद्यार्थी स्नातक बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रम विकसित किया है तथा 10 से अधिक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए हैं। साथ ही आईबीएम, एलएंडटी, एसएपी, एवं ईवाई इंडिया जैसी अग्रणी कंपनियों के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। उन्होंने कहा,



"अंतरराष्ट्रीयकरण की दिशा में काईट ने पिछले दो वर्षों में नेपाल, मिस्र, ट्यूनीशिया, तुर्की, जॉर्डन और रूस से 12 अंतरराष्ट्रीय इंटर्न्स की मेजबानी की है। इससे न केवल विद्यार्थियों के सीखने के अनुभव समृद्ध हुए हैं, बल्कि विश्वविद्यालय की वैश्विक शैक्षणिक पहचान भी मजबूत हुई है और विभिन्न देशों के बीच सार्थक शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा मिला है।" प्रो. रामराव ने बताया कि पिछले दो वर्षों में विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने 1,356 शोध पत्र प्रकाशित किए हैं। इस दौरान 7 शिक्षकों को सी.वी. रमन पुरस्कार, 12 शिक्षकों को यंग द्रोणाचार्य पुरस्कार तथा 27 शिक्षकों को लॉन्ग सर्विस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने 1.78 करोड़ रुपये का सर्वोच्च अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट पैकेज प्राप्त किया। वहीं 2025 और 2026 बैच के विद्यार्थियों को माइक्रोसॉफ्ट, डेलॉयट, कैपजेमिनी, टीसीएसटेक, इन्फोसिस जैसी 350 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों से कुल मिलाकर 4600 प्लेसमेंट ऑफर मिले। उन्होंने विश्वविद्यालय के टेक्नोलॉजी बिजनेस इन्क्यूबेटर का उल्लेख करते हुए कहा कि यह स्टार्टअप्स को इन्क्यूबेशन, मेंटरशिप और वित्तीय सहयोग प्रदान कर नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा दे रहा है।

# नगर पालिका द्वारा गंग नहर पर बनाया जाएगा कंट्रोल रूम, कंट्रोल रूम में प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी रहेंगे तैनात

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



फोटो ईओ शैलेंद्र कुमार

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** नगरपालिका परिषद मुरादनगर के अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र कुमार ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गंग नहर पर नगरपालिका द्वारा कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। जिसमें प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी 24 घंटे तैनात रहेंगे। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए जा रहे हैं, साथ ही खाने-पीने की व्यवस्था के लिए लगाए जा रहे शिविरों की भी जांच की भी बारीकी से जांच की जारही है। शिविर संचालको व कावड़ मार्ग पर स्थित होटल संचालको को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं, ताकि पवित्रता वह शुद्धता का ध्यान रखा जा सके ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा मेरठ रोड पर सफाई व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा जा रहा है नगर पालिका परिषद के कर्मचारी पूरी तरह से साफ सफाई में लगे हुए हैं। जिसको लेकर उन्होंने कावड़ मार्गों का निरीक्षण भी किया है जहां-जहां कोई कमी देखी जा रही है उस कमी को पूरा कराया जा रहा है।

# कारगिल विजय दिवस पर सरस्वती बाल मंदिर में एनसीसी कैडेट्स ने किया पौधरोपण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रबूपुरा।** कारगिल विजय दिवस के पावन अवसर पर आज सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज, रबूपुरा में एनसीसी कैडेट्स द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'शहीदों के नाम एक पौधा' अभियान के अंतर्गत कैडेट्स ने परिसर में पौधरोपण कर कारगिल युद्ध के अमर बलिदानियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाचार्य पवन कुमार शर्मा एवं सेकंड ऑफिसर घासीराम के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य पवन कुमार शर्मा ने कैडेट्स और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए देश की रक्षा में प्राण न्योछावर करने वाले वीर जवानों के अदम्य साहस और बलिदान को याद किया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के माध्यम से हम न केवल पर्यावरण का संरक्षण कर रहे हैं, बल्कि इन पौधों के रूप में अपने देश के वीर शहीदों की स्मृतियों को सदैव जीवंत रख रहे हैं। सेकंड ऑफिसर घासीराम ने एन सी सी कैडेट्स के अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के जज्बे की सराहना की। पौधरोपण अभियान में NCC कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और लगाए गए पौधों की देखभाल एवं संरक्षण की जिम्मेदारी भी ली। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं कैडेट्स उपस्थित रहे तथा पूरा माहौल भारत माता की जय और देश भक्ति के जयकारों से गुंजायमान रहा।



# कांवड़ यात्रा को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मुरादनगर की बैठक का हुआ आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** नगर की जिला पंचायत मार्केट में स्थित उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मुरादनगर के कार्यालय में कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्व सम्मति से फैसला किया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मुरादनगर के तत्वाधान में शिव भक्त कांवड़ियों के लिए एक विशाल शिविर लगाया जाएगा, जिसमें उनके लिए जल ,पेय पदार्थ , फल , मेडिकल फर्स्ट ऐड की व्यवस्था की जाएगी।साथ में आकर्षित कांवड़ियों को उत्तरप्रदेश व्यापार मंडल की तरफ से सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा, और सभी कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की जाएगी । मुरादनगर व्यापार मंडल अध्यक्ष कुंवर शहजाद चौधरी ने कहा कि हर वर्ष लाखों भोले के भक्त पवित्र कांवड़ लेकर मुरादनगर से गुजरते हैं हमारा कर्तव्य बनता है कि उनकी सच्चे मन से श्रद्धा के साथ सेवा की जाए और ध्यान रखा जाए, उन्हें हमारे नगर में कोई असुविधा नहीं हो। हम सभी कार्यकर्ता पुलिस कांवड़ मित्र की तरह लगभग 10 दिन अपने पूरे व्यापार मंडल के साथ सड़कों पर तैनात रहेंगे और सकुशल सभी कांवड़ लाने वालों को सम्मान के साथ मुरादनगर की सीमा पार कराने में पुलिस प्रशासन की मदद करेंगे और असामाजिक तत्वों या संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना और तुरंत पुलिस अधिकारियों को सूचना देने का कार्य करेंगे जिससे किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। इस मीटिंग में कुंवर शहजाद चौधरी, त्रिवेंद्र गुप्ता, नितिन शर्मा, संजय सिंघल, सतीश जिंदल, सतीश गोयल, छोटे चौधरी, रमन तायल, सुमित गर्ग, उमेश अरोड़ा, जय भगवान सिंघल, अंकित गोयल, दीपक गोयल, सौरभ मित्तल, संदीप सिंघल आदि उपस्थित रहे।



## -पापड़ नगरी में गूंजने लगे बोल बम के जयकारे, हरिद्वार के लिए चलाई जायेगी 60 रोडवेज बसें:एआरएम

# जत्थों में कांवडियां जल लेने गौमुख,गंगौत्री रवाना

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** श्रावण मास की शिवरात्रि पर भगवान भोले शंकर को जलाभिषेक करने के लिए जत्थों में कांवडियां बोल बम बोल

**आगामी 11 अगस्त को मनाया जायेगा शिवरात्रि पर्व**

बम के जयकारों के साथ गौमुख गंगौत्री जल लाने के लिए रवाना हो रहे है। पापड़ नगरी में अब बोल बम,बम भोले बम के जयकारे गूंजने लगे है। जिलाधिकारी,पुलिस अधीक्षक कांवड मार्गो का निरीक्षण सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये है। वहीं परिवहन निगम द्वारा शिव भक्तों के लिए 60 रोडवेज बसें हरिद्वार के लिए चलाई जायेगी।

आपको बता दें कि श्रावण मास की शिवरात्रि पर्व आगामी 11 अगस्त को मनाया जायेगा। जिसे ध्यानार्थ रखते हुए कांवडियां शिवरात्रि पर्व भगवान आशुतोष का जलाभिषेक करने के लिए गंगा जल लेने बम भोले बम के जयकारों के साथ रोडवेज बस व अन्य वाहनों से गौमुख गंगौत्री रवाना हो रहे है। शिवरात्रि के निकट आते ही हरिद्वार जाने वाले शिव भक्तों की संख्या बढने लगेगी।





बुलन्दशहर रोड स्थित मोहल्ला राजीव विहार निवासी,भाजपा नेता,नामित सभासद महेश तोमर अपने साथियों के साथ शिवरात्रि पर भगवान भोले शंकर का जलाभिषेक करने के लिए गंगा जल लेकर गौमुख व गंगौत्री रवाना हो गये है। शिव भक्त महेश तोमर ने बताया कि वह गौमुख से गंगा जल लेकर सबसे पहले पैदल केदारनाथ पहुंचकर भोलेशंकर का जलाभिषेक करेंगे। रोडवेज के क्षेत्रीय सहायक प्रबन्धक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि शिवरात्रि पर हरिद्वार जाने वाले शिव भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। इसके लिए हरिद्वार के लिए 60 बसें चलाई जायेगी। रात्रि में हरिद्वार जाने के लिए रोडवेज बसे हापुड़ डिपो में तैयार खड़ी मिलेगी।

कांवड यात्रा का शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी कविता मीना व पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय सिंह द्वारा मुख्य शिव मंदिरों व कांवड मार्गो का निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश रहे है।

कांवड यात्रा शुरू होने से पूर्व सभी तैयारियों पूर्ण कर ली जाये,यात्रा के दौरान शिव भक्तों को किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

# राजकीय महिला पॉलिटेक्निक अरनिया बुलंदशहर में सिविल इंजीनियरिंग के लिए अतिथि व्याख्याता की भर्ती शुरू

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटरनोएडा (एन.जी.वर्मा)।** शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए राजकीय महिला पॉलिटेक्निक अरनिया, बुलंदशहर में अतिथि व्याख्याता (Guest Lecturer) के पद पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की गई है। यह भर्ती संस्थान के सिविल अभियंत्रण (Civil Engineering) पाठ्यक्रम में शिक्षण और प्रशिक्षण कार्य कराने के लिए की जा रही है।मिली जानकारी के अनुसार, यह पद पूर्णतः अस्थायी है। वर्तमान में यह राजकीय महिला पॉलिटेक्निक संस्थान खुर्जा स्थित सेठ गंगा सागर जटिया पॉलिटेक्निक परिसर से संचालित हो रहा है।इस पद के लिए इच्छुक और योग्य अभ्यर्थी संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट www.ggparnia.com पर जाकर विस्तृत नियम, शर्तें और

**आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है**

पात्रता संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। आवेदकों को सलाह दी गई है कि वे समय सीमा से पहले अपना आवेदन सुनिश्चित कर लें।

# पूर्व सांसद वीरांगना फूलन देवी के शहादत दिवस पर निषाद पार्टी के कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ता बिजेंद्र त्रिपाठी ने भारत रत्न देने की उठाई मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** निषाद पार्टी ने पूर्व सांसद वीरांगना फूलन देवी के शहादत दिवस पर सहकारिता भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने फूलन देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद , राजमाता मालती देवी , कार्यकारिणी अध्यक्ष डॉक्टर अमित निषाद , प्रदेश अध्यक्ष व्यास मुनि निषाद , बाबू राम निषाद रविंद्र मणि निषाद मौजूद रहे सहकारिता भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान निषाद पार्टी के कार्यकर्ता बिजेंद्र त्रिपाठी ने केंद्र सरकार से वीरांगना फूलन देवी को मरणोपरांत भारत रत्न देने की मांग की। उन्होंने कहा कि फूलन देवी ने समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर उठाया था, इसलिए उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर वक्ताओं ने फूलन देवी के सामाजिक और राजनीतिक योगदान को याद करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में निषाद पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में पार्टी नेताओं ने उनके सामाजिक और राजनीतिक योगदान को याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए।



# 31 मुकदमों वाला एक लाख का इनामी बदमाश एसटीएफ और पिलखुवा पुलिस के चढ़ा हत्थे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** एसटीएफ लखनऊ और पिलखुवा कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक लाख रुपये के इनामी शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पिछले वर्ष पिलखुवा क्षेत्र में हुई लूट की वारदात में वांछित था और लंबे समय से पुलिस गिरफ्त से बचता फिर रहा था। उसकी गिरफ्तारी राष्ट्रीय राजमार्ग-9 स्थित एलिवेटेड पुल के पिलर नंबर-20 के पास से की गई।

एडिशनल एसपी विनीत भटनागर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रोहित पुत्र बिजयपाल निवासी विकास नगर, खुर्जा (बुलंदशहर) है। 10 जून 2025 को पिलखुवा क्षेत्र में हुई लूट की घटना में पांच बदमाश शामिल थे। पुलिस इस मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी, जबकि रोहित फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर अपर पुलिस महानिदेशक, मेरठ जोन ने एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने बचने का प्रयास किया, जिसमें एसटीएफ लखनऊ के हेड कांस्टेबल कुलदीप सिंह घायल हो गए। उनका उपचार कराया गया और अब उनकी हालत सामान्य है। एडिशनल एसपी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ हापुड़, बुलंदशहर, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर और अलीगढ़ सहित कई जिलों में हत्या, लूट, डकैती, चोरी, धोखाधड़ी और गैंगस्टर एक्ट समेत कुल 31 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि फरार और इनामी अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।



## 135वॉ संस्करण

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने विभिन्न बूथों पर लाइव प्रसारण देखा व सुना

# प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम 135वॉ संस्करण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** रविवार को भाजपा के जनप्रतिनिधियों पदाधिकारियों, कार्यकताओं ने जिले में विभिन्न बूथों व

**पीएम ने हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने की अपील की**

अपने-अपने घरों में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के 136वें संस्करण का लाइव प्रसारण देखा व सुना। जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम ने देश कह जनता से हर घर तिरंगा अभियान से जुडने की अपील की।

आपको बता दें,कि रविवार को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात 136 वें संस्करण को देखने व सुनने के लिए भाजपा जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व कार्यकर्ता जिले में विभिन्न बूथों पर उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री ने कारगिल विजय दिवस पर देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजली दी,बड़े स्तर पर किये गये वृक्षरोपण की सराहना व आगामी स्वतंत्रता दिवस में मद्देनजर देश की जनता से हर घर तिरंगा अभियान से जुडने की अपील की।





प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम संपन्न होने के यूपी सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य मनोज वाल्मीकि ने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम सुनने व देखने से कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार होता है।

# धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर बोले अन्ना हजारे, कहा-लोकतंत्र में संवाद और अहिंसा ही सबसे बड़ी ताकत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और नीट पेपर लीक विवाद को लेकर चले छात्र आंदोलन के बीच समाजसेवी अन्ना हजारे की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि किसी भी विवाद या जनसमस्या का समाधान हिंसा से नहीं, बल्कि संवाद, धैर्य और शांतिपूर्ण आंदोलन से ही संभव है।



89 वर्षीय अन्ना हजारे ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक को अपनी बात रखने और विरोध दर्ज कराने का अधिकार है, लेकिन इसके लिए अहिंसा का मार्ग अपनाना आवश्यक है। उनका कहना था कि शांतिपूर्ण आंदोलन सरकार तक जनता की बात प्रभावी ढंग से पहुंचाने का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने विभिन्न जनहित के मुद्दों पर 22 बार अनशन किए, लेकिन कभी हिंसा का सहारा नहीं लिया।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया।
अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267